धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ






## न्यूज डायरी

### खपरैल मकान गिरने से सो रहे छह लोग दबे

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के जीमा पंचायत के टिको बंडा टोली में रविवार अहले सुबह करीब दो बजे गहरी नींद में सो रहे एक परिवार पर खपरैल मकान का छप्पर तथा दीवार गिर गया। इससे सभी छह ग्रामीण छप्पर तथा दीवार में दब गये। बड़ी मुश्किल से सभी को बाहर निकाल इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया, जहां से दो को रांची रिम्स तथा तीन को लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया।

### धनबाद : धमकाने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**धनबाद।** एनसीपीएल कंपनी के ठेकेदार से करोड़ों की रंगदारी मांगने वाले एक गिरोह के तीन अपराधियों को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, तीन सिक्सर, एक कट्टा और भारी मात्रा में गोली के अलावा एक पल्सर बाइक भी जब्त की है। तोपचांची में कंपनी ओवरब्रिज बना रही है।

### गोड्डा : शीतल नदी में डूबने से दो की मौत

**गोड्डा।** जिले के बसंतराय के शीतल नदी में डूबने से दो व्यक्ति की मौत हो गयी है। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उनके शवों को पानी से बाहर निकाला गया। ज्ञात हो कि मछली पकड़ने के दौरान हादसा हुआ।

### भारी बारिश से तोड़ाई नदी का जलस्तर बढ़ा

**पाकुड़।** जिले में भारी बारिश से तौड़ाई नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस कारण सड़क नदी में समा गयी। साथ ही इलाके के दो मकान भी धंसने के कगार पर हैं। बीडीओ ने लोगों को मकान खाली करने की अपील की है।

### राजस्थान में है करीबी लड़ाई : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के अच्छा प्रदर्शन करने का विश्वास जताते हुए रविवार को कहा कि अभी तक कांग्रेस निश्चित रूप से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत रही है। संभवत: वह तेलंगाना में भी जीत दर्ज करेगी और राजस्थान में बेहद करीबी मुकाबला हो सकता है।

### भरनो में सड़क हादसा दो की मौत, चार घायल

**गुमला।** जिले के भरनो प्रखंड के चट्टी रोड महुवाटोली के पास शाम एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एक ऑटो व बाइक में जोरदार टक्कर से ऑटो पलट गया। हादसे में बाइक सवार करंजटोली निवासी मोहन उरांव (28 वर्ष) व ऑटो में सवार सिलाफारी निवासी भोदो साहू (65) की मौत हो गयी। ऑटो में सवार तीन महिलाएं व बाइक में सवार एक अन्य युवक घायल हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## भादो कर एकादशी करम गड़ाय रे...



दीक्षांत मंडप मोरहाबादी में करम पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में नृत्य करते आदिवासी युवा और युवतियां

फोटो : समीर

### झारखंड समेत 11 राज्यों को 9 वंदे भारत की सौगात

# रांची-हावड़ा वंदे भारत को पीएम ने दिखायी हरी झंडी

- यह सशक्त होते भारत का परिचायक है : राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पीएम मोदी ने रविवार को अत्याधुनिक और सुविधाजनक माने जाने वाली एक और वंदे भारत (रांची-हाबड़ा) ट्रेन की रांची को सौगात दी। ट्रेन के शुभारंभ को ले कर रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। रांची से हावड़ा के लिए करीब 12:40 बजे ट्रेन को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन सशक्त होते भारत का परिचायक है। यह विकसित, आधुनिक होते देश की पहचान है। पीएम मोदी ने झारखंड समेत 11 राज्यों को 9 वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी, आनलाइन हरी झांडी दिखा कर रवाना किया। इनमें रांच-हावड़े वंदे भारत ट्रेन भी है।



रविवार को रांची से वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना करते राज्यपाल व अन्य।

**27 से नियमित परिचालन :** रांची से हावड़ा के लिए यह ट्रेन (ट्रेन संख्या 20898) हर दिन (मंगलवार को छोड़कर) सुबह 5:15 बजे रांची खुलेगी। रास्ते में 6 स्टेशनों मुरी, कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटा व खड़गपुर होते हुए 12:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं वापसी में हावड़ा से दोपहर 3.45 बजे खुलेगी और रात 10.50 बजे रांची पहुंचेगी। 27 सितंबर से यात्रियों के लिए यह ट्रेन नियमित रूप से चलेगी। झारखंड को पहली वंदे भारत ट्रेन तीन महीने पहले मिली थी, जो रांची-पटना के बीच चलती है।

**राज्यपाल ने बच्चों से की बात :** ट्रेन को रवाना करने से पूर्व राज्यपाल ने ट्रेन का जायजा लिया और ट्रेन में बैठे बच्चों और यात्रियों से बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। ट्रेन में बच्चों से बातचीत करने के दौरान राज्यपाल ने सभी बच्चों को टॉफियां भी बांटी। राज्यपाल ने कहा कि यह ट्रेन सेवा, विकसित, आधुनिक होते देश की पहचान है। स्टार्ट अप इंडिया का यह दिलचस्प उदाहरण भी है।

(शेष पेज 11 पर)

# चेंबर चुनाव में किशोर मंत्री गुट ने मारी बाजी

### 21 में से 19 प्रत्याशी जीते, ज्योति कुमारी को सर्वाधिक 1845 मत



जीत के बाद जश्न मनाते किशोर मंत्री गुट के सदस्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स 2023-24 के लिए हुए चुनाव में एक बार फिर किशोर मंत्री गुट ने बाजी मार ली है। किशोर मंत्री टीम के कुल 21 प्रत्याशियों में से 19 विजयी हुए। वहीं दूसरे गुट से नवजोत अलंग और रोहित अग्रवाल ने जीत दर्ज की। इससे पूर्व रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चैंबर चुनाव के लिए वोटिंग हुई। कुल 3900 मतदाताओं में 2173 ने वोट दिये। रविवार को सुबह 9 बजे से बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान मोरहाबादी में वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई जो शाम पांच बजे तक चली। वोटरों की सुविधा के लिए 20 काउंटर और 26 बूथ बने थे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के लिए 2 बूथ अलग से बनाये गये थे। चेंबर चुनाव में कुल 55% मतदान हुआ। वोटिंग के बाद मतगणना शुरू हुई। शुरू से ही किशोर मंत्री गुट का दबदबा रहा। चुनाव परिणाम की घोषणा चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया एवं पवन शर्मा ने की।

**अन्य उम्मीदवार :** विवेक अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, अनिष बुधिया, अमित किशोर अग्रवाल, विशाल पोद्दार, सुमित ककड़, शैलेन्द्र कुमार सुमन, पारस कुमार जैन, श्रवण कुमार, विनोद कुमार बक्शी, अनिष कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार, संजय कुमार सिंह, संतोष उरांव, सुनील कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार वर्मा, राजीव कुमार व शैलेश्वर दयाल सिंह।

### टॉप 21 उम्मीदवार

इस चुनाव में सबसे अधिक वोट किशोर मंत्री गुट की ज्योति कुमारी को (1845) मिले। इसके अतिरिक्त किशोर मंत्री टीम में आदित्य मलहोत्रा, अमित शर्मा, अनिल अग्रवाल, डॉ अभिषेक रामाधीन, किशोर मंत्री, नवीन कुमार अग्रवाल, परेश गठानी, प्रवीण लोहिया, राहुल साबो, राम बांगर, रोहित पोद्दार, साहित्या पवन, शैलेश अग्रवाल, संजय अखौरी, सुनील केडिया, सुनील कुमार सरावगी, विकास विजयर्गीय, विमल कुमार फोगला समेत कई प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नवजोत अलंग और रोहित अग्रवाल भी जीते।

### हॉकी में उज्बेकिस्तान को भारत ने 16-0 से रौंदा

**हांगझोऊ।** चीन के हांगझाऊ में चल रहे एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम ने जीत के साथ आगाज किया है। भारतीय हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराकर शानदार जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी ललित उपाध्याय, वरुण कुमार और मनदीप सिंह ने अपने शुरुआत के मैच में ही हैट्रिक भी लगायी। भारतीय टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है और उज्बेकिस्तान 66वें स्थान पर है। मैच में ललित ने (7वें, 24वें, 37वें, 53वें) मिनट में और वरुण ने (12वें) 36वें, 50वें, 52वें) में चार-चार गोल दागे। वहीं मनदीप ने (18वें, 27वें, 28वें मिनट) में तीन बार गोल किया।

## ऑस्ट्रेलिया शर्मसार, भारत की रिकॉर्डतोड़ जीत

### दूसरे वनडे के साथ सीरीज भी जीती

**इंदौर (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर (105) और शुबमन गिल (104) के शतक और आखिरी ओवरों में सूर्यकुमार यादव के तूफानी 72 नाबाद रन की बदौलत भारत ने रविवार को यहां दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 99 रनों से हरा कर तीन मैचों की सीरीज जीत ली। भारत ने पांच विकेट पर 50 ओवर में 399 रन खड़ा कर दिया था। बाद में बारिश के कारण 33 ओवर में मेहमान को जीत के लिए 317 का लक्ष्य दिया गया। आस्ट्रेलिया की 28.2 ओवर में 217 पर ही सिमट गयी। टीम इंडिया ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर रच दिया इतिहास। वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे महंगा 44वां ओवर रहा। कैमरून के इस ओवर में सूर्या ने उनकी 4 गेंदों पर 4 छक्के जड़े। भारत ने अपनी पारी में 18 छक्के जड़े। इसके साथ ही भारत ने वनडे इतिहास में 3000 छक्के भी पूरे कर लिये। अब तक किसी देश ने ऐसा नहीं किया है।

### मन की बात में बोले पीएम मोदी

# देश की विविधता का दर्शन करें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को लोगों से भारत की विविधता का दर्शन करने की अपील की और कहा कि इससे न सिर्फ लोग गौरवशाली इतिहास से परिचित होंगे बल्कि स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने का भी अहम माध्यम बनेंगे। आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 105 वीं कड़ी में पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक के होयसड़ा मंदिरों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है, उन्हें 13वीं शताब्दी के बेहतरीन वास्तुशिल्प के लिए जाना जाता है। इन मंदिरों को यूनेस्को मान्यता मिलना, मंदिर निर्माण की भारतीय परंपरा का भी सम्मान है। भारत में अब विश्व धरोहर संपदा की कुल संख्या 42 हो गयी है। पीएम ने कहा,मेरा आप सबसे आग्रह है कि जब भी आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएं तो ये प्रयास करें कि भारत की विविधता के दर्शन करें। आप अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को समझें, धरोहर स्थलों को देखें। इससे, आप अपने देश के गौरवशाली इतिहास से तो परिचित होंगे ही, स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने का भी आप अहम माध्यम बनेंगे। हमारे तो ज्यादातर देवी-देवताओं की सवारी ही पशु-पक्षी हैं। बहुत से लोग मंदिर जाते हैं, भगवान के दर्शन करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### कुड़मी समाज ने लगाया दोहरे मापदंड का आरोप

**रांची।** झारखंड का कुड़मी समाज अब राज्य सरकार को घेरे में लेते हुए सवाल पूछ रहा है। कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि जिस प्रकार से 20 सितंबर को राज्य सरकार ने पहले वार्ता के लिए आश्वासन दिया और बाद में पुलिस से लाठी चलवाई, ये ठीक नहीं है। राज्य सरकार कुड़मी समाज के साथ दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ वार्ता के लिए आश्वासन देती है, दूसरी तरफ लाठी चार्ज कर समाज के लोगों को घायल करती है। उन्होंने आदिवासी नेता और पूर्व विधायक गीता श्री उरांव के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से उन्होंने कुड़मी समाज को हड़काने और धमकाने का काम किया है।

# चलती ट्रेन में लाखों का डाका, फायरिंग, बदसलूकी

### लातेहार से चढ़े थे अपराधी, बरवाहीह से पहले चेन पुलिंग कर भाग निकले

- डालटनगंज स्टेशन पर यात्रियों का हंगामा, घंटों खड़ी रही ट्रेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार, मेदिनीनगर।** धनबाद रेल मंडल के सीआइसी सेक्शन के लातेहार-बरवाडीह स्टेशन के बीच डाउन जम्मूतवी एक्सप्रेस (18309) की एस-9 बोगी शनिवार की रात करीब 40 मिनट मिनट तक डकैतों के कब्जे में रही। इस दौरान हथियार के बल पर जमकर लूटपाट हुई। दहशत फैलाने के लिए आठ-दस राउंड फायरिंग की और कई यात्रियों से मारपीट भी की गयी। महिला यात्रियों से बदसलूकी भी की। कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। पूरी वारदात को अंजाम लातेहार से बरवाडीह स्टेशन के बीच दिया गया। लूटपाट के बाद नकाबपोश अपराधी छिपादोहर-बरवाडीह स्टेशन के बीच चेन पुलिंग कर उतर कर फरार हो गये। करीब 50 से अधिक यात्रियों से लूटपाट हुई। इनमें सेना का एक जवान और रांची के भी कई यात्री शिकार बने। (शेष पेज 11 पर)



### संबलपुर-जम्मूतवी में 40 मिनट तक लूटपाट

लूटपाट की घटना की खबर ऑन ड्यूटी टीटीइ एसी मुंडा ने मोबाइल (7903593994) से दी। ट्रेन के मार्गदर्शन ड्यूटी में तैनात आरक्षी सुनील कुमार ने बताया गया कि उक्त ट्रेन के एस 9 में इस तरह की घटना हुई है। घटना के बाद डालटनगंज स्टेशन में उतरकर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही कई वरीय अधिकारियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने स्टेशन पहुंच यात्रियों के हालचाल और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। ट्रेन लगभग साढ़े तीन घंटे तक डालटनगंज स्टेशन पर खड़ी रही। सुबह लगभग 3 .45 में ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। पुलिस द्वारा बोगी की तलाशी ली गयी तो उसमें गोली का खोखा बरामद किया गया।



### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने झामुमो प्रवक्ता के बयान पर किया पलटवार

# सत्ताधारी झामुमो आरोप लगाना बंद करे एसआइटी गठित कर जांच कराये : प्रदीप



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा है कि झामुमो हिट एंड रन वाली पॉलिसी अपना रही है। श्री सिन्हा रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले भी भाजपा झामुमो से कह चुकी है कि आरोप लगाने से अच्छा है कि किसी एजेंसी से हर आरोप का जांच कराइये। जनता को उसका रिपोर्ट सार्वजनिक कर बताइये कि गौ तस्करी का पैसा कौन-कौन खा रहा है। दरअसल, श्री सिन्हा झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के आरोपों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गो तस्कर से किसकी सहानुभूति है यह राज्य की जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि झामुमो बताये कि एक आदिवासी महिला दारोगा संध्या टोपनो जिसे गो तस्करों ने ट्रक से कुचल कर मार दिया और सरकार ने जांच का दिखावा करके इसकी लीपापोती का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि संध्या टोपनो की हत्या की जांच का जिम्मा मीरा सिंह जैसे दागी पुलिस अधिकारी को सौंपा गया, जो एक आदिवासी महिला से घूस लेने के आरोप में रंगे हाथ पकड़कर जेल भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि इसी से पता चलता है कि गो तस्करी का पैसा किस पार्टी और किस नेता के पास जाता है।

उन्होंने कहा कि झामुमो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा में उमड़ती भीड़ से परेशान है। इधर ईडी की जांच मुख्यमंत्री के खिलाफ सख्त हो रही है। झामुमो को अपनी हार सुनिश्चित दिखाई पड़ने लगी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अविलंब एस आई टी गठित करे और झामुमो की पोटली में जितने भी आरोप भाजपा के खिलाफ हैंए किसका किससे क्या संबंध है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं सह मीडिया प्रभारी तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

### चाईबासा में भाजपा की संकल्प सभा, केंद्र और झारखंड में सरकार बनाने का किया आह्वान

# भाजपा की सरकार बनने पर रोजगार होगी प्राथमिकता, निकलेगी बंपर बहाली : बाबूलाल

**राज्य की महागठंधन सरकार की नीतियों का किया विरोध, कहा- चौपट हो गयी विधि-व्यवस्था**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। श्री मरांडी रविवार को चाईबासा के गांधी मैदान में संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभा की भीड़ और उपस्थित लोगों का उत्साह बताता है कि 2024 में भाजपा भारी बहुमत से आने वाली है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गाँव, गरीब, किसान मजदूर, युवा और महिला के प्रति सरकार को किया समर्पित। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब घर से आते हैं इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने महिलाओं के कल्याण के लिए कई अहम फैसले लिये। अब महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाया। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉन्च किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ रुपये के बजट का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण जरूर किया। लेकिन, बड़े घरानों व पूँजीपतियों के लिये। प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खाते खुलवाकर एक एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने की प्रक्रिया आरंभ की। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस राजद की गोद में खेलते रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल-ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि 2024 में भाजपा की सरकार बनी तो बंपर बहाली निकलेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले पांच महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है। जिनमें से 9 व्यापारियों ने पुलिस को लिखकर जान माल की सुरक्षा की मांग के बावजूद हत्या हो गई। मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिये।

### राज्य के पुलिस महानिदेशक ने बोकारो रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# संगठित आपराधिक गिरोह, महिला अपराध और अवैध खनन व परिवहन पर हर हाल में लगायें रोक : डीजीपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/बोकारो।** राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बोकारो निवास सभागार में रविवार को बोकारो रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने धनबाद और बोकारो जिले के एसएसपी, एसपी को संगठित आपराधिक गिरोह और अवैध खनन पर लगाम लगाने को कहा। डीजीपी ने बोकारो रेंज में संगठित आपराधिक गिरोह, अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण, अवैध खनन, कोयला तस्करी और नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान पर भी चर्चा की। इसके अलावा डीजीपी ने हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण, दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज कांड और उसके निष्पादन पर चर्चा की। डीजीपी ने उन्होंने ड्रग्स (नारकोटिक्स) नेटवर्क और अवैध शराब व्यवसाय से जुड़े अपराधकर्मियों का पता करते हुए आखिरी संलिप्त अपराधकर्मी तक पहुंचकर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कोयला, आयरन, बालू और पत्थर के अवैध खनन पर पूर्णतः रोक लगाने और उसपर आवश्यक कार्रवाई करने के के भी निर्देश दिये।

**फरार अपराधियों के खिलाफ इनाम घोषित करें**

डीजीपी ने कहा कि झारखंड ने वैसे गैंगस्टरों पर हर संभव कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जो राज्य से बाहर या विदेशों से अपने गिरोहों का संचालन करते हुए रंगदारी वसूल रहे हैं। जेल से छूटे अपराधकर्मियों का बेल कैन्सिलेशन कराने, स्पीडी ट्रायल कर अपराधियों को सजा दिलाने और फरार अपराधकर्मियों के खिलाफ नियमानुसार पुरस्कार की घोषणा करने का निर्देश दिया।

**सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करें**

डीजीपी ने बस स्टैंड, टेम्पू स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों के आस-पास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिये, ताकि अपराधियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगे। छोटे-छोटे अपराधों पर भी लगाम लगाया जा सके। असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के गलत उपयोग को रोकने के लिए इस पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# जीपीएस से लैस होगा कैश वाहन गृह विभाग ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बैंक, एटीएम समेत अन्य एजेंसी के लिए नकदी लाने-ले जाने वाली कैश वैन की सुरक्षा के लिए वैन में जीपीएस सिस्टम लगाया जायेगा। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में नया निर्देश जारी किया गया है। निर्देश में कहा गया है कि प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी एक्ट 2005 के तहत रजिस्टर्ड सिक्योरिटी एजेंसी को ही बैंकों का कैश लाने-ले जाने के लिए नियुक्त किया जाना चाहिए। जो एजेंसी इस कानून के तहत पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें इसका कॉन्ट्रेक्ट नहीं मिलना चाहिए।

**इन-इन बिंदुओं पर चर्चा :** कैश वैन में सुरक्षा के सभी इंतजाम होने चाहिए। प्रत्येक कैश वैन में एक चालक, दो हथियारबंद सुरक्षा गार्ड और दो एटीएम अधिकारी होने अनिवार्य हैं। वैन कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन, केवाईसी तथा उनका पुराना रिकॉर्ड चेक किया जाना चाहिए। कैश वैन में जीपीएस होना अति आवश्यक है।

**कैश बॉक्स ढोने का काम नहीं करेंगे सुरक्षा गार्ड**



दिशा निर्देश में कहा गया है कि कैश वैन की सुरक्षा के लिए तैनात निजी गार्ड का केवल सुरक्षा उद्देश्य के लिए उपयोग किया जायेगा। उन्हें ड्यूटी के दौरान रुपये का बक्शा ढोने में शामिल नहीं किया जायेगा। जिससे उनका ध्यान सुरक्षा से हटे। कैश ढोने के लिए किसी निजी एजेंसी द्वारा बैंक के पैसे को ले जाने के लिए टैक्सी या किराये पर लिये गये वाहन का उपयोग नहीं किया जायेगा। कैश वैन में चालक के साथ एक गार्ड आगे बैठेगा और दूसरा कैश वैन के पिछले भाग में बैठेगा। रुपये के बक्से को लोड करने और उतारने, शौच, जलपान या भोजन करने के दौरान कम से कम एक सुरक्षा गार्ड कैश वैन में उपस्थित रहेगा। कैश वैन में एक बार में पांच करोड़ से अधिक रुपये नहीं ले जाना होगा। निजी एजेंसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि 10 लाख रुपये से अधिक ले जाने के लिए सुरक्षित कैश वैन का उपयोग किया जायेगा। सुरक्षा गार्ड को 12 बोर डीबीबीएल शॉटगन उपलब्ध करानी होगी।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज आयोजित होंगे कार्यक्रम



**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती दिवस सोमवार को है। इसे लेकर पार्टी मुख्यालय एवं महानगर कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। सोमवार को सुबह दस बजे बरियातु रोड रानी हॉस्पिटल के सामने दीनदयाल नगर में अवस्थित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाल जन्म जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल सहित पार्टी के कई गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे।


**AFFIDAVIT**

I BHAWNA, W/O KAMLESH KUMAR, R/O- AASHIRWAD, D/S ASHOK NAGAR, ROAD NO.1 DECLARE THAT VIDE AFFIDAVIT NO. 321/23/9/23, HAS CORRECTED MY NAME FROM BHAVABA KUMAR TO BHAWNA FOR ALL FUTURE PURPOSES.


### झारखंड राज्यपाल पदक, झारखंड पुलिस पदक और झारखंड मुख्यमंत्री पदक देने की प्रक्रिया में संशोधन

**विशेष परिस्थिति में तीन साल विलंब तक मिल सकेगा वीरता पुरस्कार**

**झारखंड में सीएस की जगह अब गृह सचिव होंगे समिति के अध्यक्ष**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड स्थापना दिवस (15 नवंबर) के दिन राज्य के पुलिस पदाधिकारियों, कर्मचारियों को झारखंड राज्यपाल पदक, झारखंड पुलिस पदक व झारखंड मुख्यमंत्री पदक देने की प्रक्रियाओं में संशोधन किया है। अब राज्य में गृह सचिव झारखंड की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग कमेटी इन पदकों को देने के प्रस्ताव पर विचार कर अनुशंसा करेंगे। इनमें डीजीपी झारखंड और महानिदेशक, एडीजे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सदस्य बनाया गया है। पहले मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमेटी गठित थी, जिसमें गृह सचिव व डीजीपी झारखंड सदस्य थे। इसे अब समाप्त कर गृह सचिव की अध्यक्षता में समिति बनायी गयी है। राज्य सरकार ने इसके अलावा एक और संशोधन किया है।

वर्तमान में तीनों पदकों के लिए अवधि गत वर्ष के पहली नवंबर से पुरस्कृत किये जाने वाले वर्ष के 31 अक्टूबर तक थी। अब गत वर्ष के पहली नवंबर से 31 अक्टूबर तक अवधि को रखा गया है, लेकिन विशेष परिस्थिति में वीरता के लिए झारखंड मुख्यमंत्री पदक संबंधी ऐसे प्रस्तावों पर भी समिति विचार कर सकेगी, जिसमें घटित होने वाली अवधि एक वर्ष से ज्यादा हो चुकी हो, परंतु कुल अवधि तीन वर्ष से अधिक न हुआ हो। हालांकि, इस तरह के प्रस्ताव पर डीजीपी को विलंब के कारणों को पूरी व्याख्या के साथ बताना होगा ओर इसकी स्पष्ट अनुशंसा करना होगा। इसके बाद समिति इस पर विचार कर निर्णय लेगी। मंत्रिपरिषद ने इस संबंध में छह सितंबर को ही फैसला लिया था। इसके बाद अब अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### आइएएस में प्रोन्नति को होने वाली बैठक फिर टली

**रांची।** झारखंड में राज्य गैर असैनिक सेवा के चार अफसरों का कैडर बदलेगा। इन्हें आइएएस कैडर मिलेगा। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए चार रिक्तियां आइएएस के लिए रखी है। झारखंड कार्मिक विभाग ने सभी विभागों से अधिकारियों के नाम मांगे थे। जानकारी अनुसार राज्य के विभिन्न विभागों ने अधिकारियों के नामों की अनुशंसा कर दी है। हालांकि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आइएएस में प्रमोशन देने के लिए होने वाली बैठक एक बार फिर टल गयी है। मालूम हो कि इसी माह पहले 15 सितंबर फिर 22 सितंबर को मीटिंग होनी थी, जिसमें नामों का स्क्रुटनी किया जाता, लेकिन बैठक नहीं होने से निर्णय नहीं हो पाया। अब कार्मिक विभाग नये सिरे से मीटिंग के लिए डेट तय करेगा। स्क्रीनिंग समिति 16 अधिकारियों के नामों का चयन कर यूपीएससी को अनुशंसा करेगी। इनमें कृषि सेवा, योजना सेवा, उर्जा सेवा, पथ निर्माण संवर्ग से इंजीनियर, पशुपालन सेवा सहित अन्य दूसरी सेवा के पदाधिकारियों के नाम हैं। राज्य सरकार के अनुशंसा के बाद यूपीएससी बोर्ड में इस संबंध में बैठक होगी।

# आजसू की राजनीति है जनता की समस्याओं पर चर्चा करना और सुलझाना : सुदेश कुमार महतो

**आमया के अध्यक्ष एस अली समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता आजसू पार्टी में हुए शामिल**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि जनता के सवालों, विषयों पर चर्चा के साथ सुलझाना और विकास ही आजसू पार्टी की राजनीति रही है। जबकि सत्तारूढ़ दलों का जनसरोकार से कोई लेना-देना नहीं, बल्कि सिर्फ वोट की राजनीति करना है। उन्होंने यह बातें हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में कही। मौके पर ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन (आमया) के अध्यक्ष शमीम अली के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष नाजिया परवीन समेत जेएमएम, कांग्रेस के कई नेताओं ने पार्टी का दामन थामा।

आजसू प्रमुख ने कहा कि अब राजनीति को नई परिभाषा के साथ गढ़ने के लिए अच्छे लोगों को एक प्लेटफार्म पर आना होगा। आज राजनीति में कुछ मुद्दों पर किसी खास समाज, वर्ग को उलझा कर उनके विकास को रोक दिया जाता है, हमारा उद्देश्य राज्य में सकारात्मक माहौल बनाना है। पार्टी में शामिल हुए शमीम अली का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अली ने हमारी पार्टी को परखा है। अब आजसू इनकी आवाज को अधिक लोगों तक पहुँचाने का मंच देगी।

**महत्वपूर्ण होगा महाधिवेशन :** आजसू प्रमुख ने कहा कि 29 सितंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय महाधिवेशन में पार्टी राज्य के सभी लोगों को विचार रखने और राज्य के हित में चर्चा करने का खुला मंच दे रही है। यह महाधिवेशन राज्य की राजनीति में एक ऐतिहासिक पड़ाव होगा।

**प्रभावित होकर शामिल हुए: अली :** पार्टी में जुड़े शमीम अली ने कहा कि झारखण्ड के वर्तमान और बेहतर भविष्य को लेकर सुदेश महतो और आजसू पार्टी की सोच से प्रभावित होकर अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हो रहा हूँ। आजसू ही राज्य के विकास का एक मात्र विकल्प है। मिलन समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद सदस्य आदिल आजिम, भारत कांशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता :** मो. जियाउद्दीन, नौशाद आलम, इमरान आलम, रहमतुल्लाह अंसारी, शाहिद अफरोज, आफताब आलम, शाहिद रजा, अब्दुल गफ्फार, शब्दुल मलिक, मो. जुबेर आलम, करण बेनुघर, संजय यादव, रंजीत सिंह, संदीप चौधरी, अश्विनी कुमार, रमेश नायक, मो. दानिश आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### झामुमो ने प. सिंहभूम और सरायकेला में संगठन मजबूत करने पर दिया बल

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक रविवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में हुई। बैठक में शामिल सदस्यों के साथ जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। साथ ही उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओं को पहुंचाने का निर्देश दिया गया। बैठक में केन्द्रीय मंत्री जोबा मांझी, विधायक सविता महतो, विधायक दीपक बिरुवा, विधायक समीर मोहंती तथा विधायक रामदास सोरेन उपस्थित हुए।

**आज गिरिडीह की बैठक :** सोमवार को बोकारो तथा गिरिडीह जिला समिति की विस्तारित बैठक (जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव सहित) रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में आयोजित की जाएगी।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 118वीं जयंती पर विशेष

# दीनदयाल के सपनों का भारत गढ़ रहे पीएम नरेंद्र मोदी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक संघर्षशील व्यक्तित्व, महामानव का दूसरा नाम है। जन्म से जीवन यात्रा के विराम तक संघर्षों की पराकाष्ठा। पहाड़ों से चढ़ते-उतरते झरनों की तरह निर्मल जल रूपी जीवन सामाजिक राजनीतिक जीवन की वैचारिक प्यास बुझाने में अद्वितीय श्रोत बना। भारतीय जनसंघ के प्रेरणा पुंज, महान चिंतक एवं लेखक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तरप्रदेश में मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी दीनदयाल में ईश्वर ने अद्वितीय प्रतिभा भरी थी। अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वे विद्यार्थी जीवन में भी यायावर बने रहे और अपने परिजनों की असामयिक मौत को बहुत नजदीक से देखा। स्नातकोत्तर तक की परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने परिवार की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप बड़े पदाधिकारी बनकर परिवार बसाकर गृहस्थी चलाने के विपरित एक अविवाहित सेवा व्रती के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचारक बनना स्वीकार किया। साम्यवाद, पूंजीवाद, समाजवाद के बीच जूझती दुनिया को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का संदेश दिया। उन्होंने अंत्योदय को विकसित राष्ट्र जीवन का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी को पहुंचाये



बिना सारे प्रयास अधूरे हैं। कोई महल तभी लंबे समय तक टिका रह सकता है जब उसकी नींव मजबूत हो। दीनदयाल के अंत्योदय और एकात्म मानववाद में विश्व बंधुत्व का ही भाव छुपा है, लेकिन राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना को जगाए बिना ये दोनों विचार अधूरे हैं। दीनदयाल ने व्यष्टि से समष्टि तक के चिंतन दिए। साम्यवाद की एकांगी विचारधारा कमाने वाला ही खायेगा को नकारते हुए उन्होंने कहा कमाने वाला खिलाएगा। यही भारतीय दर्शन है। क्या बच्चे, बुजुर्ग, दिव्यांग नहीं कमा सकते तो उन्हें भूखा छोड़ दिया जाये। उन्होंने विकास की पाश्चात्य अवधारणा को नकारते हुये देशी हुनर, ग्रामीण कुटीर उद्योगों को आत्मनिर्भर भारत की अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना।

जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा में दीनदयाल जी का विचार प्रकाश पुंज बना हुआ है। राष्ट्रीय एकात्मता के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर जिस सांगठनिक यान का प्रक्षेपण डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था उसे पूरी तरह धरातल पर उतारने का कार्य भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। इनके नेतृत्व में अंत्योदय, सांस्कृतिक, राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद तीनों साकार हो रहे हैं।

अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ती यह विकास यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की गलियों से गुजरना नही भूल रही। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण एकाशी विश्वनाथ का दिव्य स्वरूप, महाकाल कॉरिडोर निर्माण ने भारत के सांस्कृतिक गौरव को प्रतिष्ठित किया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी भारत की सनातन परंपरा 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' की अभिव्यक्ति है। विश्व मंच पर भारत की उपस्थिति अंगद के पांव की तरह जम गई है लेकिन भारत इस अहंकार में नही है।

कोरोना के विकट परिस्थितियों में भी भारत दुनिया का सहारा बना। गरीब देशों, जरूरतमंदों की सहयता की। जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता में भारत ने दुनिया को नई दिशा दी। एक पृथ्वी, एक परिवार की थीम ने विश्व बंधुत्व को मजबूत किया। भारत की आजादी के अमृत काल में तिरंगे की ताकत बहुत बढ़ी है लेकिन यह ताकत लोगों को डरा नहीं रही बल्कि सहारा दे रही है। क्रूर काल ने 11 फरवरी 1968 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय को हम सब से असमय में ही छीन लिया, लेकिन आज अपने प्रेरक विचार के रूप में वे जन जन में अमर हैं।

**शिवपूजन पाठक**
**(लेखक भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी हैं।)**

# धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के खिलाफ कार्रवाई करें एमडी : रानी कुमारी

**बोर्ड की मिली भगत से बेची गयीं दुकानें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने एक बार फिर मार्केटिंग बोर्ड के एमडी पर हमला बोला है। बोर्ड के एमडी को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर धनबाद बाजार समिति के भ्रष्ट प्रभारी सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह बोर्ड के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह इसकी शिकायत परिवर्तन निदेशालय (ईडी) से भी करेंगी।

प्रेस बयान जारी कर रानी कुमारी ने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड के पदाधिकारी पूरे मामले की लीपापोती करने में जुटे हुए हैं। परंतु राजद ऐसा नहीं होने देगा। धनबाद बाजार समिति के भ्रष्ट अफसर के कारण राज्य में सरकार की बदनामी हो रही है। उन्होंने बोर्ड की एमडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह आरोपी प्रभारी सचिव को बचाने में लगे हैं, तभी तो पत्राचार लिपिक को जांच के लिए भेजा था। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि बिना मार्केटिंग बोर्ड के आवंटन उप समिति के किसी भी तरह की दुकान, गोदाम या शैन्द्री शॉप का आवंटन नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके धनबाद बाजार समिति के प्रभारी भ्रष्ट पदाधिकारी ने दुकान बेच दी। इसके लिए न तो बोर्ड के आवंटन उप समिति के गठन की मांग की और न ही अखबारों में विज्ञापन दिया। पैसा कमाने की होड़ में भ्रष्ट अफसर ने नियम कानून को ताक पर रखकर दुकानें बेची। ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो वह बोर्ड के सामने धरना प्रदर्शन करेंगी।

# करम पूर्व संध्या पर त्योहार की महत्ता और पौराणिकता की दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति के तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह में रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप और अरगोड़ा मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। करम पर्व पूर्व संध्या पर अरगोड़ा मैदान में सांस्कृतिक संगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम करम अखरा का आयोजन हुआ। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के अंतिम दिन संगोष्ठी में पद्मश्री मुकुंद नायक, डॉ वंदना राय एवं डॉ शकुंतला मिश्रा ने वक्तव्य प्रस्तुत किये। जिसमें करम पर्व की महत्ता और पौराणिकता के बारे में बताया गया।

**विभिन्न दलों ने प्रस्तुत किया अनोखा नृत्य-संगीत :** संगोष्ठी के बाद विभिन्न दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें लक्ष्मी नाथ महतो एवं दल रांची के द्वारा नागपुरी गीत एवं जानकी देवी उनके दल के द्वारा नागपुरी कर्म नृत्य, झिरगा भगत एवं दल, रांची के द्वारा उरांव करम नृत्य गीत, सत्यव्रत ठाकुर एवं दल सिमडेगा के द्वारा राटा नृत्य एवं करम नृत्य, विनय प्रकाश मुंडा एवं दाल रांची के द्वारा मुंडारी करम गीत नृत्य, सुषमा नाग एवं दल गुमला के द्वारा कडसा करम नृत्य, बसंत खरवार एवं दल, लातेहार के द्वारा करम नृत्य, रामदास बिरहोर एवं दल लातेहार के द्वारा बिरहोर करम गीत नृत्य, प्रेमिका असुर एवं दल गुमला के द्वारा असुर करम गीत नृत्य एवं दीपक लोहार एवं दल रांची के द्वारा नागपुरी नृत्य, नाटिका सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में शैलजा बाला, कोरनीलुइस मिंज, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, महावीर नायक आदि शामिल हुए।

**43वां सरना फूल का हुआ विमोचन :** करम पूर्व संध्या में 48 पेज का सरना फुल पुस्तक का किया गया। कार्यक्रम से पूर्व दिवंगत डॉ करमा उरांव, प्रवीण उरांव, महेश भगत को श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर साधु उरांव,डॉ बंदे खलखो,जोरे भगत, विकास उरांव, सुखराम उरांव, लक्ष्मण उरांव,गणेश उरांव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।



### दीक्षांत मंडप में छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति

दीक्षांत मंडप में आयोजित पूर्व संध्या कार्यक्रम में 32 कॉलेज और छात्रावास के छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिसमें मुंडारी, कुड़ुख, हो भाषा में एकल और सामूहिक लोक गीत प्रस्तुत किये गए. करम गीत जनजातीय भाषाओं में मांदर के थाप पर नाचगान प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के वीसी अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि करम पर्व प्रकृति पर्व है। जनजातीय विभाग के विभागाध्यक्ष डा हरि उरांव ने कहा कि करम पूजा भाई बहनों का त्योहार है। यहां बहन अपने भाईयों के लिए प्रार्थना करती हैं। जवा उठाने का आदिवासी समाज में अंकुरन का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि अगर इंसान धरम करेगा तो अंहकार नहीं आएगा।

## खबर एक नजर में

### करम पर्व में बारिश के आसार

**रांची।** करम पर्व आज है। इस दिन रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में छिटपुट तथा हल्के व मध्य दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर 25 सितंबर तक रहेगा। उसके बाद धीरे-धीरे इसका प्रभाव कमजोर होगा। 29 सितंबर तक बारिश नहीं होगी। उसके बाद 30 सितंबर के बाद एकबार फिर बारिश होने की संभावना है। इधर पिछले चौबीस घंटों में मॉनसून की बारिश सामान्य रही।

### मंत्री बन्ना गुप्ता की जनसुनवाई आज

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी मुख्यालय कांग्रेस भवन रांची में सोमवार को पूर्वा. 11 बजे से अप. 1:00 बजे तक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम किया जयेगा। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि इच्छुक लोग अपनी समस्या के समाधान के लिए समय पर पहुंचकर अपना निबंधन करा लें।

### उपायुक्त ने रांची पुलिस से मांगा अतिरिक्त बल

**रांची।** रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रांची पुलिस से अतिरिक्त फोर्स मांगा है। यह फोर्स उत्पाद विभाग के द्वारा की गयी छापेमारी में सहयोग करेंगे। उपायुक्त ने कहा है कि उत्पाद एवं मद्य निषेघ विभाग राज्य सरकार के राजस्व का स्त्रोत है। राजस्व की दृष्टि से रांची जिला एक महत्वपूर्ण जिला है। जिसका वार्षिक राजस्व 428 करोड़ रूपए निर्धारित है। उपायुक्त ने कहा कि रांची जिला में उत्पाद विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में उत्पाद बल तथा संसाधन की कमी है। खुदरा उत्पाद दुकानों में बिक्री बढ़ाने और अवैध शराब के विक्रेताओं के विरूद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त साथ ही साथ जेएसबीसीएल द्वारा संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में मिलावटी, अवैध और एमआरपी की शिकायत प्राप्त होने पर नियम के अनुसार करने के लिए सूचित करने का निर्देश दिया है।

### दिवंगत पत्रकार अमित मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब में दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** दिवंगत पत्रकार अमित मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर द रांची प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। वहीं अमित मिश्रा के पत्रकारिता में योगदान को याद किया गया। बता दें कि अमित अपनी पीढ़ी के छठे पत्रकार थे, जिन्होंने बिहार-झारखंड में अपनी पत्रकारिता के माध्यम से अमिट छाप छोड़ी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उनके साथ बिताए गए पलों को पत्रकार साथियों ने याद किया। श्रद्धांजलि सभा में द रांची प्रेस क्लब के सचिव अभिषेक सिन्हा, नवीन कुमार मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य संजय रंजन, राकेश कुमार, भरत भूषण प्रसाद, शंभू कुमार चौधरी, कुमार गौरव, निलय सिंह, अक्षय तिवारी, सुरेंद्र सोरेन, सन्नी शरद, अरविंद कुमार गुप्ता, कुबेर सिंह समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# रांची से दूसरा वंदे भारत एक्सप्रेस हावड़ा के लिए शुरू, स्कूली बच्चों ने की यात्रा, सबने इसे सराहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से दूसरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रविवार को हावड़ा के लिए रवाना हुआ। रांची से हावड़ा को चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन किया। इस मौके पर रांची रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। इनके अलावा कला-खेलकूद एवं सांस्कृतिक मंत्री हफीजुल हसन सहित सांसद, विधायक, रेलवे अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने वंदे भारत ट्रेन की सराहना की।

**स्कूली बच्चों ने की यात्रा :** रांची से हावड़ा के लिए रवाना हुई ट्रेन में सेंट्रल एकेडमी बरियातू, एनएसएस और एनसीसी के कैडेट्स ने भी यात्रा की। ट्रेन में बैठे बच्चे मुस्कुराते दिखे। रेलवे के अधिकारियों ने बच्चों के बीच चॉकलेट भी बांटे। वहीं कई बच्चे आत्मनिर्भर भारत का प्रतिनिधित्व करती पेंटिंग्स भी बना रखी थी।



### मुस्कान वंदे भारत की...



**सप्ताह में छह दिन चलेगी वंदे भारत ट्रेन :** सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि ट्रेन का सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा। ट्रेन मंगलवार को छोड़ कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन संख्या 20898 रांची से सुबह 5.15 बजे खुलेगी व मुरी, कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटा व खड़गपुर होते हुए हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, हावड़ा से ट्रेन संख्या 20897 दोपहर 3.45 बजे खुलेगी और रात 10.50 बजे रांची पहुंचेगी।

### विभिन्न स्टेशनों के लिए ट्रेन का किराया

| स्टेशन | कैटरिंग-इसी | बिना कैटरिंग | कैटरिंग-सीसी | बिना कैटरिंग |
|---|---|---|---|---|
| रांची-हावड़ा | 2200 | 2045 | 1155 | 1030 |
| मुरी- हावड़ा | 1980 | 1825 | 1040 | 920 |
| कोटशिला-हावड़ा | 1915 | 1760 | 1010 | 890 |
| पुरुलिया-हावड़ा | 1790 | 1635 | 955 | 830 |
| चांडिल-हावड़ा | 1640 | 1485 | 875 | 755 |
| टाटा-हावड़ा | 1510 | 1355 | 810 | 685 |
| खड़गपुर-हावड़ा | 1055 | 900 | 585 | 460 |
| रांची-पुरुलिया | 1070 | 915 | 590 | 470 |
| रांची-टाटा | 1390 | 1235 | 750 | 625 |
| रांची-खड़गपुर | 1825 | 1670 | 960 | 840 |





### वंदे भारत हमारा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला, किराया कम हो : महुआ माजी

सांसद महुआ माजी ने कहा कि आज बदलते तकनीक और समय के साथ ट्रेन सेवाओं में भी बदलाव महत्वपूर्ण है। हर कोई आगे बढ़ना चाहता है। ऐसे में वंदे भारत ट्रेन हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है। कम समय में निर्धारित डेस्टिनेशन पर हम पहुंच सकते हैं। महुआ ने अपील करते कहा कि वंदे भारत ट्रेन सेवा में किराये को कम करने से अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच संभव हो सकेगी। वंदे भारत ट्रेन के अलावा जो अन्य ट्रेन सेवाएं हैं, उसे समय पर चलाने को लेकर भी बात हो।

### गरीब, किसानों का भी रखें ध्यान : हफीजुल

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि लंबी दूरियों के अलावा छोटी दूरियों वाले गाड़ियों और यात्री सुविधाओं पर भी और ध्यान देना चाहिए। लोकल ट्रेन लेट होने की धारणा क्यों बन गयी है, इसे देखने की जरूरत है। वंदे भारत ट्रेन सेवा सराहनीय है पर गरीबों, किसानों के लिहाज से भी ट्रेन सुविधाओं को देखने और बेहतर सेवा देने की जरूरत है।

**रांची से बनारस और पुरी के लिए भी वंदे भारत ट्रेन सेवा के लिए प्रयासरत हूं : संजय सेठ**

सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची से बनारस और पुरी के लिए भी वंदे भारत ट्रेन सेवा के लिए वे प्रयासरत हैं। दक्षिण के राज्यों के लिए अंत्योदय ट्रेन सेवा का प्रयास जारी है। सांसद ने उम्मीद जताते कहा कि अगले वर्ष के मार्च महीने तक रांची रेलवे स्टेशन के एक ओर का पुनर्निर्माण संबंधी कार्य हो जाएगा। 2025 के आखिर तक 490 करोड़ की लागत से रांची स्टेशन को नया रूप देने का भी काम पूरा हो जाएगा।

**देश बदल रहा है : समीर उरांव**

सांसद समीर उरांव ने मौके पर कहा कि देश अब बदल रहा है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। वंदे भारत ट्रेन सेवा के जरिये आत्मनिर्भर, स्वावलम्बी भारत के अनुभव को महसूस किया जा सकता है।

**अब कम समय में पूरी होगी सुखद यात्रा: आदित्य साहु**

सांसद आदित्य साहु के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी समाज के सबसे पिछड़े पायदान से उठकर आए हैं। इसलिए वे समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में भी सोचते हैं और कदम उठाते आए हैं। वंदे भारत ट्रेन सेवा का बड़ा लाभ पीएम मोदी ने झारखंड को दिया है। यात्री कम समय में रांची से हावड़ा की यात्रा कर सकेंगे।

# झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में मतदाताओं में दिखा उत्साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के व्यवसायियों और उद्योगपतियों की सबसे बड़ी संस्था फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नई कार्यकारिणी चुनने के लिए रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रांगण में मतदान का कार्य रविवार की शाम पांच बजे संपन्न हो गया। इस बार निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्वक मतदान की प्रक्रिया पूरी हो इसके लिए ऑनलाइन मतदान और उसके बाद मिली पर्ची को मतदान पेटी में डालने की व्यवस्था की गई थी। मतदान करने आने वाले वोटरों की सुविधा के लिए 20 काउंटर और 26 बूथ बनाए गए थे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 2 बूथ अलग से बनाए गए थे।

**मतदाता करेंगे 21 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन :** चुनाव के लिए बनाए गए 14 सदस्यीय इलेक्शन कमेटी के सदस्य राजीव सहाय ने बताया कि राज्य भर के 3798 व्यवसायी और उद्योगपति चैंबर चुनाव के वोटर हैं, जो 21 सदस्यीय नई कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव करने के लिए मतदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 39 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनमें से सर्वाधिक मत पाने वाले ऊपर के 21 उम्मीदवार विजयी घोषित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि चैंबर की नियमावली में कोई भी टीम बनाकर चुनाव लड़ने की व्यवस्था नहीं है। सभी प्रत्याशी व्यक्तिगत चुनाव लड़ रहे हैं। जो 21 विजयी उम्मीदवार होंगे, वो आपस में बैठक कर नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे।



**टीम बनाकर चुनाव लड़ने की रही है परंपरा :** फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में भले ही टीम बनाकर मैदान में उतरने की व्यवस्था नहीं हो, लेकिन चैंबर चुनाव में अलग अलग टीम बनाकर अनौपचारिक रूप से प्रत्याशी मैदान में उतरते रहते हैं। ऐसे में जिस टीम के अधिक सदस्य कार्यकारिणी चुनाव में बनते हैं, उनका ही वर्चस्व नई कार्यकारिणी में रहता है। इस बार भी टीम किशोर और टीम शैलेंद्र के साथ छह सदस्यों की एक अलग टीम निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरी है।

### रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने डाला वोट

**रांची।** राज्य के व्यवसायियों और उद्योगपतियों की सबसे बड़ी संस्था फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नई कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को हुआ। चुनाव में मतदान करने के लिए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के निर्वाचित सदस्यों ने उत्साह के साथ अपना मतदान किया। मतदान करनेवालों में अमित कुमार सिन्हा, विनय अग्रवाल, मनोज चतुर्वेदी, नंद किशोर प्रसाद, विजय मेवाड़, कमल बगाड़ीया, जेके शर्मा सहित 53 लोगों ने मतदान किया।




**मतदान को लेकर उम्मीदवारों-वोटरों में था उत्साह :** चैंबर चुनाव के लिए हो रही वोटिंग के दौरान मतदाताओं भारी उत्साह था। बीमार वोटर ट्राय साइकिल पर भी वोटिंग के लिए पहुंच रहे थे। वहीं दूसरी ओर उम्मीदवार वोटरों को अपने पक्ष में करने की कोशिश में अंतिम समय तक प्रयास करते देखे गये।

# आंदोलनकारियों को बिना शर्त के रिहा करे सरकार : ओहदार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टोटेमिक कुडमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने रेल टेका आंदोलनकारियों को रिहा करने की मांग की है। उन्होंने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 20 सितंबर को कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर विभिन्न रेलवे स्टेशनों में रेल टेका आंदोलन किया गया था, जिसमें हजारों हजार कुडमी समाज के लोग शामिल हुए थे लेकिन एक सोची समझी साजिश के तहत कुड़मी आंदोलन को दबाने के लिए घाघरा (मनोहरपुर) में रात के अंधेरे में आंदोलनरत युवाओं और महिलाओं पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया तथा दर्जनों निर्दोष आंदोनकारियों पर कई आपराधिक धारा लगाकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जिसकी कुड़मी समाज घोर निंदा करता है। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते कहा कि बिना शर्त अविलंब कुडमी आंदोलनकारियों को रिहा करें, नहीं तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में भी मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में केंद्रीय प्रधान महासचिव रामपोदो महतो, सखिचन्द महतो, दानी महतो, सुषमा देवी, सोनालाल महतो, रावंती देवी आदि लोग शामिल थे।

# जिंदा रहने के लिए मनुष्य को हवा की आवश्यकता होती है...

**करम पर्व पर विशेष..**



जिंदा रहने के लिए मनुष्य को हवा की आवश्यकता होती है और हवा वृक्षों से मिलती है। इन्हीं वृक्षों को आदिवासी समाज पूजते हैं और पर्यावरण की रक्षा भी समाज के हाथों ही होता है। करम डाली काटकर उसे देवी मंडप ढोकर पहुंचते हैं उसके बाद अखरा पहुंचे हैं और गांव के महतो को, गीत गा कर कहते हैं- करम गाइड दे रे महतो...। अखड़ा को रंग बिरंगे फूल पत्ती से सजाते हैं। पूजा आरंभ होने पर उपवास पर रहे लड़का-लड़की करम दउरा या थाली में पूजा सामग्री लेकर पहुंचे हैं। उसमें तेल, सिंदूर, धूप, दिया, खीरा, पकावन आदि कहानी सुनाया जाता है, पूजा सामग्री पुआ पकवान से थाली सजी रहती है। दीपक के तेल लौ को पेचकी के पत्ते से ढंक कर और भेलवा, सखुआ आदि लाकर खड़ा कर दिया जाता है। आस्था के बाद सूकून भरे पल में लोग शालीनता पूर्वक पूर्वजो की कहानी सुनते है। आदिवासी का प्रमुख एवं महान प्राकृति पर्व करम है। प्राकृति संरक्षण के साथ धर्म और अधर्म के बीच की दूरियों को बताने वाला पर्व है। इस त्योहार को आदिवासी मानता है। इस त्योहार में सदान वर्ग के लोग शामिल होते हैं। आदिवासियों का जीवन ही लगन, परिश्रम और ईमानदारी से कार्य करना और समय-समय पर उल्लास को नृत्य-गीत के मध्यम से व्यक्त करना है।

**शिवा कच्छप**
**लेखक केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष हैं।**

## फर्जी एकाउंट खोल कर करोड़ों की ठगी करनेवालों में पूर्व एसडीओ का बेटा भी शामिल

# लॉटरी के नाम पर 1.12 करोड़ की ठगी करने वाले चार साइबर ठग गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने केरल पुलिस के सहयोग से फर्जी एकाउंट खोलकर करोड़ों रूपये की साइबर ठगी के गैंग का पर्दाफाश किया है। रांची पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इरगूटोली में एक साल से किराये पर रह रहे चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य फर्जी कागजात के आधार पर विभिन्न बैंक में एकाउंट खोलते हैं। इस एवज में उन्हें गिरोह से 20 हजार रुपये मिलता है। इसके बाद गिरोह के सदस्यों द्वारा लॉटरी समेत अन्य तरह का झांसा देकर लोगों को ठगी की राशि उस खाते में डालते हैं। जिसे एटीएम कार्ड के माध्यम से निकासी कर संबंधित साइबर ठग तक वे पहुंचा देते हैं। इस एवज में उन्हें अलग से कमीशन भी मिलता है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के नवादा जिले का रहने वाला ज्योतिष कुमार, मोहन कुमार, अजीत कुमार रांची के इरगु टोली का रहने वाला नीरज कुमार शामिल है। नीरज के पिता बिजली विभाग में एसडीओ के पद पर कार्य कर चुके हैं। पुलिस ने इनलोगों के पास से 85 एटीएम कार्ड, 18 बैंक पासबुक, 23 मोबाइल, 1.39 लाख नकद, तीन बाइक, दो कार समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। जब्त एक बाइक की कीमत बाजार में दो लाख 95 हजार रूपये है।



### इस तरह से ठगे 1.12 करोड़ रुपये

एनार्कुलम की रहने वाली शोभा मेनन से साइबर अपराधियों ने डेढ़ करोड़ रुपये की लॉटरी निकलने का झांसा दिया। इसके एवज में साइबर ठगों ने विभिन्न तरह से उनसे 1.12 करोड़ रुपये खाते से उड़ा लिये। इस संबंध में शोभा ने एनार्कुलम थाने में 26 जुलाई 2023 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इछके आधार पर एनार्कुलम पुलिस रांची सुखदेवनगर थाना पहुंची। इसके बाद छापेमारी अभियान चलाकर चारों आरोपियों को पकड़ा। अपराधियों ने कहा कि ऑन लाइन ठगी करने के मामले में गिरोह का सरगना मूल रूप से बिहार का रहनेवाला है। इस गिरोह में देश भर के कई राज्यों में ठग मौजूद हैं।

### नवादा में ली थी साइबर ठगी की ट्रेनिंग

**70 से 75 लाख का होता था ट्रांजेक्शन**

बिहार के नवादा में बैठे सरगना रांची में गुर्गे भेजकर ठगी करवाता था। वारीसलीगंज निवासी ज्योतिष कुमार, मोहन कुमार और अजीत कुमार एक वर्ष से राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित विघानगर में किराये के मकान में रह रहा था। आरोपी वारीसलीगंज में ही साईबर ठगी की ट्रैनिग ली थी। आरोपी हर महीने रांची में 70 से 75 लाख का ट्रांजेक्शन करता था। आरोपी लोगो को लॉटरी का लालच देकर ठगी करता था। आरोपी लॉटरी में लगे छोटे रकम भेजता भी था। फिर कुछ दिन बाद दुबारा लॉटरी का झांसा देकर ठगी करता था। गिरोह का सरगना करीब चार दर्जन लोगो का एक टीम बनाकर बिहार झारखंड सहित अन्य राज्यो में ठगी करता है।

### संगठित तरीके से देता है घटना को अंजाम

बिहार के नवादा स्थित वारीसलीगंज में बैठे सरगना संगठित तरीके से घटना को अंजाम देता है। इसके लिए करीब 50 लोगो का एक टीम बना रखा है। जो बिहार, झारखंड सहित अन्य राज्यो में साईबर ठगी की घटना को अंजाम देता है। गिरोह के लोगों को अलग अलग काम सौपा गया है। कॉल करके झांसे में लेने, बैंक एकाउंट खोलने, पैसा निकालने, जमा करने के लिए अलग अलग लोगों को रखा गया है, इसके लिए सबकी हिस्सेदारी तय है।

# युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव सह ओड़िशा प्रभारी विशु विशाल का निधन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव और ओडिशा के प्रभारी युवा नेता विशु विशाल का रिम्स में इलाज के दौरान रविवार को निधन हो गया। विशु विशाल का इलाज रिम्स के मेडिसीन आईसीयू में चल रहा था। बुखार और पेट में दर्द की शिकायत के बाद उनका इलाज सेवा सदन रांची, सदर अस्पताल रांची में कराने के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर 22 सितंबर को रिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां रिम्स के आईसीयू में रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन के बाद रविवार को ही उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में कर दिया गया।



**राजद और झारखंड ने एक उभरता हुआ जुझारू नेता खो दिया :** विशु विशाल उर्फ रैली के निधन की खबर मिलते ही प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं का रांची पहुंचना शुरू हो गया। विशु विशाल के अपर बाजार स्थित पैतृक आवास पहुंचे प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों से कहा कि यह ना सिर्फ पार्टी की, बल्कि उनकी व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा कि विशु हम सब के प्यारे, सब के अजीज थे। समाज और पिछड़े-दलितों और जरूरतमंदों के लिए कुछ कर गुजरने की उनकी सोच की वजह से ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने उन्हें ओडिशा युवा राजद का प्रभारी बनाया था। बताते चलें कि विशु विशाल ने पूर्व में पत्रकारिता के क्षेत्र में भी काम किया था।

**विशु के निधन से राजद परिवार मर्माहत :** झारखंड युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद कहा कि उनके असामयिक निधन से पूरा राजद परिवार मर्माहत और दुखी है। हम सबों ने एक तेज तर्रार और युवा नेता खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख के विकट समय में ईश्वर उनके समस्त परिवार को और चाहने वालों को दुख सहने की शक्ति दें।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड प्रभारी ने शोक व्यक्त किया

विशु विशाल के निधन पर राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घूरन राम, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कल्पना देवी, श्यामदास सिंह, अनीता यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, रामकुमार यादव, हरदेव साहू, घनश्याम चौधरी, चंद्रशेखर भगत, साहिल साहनी, विनोद भोक्ता सहित बड़ी संख्या के राजद नेताओं ने शोक प्रकट किया है। बताते चलें कि दिवंगत युवा राजद नेता विशु विशाल के पिता राजेश यादव पुराने समाजवादी नेता हैं। लोकदल, जनता दल और फिर झारखंड राष्ट्रीय जनता दल कई पदों पर रहे हैं। पूर्व के प्रदेश राजद उपाध्यक्ष रहे राजेश यादव को कुछ दिन पहले ही प. सिंहभूम का प्रभारी भी बनाया गया था।

# बाल उत्पीड़न को खत्म करने के लिए जागरूकता जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय के 3-झारखंड बटालियन गर्ल्स विंग एनसीसी के द्वारा बाल उत्पीड़न विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार थे। एनसीसी की सहायक प्राध्यापिका सह केयर टेकर ऑफिसर डॉ. बहालेन होरो के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ और यूनेस्को के द्वारा बाल उत्पीड़न को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बाल उत्पीड़न को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इसका एक प्रयास आज के संगोष्ठी से किया जा रहा है।

**बच्चों को समय नहीं देना भी बाल उत्पीड़न :** प्राचार्य ने बताया कि कैसे बाल उत्पीड़न को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने बच्चों को समय नहीं देते तो वह भी एक प्रकार से बाल उत्पीड़न हैं। गरीब बच्चे अधिकतर इसके शिकार होते हैं। माता-पिता जबरन उनसे कार्य करवाते है। उन्होंने कहा कि लोगों को इसके बारे जागरूक करना होगा चूंकि बच्चे ही हमारा भविष्य है। अगर वो सुरक्षित होंगे तो आनेवाला हमारा पूरा समाज विकास के पथ पर अग्रसर होगा। इस दौरान एनसीसी के महिला कैडेट्स की ओर से भाषण और नाटक भी प्रस्तुत किया गया।



### इन्होंने रखे अपने विचार

कार्यक्रम में प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ तरुण चक्रवर्ती, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार, ब्रूसर रोनाल्ड पंकज, डॉ मेजर महेश्वर सारंगी, सहायक प्राध्यापक राहुल कुमार, सहायक प्राध्यापक सह एनसीसी छात्र विंग के केयर टेकर ऑफिसर डॉ अवध बिहारी महतो एवं सहायक प्राध्यापिका रजिया ने भी अपने विचार रखे।

# भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की हुई बैठक



**रांची।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की राज्य स्तरीय बैठक नामकुम स्थित आचार्यकुलम शिक्षण संस्थान में रविवार को हुई। बैठक में मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान 12 जिला से आये 500 कार्यकताओं को कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के अंतर्गत स्वामी रामदेव का आशीर्वचन प्राप्त हुई। सभा को स्वामी जी ने कहा कि आज की इस विषम परिस्थिति में मानव को सुखी संपन्नता पूर्वक जीवन निर्वाह करने के लिये योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी ही एकमात्र सहारा है। जन जन तक हर गांव तक योग को पहुंचाने की जरूरत है। राकेश कुमार ने कहा कि सबसे बड़ा कार्य लोगों को स्वस्थ प्रदान करना है और स्वस्थ प्रदान करने के लिए सबसे उत्तम माध्यम योग है। कार्यक्रम का संचालन भारत स्वाभीमान के राज्य प्रभारी रामजीवन ने किया। इस अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी सुधा झा, करम कोइरी, रास बिहारी, छवि विरमानी, सतीश, लाला लक्ष्मी लाल, ईश्वर चंद्र, रंजना, बिरेंद्र, रतन, जन्मेजय, सुरेश, रणधीर, गंगा सहित कई गण मान्य उपस्थित थे।

# यूजी रिजल्ट आये बिना पीजी में एडमिशन प्रॉसेस शुरू

● चांसलर पोर्टल : राज्य के अन्य विवि में आ चुका है स्नातक का रिजल्ट, रांची विवि का सेशन एक बार फिर लेट

● डीएसपीएमयू में पीजी के 2640 सीटों पर एडमिशन के लिए जमा हो रहे आवेदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य का प्रिमियर और सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी में स्नातक सेशन फिर लेट चल रहा है। वहीं डीएसपीएमयू, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग समेत अन्य विश्वविद्यालयों में स्नातक के रिजल्ट घोषित किए जा चुके हैं। वहीं आरयू में स्नातक परीक्षा में शामिल स्टूडेंट्स को रिजल्ट घोषित होने का इंतजार है। स्नातक का परिणाम नहीं आने के बाद भी आरयू प्रशासन द्वारा पीजी कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम में एडमिशन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आरयू प्रशासन द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि स्नातक फाइनल यानि सिक्स सेमेस्टर का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद तक पीजी में एडमिशन के लिए चांसलर पोर्टल ओपन रहेगा। एडमिशन प्रोसेस पर नजर रख रहे शिक्षकों का कहना है कि इसका एक ही मकसद है कि दूसरे विवि के पास आउट स्टूडेंट्स पीजी के लिए आवेदन कर सकें। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सो में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा रहा है।




रांची यूनिवर्सिटी में पीजी स्तरीय कोर्सों में एडमिशन प्रोसेस शुरू कर दिया गया है। स्नातक का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद तक स्टूडेंट्स ऑनलाइन फार्म जमा कर सकेंगे

**डॉ. सुदेश कुमार साहू**

डीएसडब्ल्यू आरयू डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में स्नातक का रिजल्ट आने के साथ पीजी कोर्सों में एडमिशन शुरू हो गया है। सीयूईटी पीजी का रिजल्ट आने के एक सप्ताह बाद तक आवेदन जमा होगा

**डॉ. नमिता सिंह, रजिस्ट्रार डीएसपीएमयू**

## आरयू का दो माह सेशन लेट

रांची यूनिवर्सिटी का सेशन तीन साल पहले नियमित कर लिया गया था, जो एक बार फिर लेट हो गया है। स्नातक का सेशन दो माह से अधिक लेट चल रहा है। बताते चलें राजभवन द्वारा यूजी और पीजी का रिजल्ट घोषित करने की तिथि निर्धारित किर दिया गया था। 15 जून तक यूजी और 30 जून तक पीजी का रिजल्ट हर हाल में घोषित हो जाना चाहिए था।

## इसलिए सेशन होता है लेट

रांची यूनिवर्सिटी में स्नातक कोर्सों में एडमिशन लंबे समय तक चलता है। इसका परिणाम यह होता है कि स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा विलंब से होती है। एक सेमेस्टर के विलंब का प्रभाव अंतिम सेमेस्टर तक पड़ता है। इस कारण सेशन विलंब हो जाता है।

## खबर एक नजर में

### जेपीएससी : सिविल जज के 138 पदों के लिए कल से तीन तक जमा होगा ऑफलाइन आवेदन

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा सिवल जज (जूनियर डिविजन) के 138 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में पिटिसर्नर को आवेदन जमा करने का मौका दिया गया है। पिटिसर्नर 26 सितंबर से तीन अक्टूबर को शाम पांच बजे तक ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित प्रति जमा करने के लिए कहा गया है। वहीं परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए जेपीएससी की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध है।

### जेसीबीइसीइबी : नर्सिंग कोर्सों के लिए फर्स्ट राउंड काउंसिलिंग का रजिस्ट्रेशन आज तक

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) द्वारा नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के आधार पर फर्स्ट राउंड काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि सोमवार तक है। वहीं प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट लेटर 27 सितंबर को जारी किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का 28 से 30 सितंबर तक डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन और एडमिशन होगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क समाान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस कोटी के लिए 400 रुपए है। वहीं एससी और एसटी के लिए 250 रुपए है।

### बीएयू : मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज का रिजल्ट निकला, 8.842 ग्रेड प्वाइंट लाकर श्रेया बनीं टॉपर

**रांची।** बिरासा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के अंतर्गत के मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला का रिजल्ट घोषित कर दिय गया। इसका सेशन 2019-23 है। इसमें कुल 29 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया था, जिसमें 27 ने पाठ्यक्रम को पूर्ण किया। 51.85 % छात्रों का ग्रेड पॉइंट औसत 8 है और अन्य का 7 है। सबसे अधिक अंक (8.842) छात्रा, श्रेया आनंद ने प्राप्त किया है। वहीं दूसरे स्थान पर सुकृति मंडल (8.744) है। तीसरे स्थान पर सौर्य दत्ता (8.742) है।

### डीएसपीएमयू : विवि बनने के पांच साल बाद ह्यूमिनिटी के फर्स्ट रिसर्च जर्नल का प्रकाशन शीघ्र

**रांची।** रांची कॉलेज को पांच साल पहले अपग्रेड कर डीएसपीएमयू का दर्जा दिया गया था। ह्यूमिनिटी का फर्स्ट रिसर्च जर्नल का प्रकाशन का प्रोसेश शुरू करने में पांच साल लग गए। पीआरओ प्रो. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जर्नल के लिए संपादक मंडल का गठन कर लिया गया है। संपादक मंडल की बैठक डीन डॉ. मो अयूब की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, डॉ रामदास उंराव, डॉ विनय भरत, डॉ पियूषबाला, डॉ दिव्या प्रिया, डॉ आभा झा , डॉ जिन्दर मुंडा शामिल हुए और रिसर्च के प्रारुप पर चर्चा कर निर्णय लिए।

### आरयू : पीजीडीजीसी और पीजी काउंसिलिंग में एडमिशन के लिए जमा हो रहा है फॉर्म

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के साइकोलॉजी विभाग के अंतर्गत पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा गाइडेंस एंड काउंसिलिंग और पीजी काउंसिलिंग साइकोलॉजी कोर्स में एडमिशन चल रहा है। एडमिशन के इच्छुक और अर्हता रखने वाले स्टूडेंट्स बेसिक सइंस भवन में संपर्क कर सकते हैं। कोर्स के डायरेक्टर डॉ. परवेज हसन ने बताया कि काउंसिलिंग के क्षेत्र में करियर के क्षेत्र मे काफी संभानाएं हैं।

### 9वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ बहादुर सिंह



**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद व समाजसेवी स्व डॉ बहादुर सिंह की 9वीं पुण्यतिथि के मौके पर रविवार को कैंब्रिज परिवार के लोगों द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर स्व बहादुर बाबू की कीर्ति का गुणगान करते हुए सीआईटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह ने कहा की एक साधारण कॉलेज शिक्षक से अपनी जीवन यात्रा शुरू करने वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी स्व बहादुर बाबू ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। वे सदैव हमारे पथदर्शक बने रहेंगे। मौके पर डॉ रणवीर कुमार, मनीष नाथ,डॉ के पी दत्ता, श्रीनिवाश सिंह,विद्या नाथ झा, अनिल महतो आदि लोग उपस्थित थे।

### महानगर जगरनाथ नगरिये दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने इंद्रजीत



**रांची।** रविवार को धुर्वा मेफेयर बैंकवेट हॉल में महानगर जगरनाथ नगरिये दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। धुर्वा थाना एव जगरनाथपुर थाना के अंतर्गत 20 पूजा समितियों ने मिल कर नए समिति का गठन किया। समिति के द्वारा इंदरजीत सिंह को अध्यक्ष एव रंजन यादव को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। वरीय उपाध्यक्ष- आकाशदीप, गोपाल उपाध्याय,कुणाल सिंह, गुंजन सिंह, सिंटू सिंह,सचिन सिंह, सनी सिंह,शिवलाल सिंह, अमन चौहान, अमरेश शर्मा,उपाध्यक्ष- सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष, महासचिव- धर्मवीर सिंह,कोषाध्यक्ष- अमित सिंह,मीडिया प्रभारी- मोनल श्रीवास्तव,महिला विंग अध्यक्ष- शुलेखा सिंह बनई गयी है। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व केंद्र मंत्री सुबोधकांत सहाय जी,रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजित सहाय जी,महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव जी, राजन वर्मा, नंदकिशोर चंदेल, प्रदीप वर्मा, रविंदर वर्मा, संजय, संजय मिनोचा, राणा रणधीर, अमरनाथ एव मुन्ना यादव मौजूद थे।

### मंगल आरती के साथ शुरू हुआ श्याम महोत्सव का चौथा दिन

**रांची।** श्री श्याम मण्डल का 56 वें वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव के चतुर्थ रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम प्रभु का प्रातः में मंगल आरती के पश्रात नवीन वस्त्र व अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से 501 महिला एवम पुरुष द्वारा सुन्दर काण्ड का सस्वर पाठ किया गया तथ पश्चत 11 बजे से स्थानीय भजन मण्डलीयां श्री हनुमान मण्डल, रांची - श्री शिव भक्त मण्डल, श्री श्याम संघ रांची ने एक से बढ़ कर एक भजनों की गंगा श्री श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित किया।

# कुरैश समाज ने किया अल्पसंख्यक आयोग एवं बोर्ड के अध्यक्षों का स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक आयोग एवं बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन जमीयतुल कुरैश के कांटा टोली स्थित कार्यालय में किया गया था। इस अवसर पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष ज्योति मथारू, डॉक्टर एसएम तौसीफ, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रबिंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर कांग्रेस प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग में सरकार के पहल से इसका गठन कर दिया गया है। इससे पहले भाजपा के ही लोग आयोग के अध्यक्ष होते थे और जिस कारण से अल्पसंख्यकों का काम नहीं हो पता था। लेकिन अब जब हम लोगों के काम करने का समय आया तो आप लोग देख रहे होंगे कि किस तरह से समन भेजा जा रहा है। लेकिन हम लोग डरने वालों में से नहीं है। जो जिम्मेदारियां मिली है, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी वक्फ बोर्ड, मदरसा अकादमी सभी का गठन होगा।अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए पहले भी काम करता था और जो जिम्मेदारी अब मिली है, उसे भी पूरा करूंगा। उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि समाज के लिये काम करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। मंच संचालन मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद और धन्यवाद ज्ञापन जमीयतुल कुरैश परवेज कुरैशी ने किया। इस अवसर पर कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, अफरोज लड्डन कुरैशी, मोईज अखतर भोलू, पिन्टू पांडे, राउफ अंसारी, शकील खान, हसीब खान, फारुख कुरैशी, मासूक कुरैशी, सरफराज नवाज खान, आमिर कुरैशी, प्रोफेसर कुद्दुस कुरैशी, शम्स कमर लड्डन, मो अजाद, हसीब भाई साजिद, इम्तियाज मुन्ना, फरहाद कुरैशी, सरफराज कुरैशी, आशिक कुरैशी आदि उपस्थित थे।



# रांची यूनिवर्सिटी में इसी सेशन से परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट में स्नातक की होगी पढ़ाई

**निर्णय :** सेल फॉर वोकेशनल स्टडीज की कोर कमेटी ने प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

● तीन साल का कोर्स, प्रति सेमेस्टर 10 हजार रुपये लगेगा शुल्क

**रांची।** परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट के क्षेत्र में स्नातक की पढ़ाई की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। रांची यूनिवर्सिटी में इसी सेशन से परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट में स्नातक स्तरीय कोर्स में एडमिशन शुरू होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव पर वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता वाली सेल फॉर वोकेशनल स्टडीज (सीवीएस) की कोर कमेटी से सहमति प्रदान कर दी है। परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट में स्नातक स्तरीय कोर्स तीन वर्षीय यानि छह सेमेस्टर का होगा। प्रति सेमेस्टर शुल्क 10 हजार रुपए होगा। बताते चलें कि रांची यूनिवर्सिटी में अभी परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट में सिर्फ पीजी की पढ़ाई होती है। स्नातक स्तर पर कोर्स शुरू करने के लिए स्टूडेंट्स की ओर से डिमांड किया जा रहा था। बैठक में वीसी के अलावा रजिस्ट्रार डॉ. मुकुंद मेहता, वित्तीय सलाहकार डी गोस्वामी, फाइनेंस अफसर डॉ. एएन शाहदेव, सीवीएस डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. स्मृति सिंह समेत अन्य सदस्य थे। इस कोर्स की पढ़ाई के लिए समय के डिमांड के अनुसार अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने का भी निर्णय लिया गया है।

## 12वीं पास को मिलेगा दाखिला

परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट में स्नातक स्तरीय कोर्स में 12वीं किसी भी स्ट्रीम में पास आउट स्टूडेंट्स दाखिला के योग्य होंगे। इस कोर्स के माध्यम से स्टूडेंट्स भारतीय सभ्यता और संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिलेगा। साथ ही इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं।

## राजेश कुमार ओझा खोरठाश्री से सम्मानित



**रांची।** करम परब महोत्सव के मंच पर शिक्षाविद राजेश कुमार ओझा को मंत्री बेबी देवी एवं पूर्व विधायक ममता देवी ने सोल एवं मोमेंटम देकर खोरठा श्री सम्मान से सम्मानित किया, साथ ही अन्य समाजसेवियों एवं खोरठा के गीतकार, साहित्यकार को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया, मौके पर शिक्षाविद राजेश कुमार ओझा ने कहा की झारखंड संस्कृति सभ्यता की रक्षा को लेकर कम कर रहा हूं। मालूम हो कि झारखंड में खोरठा के विकास को लेकर राजेश कुमार के निर्देशन में कई पुस्तक को लिखी गई है, खोरठा जगत के जाने-माने साहित्यकार शिवनाथ प्रमाणिक, दिनेश दिनमणि, शांति भरत, विनय तिवारी,दीपक सवाल एवं गजाधर महतो प्रभाकर ने शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बच्चों की परवरिश पर वीना श्रीवास्तव की दो पुस्तकों का लोकार्पण

# पैरेंटिंग मौजूदा समय में सबसे अहम और चुनौतीपूर्ण : हरिवंश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आज के समय में बच्चों की परवरिश सबसे महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण काम है। माता-पिता बच्चों के जीवन को एक दिशा देते हैंतथा रिश्तों, दृष्टिकोण एवं व्यवहार के पैटर्न की नींव रखते हैं। यही नहीं इसी से भविष्य के समाज की दिशा-दशा भी तय होती है. यहबातें प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित लेखिका वीना श्रीवास्तव की पैरेंटिंग पर दो पुस्तकों-परवरिश करें तो ऐसे करें व खिलखिलाता बचपन : आदतें और संस्कार, के लोकार्पण समारोह में वक्ताओं ने कही। लोकार्पण राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महुआ माजी मुख्य अतिथि थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री अशोक भगत ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा थे। प्रभात प्रकाशन के निदेशक पीयूष कुमार भी इस मौके पर मंच पर उपस्थित थे। मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इस समय हमारे समाज का सबसे मुद्दा हमारे बच्चों की परवरिश का ही है। लेखिका वीना श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तकों के संदर्भ में अपनी बात साझा करते हुए विषय वस्तु की जानकारी दी और बताया कि मौजूदा दौर मेंअपने बच्चों से संवाद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इस चुनौती को स्वीकार ही करना पड़ेगा। सांसद महुआ माजी ने कहा कि वीना श्रीवास्तव की ये पुस्तकें सभी माता-पिताओं को पढ़नी चाहिये। पद्मश्री अशोक भगत ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बच्चों को लेकर चिंताएं वाजिब हैं और इन पुस्तकों सेयुवा माता-पिताओं को बहुत मदद मिलेगी। वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि बच्चों की परवरिश पर ये महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं।



कार्यक्रम का संचालनसाहित्यकार मुक्ति शाहदेव ने और धन्यवाद ज्ञापन शब्दकार साहित्यिक संगठन की संगीता कुजार टाक ने किया। कार्यक्रम में डा. वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी, प्रमोद झा, आशा सिंह, डा. सुशील अंकन, पंकज मित्र और सिमा तिवारी,डॉ कमल बोस, कुमार संजय, डॉ अभिषेक, सारिकाभूषण, एम जेड खान, नसीर अफसर, रेंगाना, राजीव थेपड़ा, दिनेश सिंह, सुनील बादल, ऋषि, सत्या शर्मा, संगीता कुजारा टाक, सुरिंदरकौर नीलम, प्रियंका कुमारी, वंदना सिंहा, अंशुमिता, डा. राजश्री जयंती, नीरज नीर, आलोका, अपराजिता, रेखा जैन, कविता रानी, प्रिया सिंह, डा. मीरा, गिरिजा शंकर, सदानंद यादव, मृदुला, पीयूष बँका, अमरेन्द्र, आलोक सिंह, सियाराम सरस, नेपाल सरैयावी, राकेश रमण,अनिता रश्मि, सुनीता अग्रवाल, संतोष मृदुला,इमरान, नंदनी समेत बड़ी संख्या में शहर के लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकार, शिक्षक, पत्रकार, संस्कृतिकर्मी व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# श्री राधा अष्टमी महोत्सव पर नृत्य नाटिका का मंचन



**रांची।** संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को सांस्था के द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे एवं श्री राधा अष्टमी महोत्सव और नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था ने पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के सभागार में बहुत ही धूमधाम मनाया। पुरे मंदिर परिसर को फुलो एव गुब्बरों से सजाया गया था। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे दोपहर 12:30 बजे से श्री राधा अष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य मे संस्था के सदस्यो एवम उनके परिवार के सौजन्य से 108 वाँ सप्ताहिक निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारे मे लगभग 1500 श्रद्धालुओ ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को उड़ीसा से आई हुई भजन गायक स्वर्ण रेखा महंता एव ग्रूप ने कलकता की रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के सह-संरक्षक विजय जालान उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, ओमप्रकाश सरावगी,मनीष जालान, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, सुशील गाड़ोदिया, पवन अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश सिंघानिया, नवल अग्रवाल महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, बिमला जालान, शोभा जालान, सरिता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल रेखा पोद्दार एव संस्था के ओर भी बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बिजली चोरी के आठ आरोपियों पर केस दर्ज

**राहे।** बुंडू अनुमंडल अंतर्गत राहे प्रखंड में बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी को रोकने को लेकर बिजली विभाग बुंडू की तरफ से सघन छापेमारी की गई। जिसमें राहे प्रखंड में आठ लोगों के खिलाफ राहे ओपी में प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुरानानगर के कमल प्रजापति, राज कुमार प्रामाणिक, कटियाडीह गांव के घासीराम मुंडा, चिरुडीह गांव के दिनेश चन्द्र महतो, श्रवण कुमार यादव, नावागांव के हरिपद महतो, मनोज कुमार महतो तथा बरवाडीह गांव के संतोष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

## अंजुमन कमेटी के गठन को लेकर बैठक

**मांडर।** प्रखंड के फुसराटांड़ में प्रखंड अंजुमन कमेटी की गठन की रूप रेखा को लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक में 15 सदस्यीय चुनाव कमिटी का गठन किया गया जिसमे मुख्य चुनाव प्रभारी इरसाद ईमाम ब्रम्बे सहित अन्य सदस्यों की टीम बनाया गया। जो सारी प्रक्रिया पूरी करने के साथ 15 दिनों के अंदर मतदाता सूची तैयार कराएंगे। उसके बाद चुनाव का घोषणा किया जायेगा। इस मौके पर आलमगीर आलम, रबूल अंसारी, मुस्लिम अंसारी, आबिद अंसारी, समीम अंसारी, नसीम अंसारी, इस्तेयाक अंसारी, उपप्रमुख अमानत अंसारी, अली अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद हुए।

## मांडर : सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान



**मांडर।** वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में रविवार को मांडर थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के पहले थाना गेट के सामने मुख्य पथ पर एंटी क्राइम चेकिंग चलाया गया जिसमे जो बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चालक थे उन सभी के साथ थाना में उपलब्ध पुलिस बल द्वारा बैनर के साथ मांडर थाना परिसर से मिशन हॉस्पिटल से होते हुए मांडर बाजारटांड़ तक पैदल चल कर लोंगो को जागरुक किया गया।

## कुरमी समाज करेगा करम मिलन समारोह

**अनगड़ा।** कुरमी/कुड़मी समाज की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष करम मिलन समारोह शुक्रवार की शाम चार बजे गोन्दली पोखर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर कमेटी गठित की गई, जिसमें अध्यक्ष सुप्रेश कुमार महतो सचिव सोनालाल महतो कोषाध्यक्ष दीपक चौधरी तथा मुख्य संरक्षक राजेश महतो रामपोदो महतो जलेश्वर महतो शिवलाल महतो राजकिशोर महतो झबूलाल महतो महेंद्र महतो बेनीलाल महतो, बाबूराम महतो सखीचंद महतो लक्ष्मण बाबा पंकज महतो शंकर महतो अतिश महतो दिनेश महतो साहेब राम महतो दुर्गा महतो महावीर महतो हरिदास महतो कृष्णा महतो जगरनाथ महतो आदि को बनाया गया है।

### भाई-बहन के प्रेम के पर्व करमा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल

# प्रखंडों में करम पूर्व संध्या की धूम

## कातू में प्रार्थना सभा सह करम पूर्व संध्या महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के काटू में रविवार को एक दिनी प्रार्थना सभा और करम पूर्व संध्या महोत्सव आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत प्रार्थना से की गयी। सभा में वक्ताओं ने कहा कि समाज को दिशा देने का दायित्व युवाओं पर है। उन्होंने आदिवासियों की विलुप्त होती परंपराए भाषा व संस्कृति पर चिंता जताते हुए पूर्वजों के बताये मार्ग पर चलने, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, अंधविश्वास व नशापान से दूर रहने तथा धार्मिक जागृति की जोरदार वकालत की। संचालन सुशांत तिर्की और सुकरा उरांव ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। महोत्सव के दौरान करम गीत-नृत्य का दौर चला। खोड़हा मंडली ने कला की छटा बिखेरी। आयोजन समिति के फिरोज तिर्की, सुचिता, पंकज उरांव व संजय उरांव आदि ने सामाजिक व धार्मिक अगुआ तथा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुये उन्हें सम्मानित भी किया।



इटकी में नृत्य करते लोगों के साथ बिगा मिंज व अन्य।

## चचगुरा पतरा मैदान में करम पूर्व संध्या

**इटकी।** चचगुरा महरा पतरा मैदान में रविवार को आदिवासी नेता सह जदयू मांडर विधानसभा प्रभारी बिगा मिंज के नेतृत्व में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिगा मिंज ने कहा की आदिवासी रीति रिवाजए भाषाए संस्कृति, वेशभूषा हमारी पहचान है। हमे अपने सभ्यता व संस्कृति पर गर्व है। हम सभी को एकजुटता के साथ अपने समाज व संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाये। शिक्षा से ही समाज का विकास होगा। कार्यक्रम में दर्जनों गांवों के खोड़हा दलों के सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर के थाप पर जमकर नृत्य गान किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नृत्य मंडलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता खददी उरांव ने किया। कार्यक्रम में नारी, मोरो, बोड़या, गढ़गांव, चचगुरा, बेड़ो, कैसा, मल्टी, टिकराटोली, कुंदी सहित कई गांव के खोड़हा दलों ने भाग लिया। मौके पर उप मुखिया सधनु मिंज, ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव, चारो उरांव व विशाल उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### इन्होंने रखी अपनी बातें

केंद्रीय प्रार्थना सभा के अध्यक्ष नारायण उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव, मुखिया ज्योति भगत, पूर्व कुशल उरांव, पूर्व मुखिया लक्ष्मी भगत, रेणु तिर्की, सोमनाथ उरांव, गंगू पाहन, ग्राम प्रधान महादेव उरांव, रमेश उरांव, सुचिता तुबिल, सुष्मिता तिर्की, पंकज उरांव, बुद्धेव उरांव, सुजाता उरांव, पेयारी उरांव व निदोर्शी कुजर।

### अनगड़ा : करम पूर्व संध्या पर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम

**अनगड़ा** प्रखंड मुख्यालय मैदान में रविवार को करम पूर्व संध्या रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम बड़ी हर्षोल्लास के साथ सह स्व पारस नाथ मुण्डा स्मृति फुटबॉल मैच सम्पन्न हुआ स इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश सचिव कॉग्रेस पार्टी झारखण्ड बेलस तिर्की और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने संयुक्त रूप से विजेता टीम के बीच पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने कहा कि करम पूजा हमारे सभ्यता और संस्कृति की पहचान है। इसे बचा के रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में मौके पर दीनबंधु उरांव, बरतु मुण्डा, तिवारी भोगता, समशाद अंसारी, सुरेश सिंह, मुन्ना मुण्डा, मुमताज खान, संतोष राम, अजय मुण्डा, केशव केशरीया, कालीचरण मुण्डा, शिकारी मुण्डा, कैलाश उरांव, विहारी मुंडा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## छोटकाटोली को हरा चितरकोटा बना चैंपियन, विजेता टीम को मिला 1.1 लाख और ट्रॉफी

### रातू के पाली में पांच दिनी मिलेनियम चैलेंज फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** पाली में न्यू स्टार क्लब की ओर से आयोजित पांच दिनी मिलेनियम चैलेंज फुटबॉल टूर्नामेंट समाप्त हो गया। फाइनल में चितरकोटा बड़काटोली ने छोटकाटोली को ट्राई ब्रेकर के जरिये 4.1 से शिकस्त देकर चैंपियनशिप जीत ली। विजेता को 1.1 लाख नकद व ट्रॉफी और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को 61 हजार नकद व ट्रॉफी तथा तीसरे व चौथे स्थान में आने वाली खूंटी व रनिया की टीम को 12-12 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी भेंट की गयी। मैन आफ द मैच और सीरिज का खिताब शंकर उरांव को मिला। जबकिए रेमन लकड़ा को बेस्ट गोल कीपर व सोमरा मुंडा को बेस्ट डिफेंडर से नवाजा गया। संचालन तैयब अंसारी ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में क्लब के संरक्षक अमित तिवारी, मो सामी, सहाबुद्दीन अंसारी, मो उस्मान, अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, सचिव मुस्ताक अंसारी व कोषाध्यक्ष सुल्तान अंसारी आदि की विशेष भूमिका रही।

### समारोह में लिया हिस्सा

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव बतौर मुख्य और झामुमो नेता कमरुल हक, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र सिंह व जिप अध्यक्ष निर्मला भगत विशिष्ट अतिथि थे। इन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

## स्टार वारियर रांची की टीम ने जीता टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के द्वारा 9वीं ओपेन पुरुष एवं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसुचित जाति प्रदेश मंत्री भाजपा कमलेश राम उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता का । पहला फाइनल मैच महिला टीम मे स्टार वारियर रांची बनाम चिकोर भुरकुंडा के बीच खेला गया जिसमे स्टार वारियर स्पोर्ट्स महिला टीम ने एक गोल मारकर विजय हुई मैन ऑफ द मैच कुशमा कुमारी को दिया गया। दूसरा फाइनल मैच पुरूष टीम मे फन क्लब बरटोला बनाम खेखराही गढ़ा के बीच खेला गया जिसमे बर टोला के टीम गोल छेण्पांच गोल से विजय हुई मैन ऑफ द मैच संजय कुमार को को दिया गय। सभी विजता एवं उपविजेता टीमो को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके खलारी उप प्रमुख सुमन देवी समाज सेवी नागेश्वर महतो राय पंचायत मुखिया शिला देवी झारखंड पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक चौहान बुढमू संसद प्रतिनिधि तपेश्रवर मिश्रा चतरा जिला के आजसू अध्यक्ष महेश महतो पूर्व उप प्रमुख तवारा महतो मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा झारखंड के विकास दुबे मौजूद थे।

## बिटिया दिवस : बेड़ो में एकल संच ने बच्चियों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** एकल अभियान बेड़ो संच के तत्वावधान में रविवार को द्वितीय राष्ट्रीय बिटिया दिवस का आयोजन महादानी मन्दिर परिसर में किया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता एवं जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बेटी है तो कल हैए इस सन्देश को समाज व देश में पहुंचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। बेटियों को अपने हक और अधिकार को बताकर उन्हें प्रोत्साहित करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चियों पर पुष्प बरसाया गया। साथ ही कार्यक्रम के अन्त में शामिल सभी बिटिया रानी को सम्मानित कर उन्हें फल एवं मिठाई दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संच प्रमुख वर्तमान सिंहए रूपरानी देवीए रीता देवीए मुनी लकड़ाए भोला महतो एवं एकल विद्यालय के आचार्य एवं बच्चियों का सराहनीय भूमिका रहा। मौके पर अर्जून सिंहए रांची जिला मुकेश कुमार राय संस्कार प्रमुख समेत कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## डकरा में करम पूर्व मिलन समारोह

**खलारी।** अखिल भारतीय आदिवासी कनीय अभियंता एवं अधिकारी समिति द्वारा डकरा में करम पूर्व मिलन समारोह आयोजन किया गया। समारोह में मांडर प्रखंड के टांगरबंसली के बच्चों द्वारा पारंपरिक कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर विक्रम मिंज, राकेश उरांव, रविन्द्र मिंज, महेंद्र टोपनो, दीपक रोशन तिरू, अर्जुन उरांव, सुखदेव बड़ा, अनूप, छोटेलाल, राहुल, संतोष, दसरथ, जतिंद्रनाथ, अभय, अमित, नेपाल, नरेंद्र, शिवम मौजूद थे।

## शिवनंदन छठी बार बने समिति के अध्यक्ष



**ओरमांझी।** पंचायत सचिवालय चकला में रविवार को लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति दड़दाग की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से छठी बार शिवनंदन प्रसाद को लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति दड़दाग का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में चकला पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया उमेश कुमार महतो, रोहित लाल महतो, जयप्रकाश गुप्ता, विनोद कुमार सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार ठाकुर, अश्विनी कुमार, विष्णु चरण महतो, श्रवण कुमार महतो, रंजीत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार साहू, मुकेश कुमार वर्मा, राजीव रंजन साहू व विक्की वर्मा उपस्थित थे।

## घर के आगे खड़ी बाइक उड़ा ले गये चोर

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के खटंगा से घर के आगे खड़ी एक बाइक की चोरी कर ली गई। कुंदन उरांव ने अपने बाइक की चोरी का मामला ओरमांझी थाना में दर्ज करते हुए बताया कि उसकी बाइक 12.15 बजे दिन में घर के गेट के बाहर खड़ी थी। बाहर आया तो देखा कि बाइक गायब है। उसने अज्ञात चोर के खिलाफ ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

## ओरमांझी : कुआं से युवक का शव बरामद

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हतवाल बस्ती के एक कुआं से एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान गांव के ही स्व दिनेश महतो के बेटा के रूप में हुई है। दो दिन पूर्व भी वह घर से निकला था। खेत के एक कुआं से बदबू आने पर लोगों ने देखा तो उसमें शव उपला रहा था। शव को बाहर निकाला गया। वहीं स्वजनों व ग्रामीणों ने शव का पोस्मार्टम कराने से इनकार कर दिया। आशंका जताया गया है कि युवक दो दिन पूर्व कुंआ में गिरा होगा। बताया गया कि युवक मजदूरी कर जीवन यापन करता था और शराब पीने की आदि भी था।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रक्तदान शिविर

ओरमांझी। थाना चौक ओरमांझी में रिम्स ब्लड बैंक व तेरापंथ युवक परिषद रांची के सहयोग से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। क्षेत्र के कई युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किए। रक्तदान करने वाले शशि कुमार मेहता राहुल वर्मा, शशि पांडे, राहुल मेहता, ऋषि ठाकुर, रंजन कुमार, अमित कुमार, सपन महतो, मोनू कुमार, भीम महतो, धीरज कुमार, नितीश मेहता, अजीत ठाकुर, सुशांत पांडे, मनोज गुप्ता, देवलाल महतो, सूरज कुमार, अनिल कुमार, कुमेश कुमार, अरिहंत सिंघवी, विवेक कुमार राम को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## सड़क हादसे में इटकी के पत्रकार घायल

**इटकी।** चचगुरा महरा पतरा के निकट रांची गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार की शाम करीब छह बजे समाचार संकलन करने गये इटकी के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका इलाज मेडिका अस्पाताल रांची में चल रहा है। उनके सिर में चोट लगी है। चचगुरा खेल मैदान से लौटने के क्रम में एक बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये।

## दुर्गा पूजा समिति भांटबोड़ेया की बैठक

**ठाकुरगांव।** मां शारदीय दुर्गा पूजा समिति भांटबोड़ेया की बैठक रविवार को रामकिशोर गिरि की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष समिति द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल बनाने का निर्णय हुआ। इसे लेकर कमेटी बनाई गई, जिसमें अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सचिव कलेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष जयकुमार साहु बनाये गये। वहीं कमेटी में मुख्य संरक्षक चन्द्र कांत गिरि, संरक्षक विकास साहु, कौशल साहु, जयप्रकाश सिंह, घनश्याम साहु, हरिप्रसाद महतो महामंत्री मणिकांत साहु, संदीप कुमार साहु चुने गये। मौके पर राजू नायक, अमृत महतो, महाबीर महतो, बंधन पहान, शंभु साहु मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**सिल्ली।** प्रखंड के कुलसुद गांव में रविवार को 25 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उदघाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि आजसू पार्टी हर समस्याओं के समाधान को लेकर सदैव तत्पर है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रह रहे थे। इसकी शिकायत विधायक सुदेश महतो से की गई थी। इसके बाद विधायक के पहल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस मौके दिनेश मंडल बानेश्वर अहिर, बुद्धेश्वर अहिर, पुसुआ मंडल, भुनेश्वर मंडल, शोनु देशमुख महिला समूह के दीदी एवं ग्रामीण उपस्थित।

## खलारी-मैक्लुस्कीगंज में आधारभूत संरचनाओं पर ध्यान दे सरकार : बंधु

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से कहा है कि वह राजधानी से केवल 65-70 किलोमीटर दूर खलारी व मैक्लुस्कीगंज में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे आधारभूत संरचनाओं के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करे। श्री तिर्की ने बताया कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी पर्यटन एवं उद्योग के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र में डिग्री कॉलेजए बीएड और नर्सिंग कॉलेज तक का नहीं होना अफसोस की बात है। श्री तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य के मामले में भी क्षेत्र की स्थिति निराशाजनक है और सरकार को इस मामले को बेहद गंभीरता से लेने की जरूरत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये पत्र में कहा कि मैक्लुस्कीगंज एक एंग्लो इंडियन गांव है जिसकी प्रसिद्ध भारत की सीमा से बाहर विदेशों तक है। इसपर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा न केवल पर्यटन या उद्योग बल्कि ब्रिटिश शासन काल में इस क्षेत्र ने जिस.जिस पड़ाव से गुजरते हुए जैसे घटनाक्रमों को देखा है और जैसी करवटें ली है उसे संजीवनी की जरूरत है। सरकार से उन्होंने ध्यान देने की मांग की है।

## गुम हुई छह मोबाइल मालिकों को सौंपा

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए छह मोबाइल को रविवार को नरकोपी के थाना प्रभारी अभिजीत कुमार द्वारा तकनीकी शाखा रांची के सहयोग से बरामद किए गए मोबाइल को उनके स्वामी को विहित प्रपत्र में हस्ताक्षर कराकर उनके सुपुर्द किया । जहां अपने गुम हुए मोबाइल को पाकर लोगों में खुशी झलकी वहीं लोगों ने रांची पुलिस तकनीकी शाखा का आभार प्रकट किया।

## चैतन्य झांकी में बताया गया आध्यात्मिक रहस्य

### गणेश महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** हर त्यौहार के पीछे जीवन के गहरे सिद्धांत छिपे हैंए परन्तु समय के साथ लोग इनके आध्यात्मिक रहस्य को भूल गए और वह मात्र परम्पराएं बनकर रह गई। उक्त बातें डकरा सुभाष नगर ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने कही। बीके गीता पाठशाला केंद्र पर गणेश चतुर्थी महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को गणेश जी के चैतन्य झांकी का विशेष आयोजन किया गया था। वही इस महोत्सव में कमल भाई ने गणेश जी के आध्यात्मिक रहस्यों को बताया कि हाथी को कुछ भी मिलता है, तो वह महावत को समर्पित कर देता है उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन के मान-सम्मान सभी प्राप्तियों को परमात्मा को समर्पित कर मान की इच्छा से परे निर्मान भाव के साथ रहना चाहिए। बड़ा पेट समाने की शक्ति की प्रेरणा देता है कि हम परिवार में एक-दूसरे की बातों को सहन करें व समा लें। चूहे की सवारी अर्थात विकारों पर विजय प्राप्त करनेए कुल्हाड़ी का तात्पर्य सभी बंधनों को काटने से है अर्थात आध्यात्मिकता को अपनाने में जो भी देह पदार्थ व्यक्ति वैभव के विघ्न आते हैं उस पर जीत प्राप्त करना।

## वंदे भारत ट्रेन से व्यापारी, विद्यार्थियों को होगी सहुलियत

### सांसद-विधायक ने दिखायी हरी झंडी



**सिल्ली।** मुरी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर रांची सांसद संजय सेठ एवं सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो जिला परिषद अध्यक्ष वीना चौधरी रेलवे के यार्ड मास्टर एम एस खान ने आदि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद संजय सेठ ने कहा किवंदे भारत ट्रेन से लोगों खासकर टाटा, घाटशिला और हावड़ा जाने में काफी सहूलियत होगी। इससे समय की बचत के साथ खासकर विद्यार्थी, एंटरप्रेन्योर व व्यापारी वर्गों के लिए सफर काफी सुगम होगा। चीप यार्ड मास्टर एम एस खान ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन हफ्ते के 6 दिन चलेगी। मंगलवार को इसका परिचालन नहीं होगा। कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप जला कर एवं फुल बुके देकर स्वागत किया गया। संचालन राजेश कुमार रजक ने किया। विधायक सुदेश महतो के मुरी स्टेशन पहुंचने पर रेलवे अधिकारियों ने स्वागत किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले ओरमांझी प्रखंड के नौ लोग सम्मानित

### अब्दुर्रज्जाक और एहसान अंसारी को मरणोपरांत मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित कर अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड क्षेत्र के नौ लोगों को सम्मानित किया गया। कायक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने सभी को मोमेंटो प्रदान कर किया, और कहा अपने कार्यो में इमानदारी, निष्ठा व समर्पण हो तो निश्चित ही सफलता मिलती है। वैसे लोग समाज के लिए एक उदाहरण बन जाते हैं। वहीं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने भारत सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिषत आरक्षण विधयक पास होने पर बधाई दी और कहा कि लाख प्रयास करें, लेकिन इमानदार लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उन्होंने कहा कि परेशानी क्षणिक होती है। उससे घबराना नही चाहिए। वहीं विधायक राजेश कच्छप ने विद्यार्थियों के आत्महत्या पर चिंता जताया और कहा कभी-कभी विपरित परिस्थिति आती है और चली जाती है। अपने धैर्य को बनाए रखें। कहा कि भविष्य के लिए वर्तमान को गढ़ना जरूरी है। इनके अलावे मंजुर अहमाद अंसारी व स्वागत संबोधन कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रूद्रनारायण महतो, धन्यबाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ भीम महतो व संचालन शैलेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, चम्मा देवी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर फ्लोरेंस के निदेशक नाजनीन कौशर, कुदुस अंसारी, शदाब आलम, सत्यनारायण तिवारी, दुर्गाशंकर साहू, फिरोज अंसारी, प्रेमनाथ मुंडा, रमेश उरांव, आफताब आलम, सुनील नायक, मास्टर अमालुद्दन, मोतीलाल महतो, इमरान अंसारी, रामकुमार महतो, इकबाल अंसारी, कैलाश महतो, कॉलेज के षिक्षक व छात्र-छात्राओं सहित कई लोग उपस्थित थे।



नासूर फिल्म कलाकार विवेक नायक को सम्मानित करते पूर्व सांसद रामटहल चौधरी।

### क्यों किये गये सम्मानित

शिखर तक पहुंचने वाले ओरमांझी प्रखंड के नौ लोगों को सम्मानित किया गया, जिसमें राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू को यूथ आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं विज्ञानिक्ता समावेश के साथ कृषि करने व केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सम्मानित प्रगतिशील किसान शिवनारायण साहू को किसान सारथी पुरस्कार, मधुवन रेस्टोरेंट व फ्यूल संचालक समाजसेवी नंदगोपाल साहू को उद्यमी सम्मान, खिलाड़ी में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दौड़ प्रतियोगिता के ऐशिया के गोल्ड मेडलिस्ट वेटरन खिलाड़ी बीरेंद्र साहू व वेटलिफ्टर विराट कुमार महतो को, नागपुरी फिल्म नासूर के अभिनेता व गायक विवेक नायक और ओरमांझी में सौ एकड़ में विज्ञानिक्ता से कृषि करने वाले युवा किसान दुबराज महतो को सम्मानित किया गया। इसके अलावे समाज सेवा व बुनकारों के बेहतरी में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले हाजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी व फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संस्थापक एहसान अंसारी को मरणोपरांत सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कनाडा की करतूत

भारत विरोधी ताकतों के हाथ में खेलते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा बनाये रखने के लिये जरूरी विवेक खो बैठे हैं। कनाडा सरकार को बिना किसी आरोप पत्र और मुकदमे के यह निष्कर्ष निकालने में कोई समय नहीं लगा कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी समर्थक चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों का हाथ हो सकता है। कनाडाई संसद को संबोधित करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनकी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय रूप से मामले में आरोपों की पड़ताल कर रही हैं। वहीं ट्रूडो के बयान के ठीक बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने घोषणा की कि एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को कनाडा से निष्कासित कर दिया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कनाडा ने ऐसी तत्परता तब भी नहीं दिखायी जब विमानन इतिहास के बड़े आतंकी हमले का शिकार हुए भारतीय एअर इंडिया विमान में 329 लोग मारे गये थे। जिसमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई लोग थे। तब हाउस ऑफ कॉमन्स में घोषणा करने में कोई तत्परता नहीं दिखाई गई थी, जैसे निज्जर प्रकरण में तीन माह में दिखायी गई। दरअसल, न तो कनाडा उस हमले को रोक सका वहीं उसने जांच में लीपापोती की थी। उस मामले में केवल एक व्यक्ति को दोषी ठहराया गया, वह भी झूठी गवाही के आधार पर। बल्कि एक निंदनीय रिपोर्ट में जस्टिस जॉन मेजर कमीशन ने उड़ान से पहले की त्रुटि, असावधानी व प्रबंधन अक्षमता जैसी बेबुनियाद दलीलें दी थीं। बहरहाल, यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा कि कनाडाई सरकार अब संदिग्ध व्यक्ति की हत्या से परेशान है। वह व्यक्ति जिस पर भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का आरोप लगाया था। इससे नुकसान दोनों देश का होना तय है।

# जवान होता फिल्म उद्योग

एटली की फिल्म जवान एक ऐसे सतर्क जेलर के बारे में है जो राजनीतिक और सामाजिक बुराइयों को दूर करना चाहता है। शाहरुख खान ने जेलर आजाद और उसके पिता विक्रम राठौर की दोहरी भूमिका बहुत जोशीले ढंग से निभाई है। सात सितंबर को रिलीज हुई फिल्म हमें अमिताभ बच्चन की दीवार और हम जैसी फिल्मों की याद दिलाती है जो व्यवस्था के खिलाफ थीं। अपनी सिनेमाई श्रेष्ठता के अलावा जवान दो और बातों को सामने लाती है जिनकी बदौलत भारतीय फिल्मों के दर्शक बढ़ रहे हैं। वे बातें हैं- फिल्म की देश भर में या वैश्विक लोकप्रियता और एकल स्क्रीन की वापसी। रिलीज के 12 दिनों के भीतर जवान ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस में 860 करोड़ रुपये से अधिक कमाए। इस वर्ष जनवरी में रिलीज हुई खान की फिल्म पठान की तरह जवान भी आराम से दुनिया भर में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी। यह बात ध्यान देने लायक है कि बॉक्स ऑफिस संग्रह टिकट की बिक्री का आंकड़ा है, न कि फिल्म का कुल राजस्व। थिएटर, मल्टीप्लेक्स, वितरक आदि की हिस्सेदारी और करों में कटौती करने के बाद कुल संग्रह का बमुश्किल एक तिहाई हिस्सा निमार्ता को मिलता है। पठान, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, ओएमजी2, और गदर2 के बाद जवान की कामयाबी यह संकेत देती है कि हिंदी सिनेमा वापसी कर रहा है। फिल्म कारोबार ने 2019 में 19,100 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया और इसमें हिंदी की हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक थी। कुल राजस्व वह होता है जो फिल्म टेलीविजन, स्ट्रीमिंग, संगीत और टिकट की बिक्री से मिलकर कमाती है। महामारी के कारण 2020 में यह राजस्व सिमटकर 7,200 करोड़ रुपये रह गया था। तेलुगू की पुष्पा और तमिल की फिल्म मास्टर ने 2021 में राजस्व को वापस 9,300 करोड़ तक लाने में मदद की थी।

# पंडित दीनदयाल के सपनों का भारत बनाते मोदी



**पंडित** दीनदयाल जी हमारे प्रेरणास्त्रोत, मार्गदर्शक हैं, आज उनका जन्म दिवस है। उन्होंने स्वाधीन भारत की राजनीति को आदर्शवाद और सिद्धांत का अधिष्ठान देने का प्रयास किया, जो दल और वोट के राजनीतिक दलदल में कमलवत खिले, एकात्म मानव दर्शन के उद्गाता राजनीतिज्ञ और हमारे मार्गदर्शक रहे हैं, की स्मृति हमारे मन मस्तिष्क पर छा जाती है। एकात्मकता का सिद्धांत राष्ट्र की समृद्धि है, अस्मिता है और विकास का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हम महान डॉ. हेडगेवार और दीनदयाल उपाध्याय जैसे प्रेरक महापुरुषों के अनुयायी हैं, जिन्होंने हमें देशभक्ति सिखायी, देश के लिए जीने मरने को प्रेरणा और मानवता के लिए समर्पण का भाव दिया है।

डॉ. हेडगेवार की प्रेरणा से पंडित दीनदयाल जी ने एकात्मक मानववाद का अर्थात संपूर्णता और एक होकर सोचने, विचारने का सिद्धांत दिया था। संस्कृतियां अनेक हो सकती है, जातियां अनेक हो सकती हैं, वर्ग और क्षेत्र अनेक हो सकते हैं, उनमें विभिन्नता हो सकती है पर ये सभी राष्ट्र के अंग हैं।

एक समृद्ध राष्ट्र की अनिवार्यता में समाज के अंदर फैले ऊंच-नीच के विभेद, क्षेत्रवाद, जातिवाद को समाप्त करना शामिल है। इसीलिए पंडित जी ने एकाकी का नहीं बल्कि संपूर्णता का सिद्धांत दिया था। एकात्मवाद दर्शन अनेक विपरीत परिस्थितियों और भीषण संकटों के बीच भी आज सोने की तरह दमक रहा है। जब दीनदयाल जी ने एकात्म मानववाद का दर्शन दिया था तब भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विखंडन का दौर था। मार्क्स और माओ के विचार असफल हो चुके थे। उस समय एकात्मकता यानी संपूर्णता के साथ सभी को साथ लेकर चलने और विचार करने का दर्शन देना अपने आप में एक क्रांति थी। हमने इस क्रांति को अपनी विरासत मानी। इसे विरासत बनाने में हजारों बलिदान देने पड़े हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद को धरातल पर उतारने का कार्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

जब मोदी जी योग से स्वस्थ रहने की सीख देते हैं, स्वच्छता को अपनाने की प्रेरणा देने के लिए स्वयं हाथों में झाड़ू उठाकर गंदगी साफ करते हैं, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की बात करते हैं, एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करते हैं, कोरोना जैसी बीमारी से लोगों को बचाने के लिए भागीरथी प्रयास करते हैं, अंत्योदय कार्यक्रम से गांव, गरीब, किसान, वंचित, शोषित, युवा एवं महिलाओं की कल्याण की बातें करते है, तब श्री नरेंद्र मोदी जी निश्चित तौर पर पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद की परिकल्पना का पूर्ण करते दिखायी पड़ते हैं।



-रघुवर दास

> पंडित जी के एकात्मक मानववाद के दर्शन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की समृद्धि और विकास की अलख जगाने, भारतीय संस्कृति और सभ्यता को विश्वभर में स्थापित करने का जो कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं, वह अद्भुत है। मोदी जी की सोच के केंद्र में व्यक्ति है, व्यक्ति के केंद्र में परिवार है, परिवार के केंद्र में समाज है, समाज के केंद्र में राष्ट्र है और फिर विश्व। अनंत ब्रह्मांड की कल्पना इसी दर्शन में है।

पंडित जी के अंत्योदय को अपनी सरकार का मूलमंत्र मानकर मोदी जी समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की चिंता कर रहे हैं। न केवल चिंता कर रहे बल्कि लोगों तक विकास की किरण पहुंचा रहे हैं। चाहे जन-धन खाते खोलकर हर गरीब को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ना हो या उज्जवला के माध्यम से हमारी माताओं-बहनों को धूएं से मुक्ति दिलाना हो। प्रधानमंत्री आवास देकर हर किसी के अपने घर के सपने को पूरा करना हो या हर घर में शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान की जिंदगी देना हो या हर किसी को सस्ती दवा उपलब्ध कराना हो। आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीब व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचा हो या 70 वर्षों से बिजली की बाट जोह रहे लोगों के घर को रोशन करना हो।

योगासन को देख लीजिए। योग भारत की प्राचीन विरासत है। स्वस्थ तन व मन के लिए योग जरूरी है। प्रधानमंत्री बनने के साथ ही नरेंद्र मोदी जी ने तय किया था कि भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का दर्शन दुनिया को कराना है। पर यह कार्य आसान नहीं था। प्रधानमंत्री जी ने 27 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासंघ को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर दुनिया को स्वस्थ रहना है, गंभीर बीमारियों से मुक्त रहना है तो फिर भारत की प्राचीन योग विधि को अपनाना ही होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित कराना और विभिन्न देशों को मनाना आसान काम नहीं था। भारत की कुटनीति रंग लायी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान को थी। आज योग के माध्यम से पूरी दुनिया में भारत की संस्कृति का डंका बज रहा है। योग को रोजगार के साथ जोड़ने की दक्षता और शक्ति नरेंद्र मोदी जी जैसे दूरदृष्टि वाले राजनीतिज्ञ हो दिला सकते हैं।

कोरोना के दौरान गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को नरेंद्र मोदी जी ने अन्न उपलब्ध कराया है। कोरोना बीमारी जब से शुरू हुई है तब से आज तक निर्धन वर्ग को निःशुल्क खाद्यान उपलब्ध हो रहा है। जिसकी प्रशंसा पूरी दुनिया कर रही है। हर किसी को कोरोना का टीका मुफ्त लगाया जा रहा है।

राम जन्म भूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण सिर्फ हिन्दू संस्कृति का प्रचार-प्रसार भर नहीं है। यह रोजगार और पर्यटन से जुड़ेगा। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी बढ़ेगा। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। जम्मू-कश्मीर से धारा 370, 35ए समाप्त कर तथा आदिवासी, दलित, शोषित, वंचितों को सुविधा देकर देश के गण की समस्या दूर करने को कार्य चल रहा है।

पंडित जी के एकात्मक मानववाद के दर्शन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की समृद्धि और विकास की अलख जगाने, भारतीय संस्कृति और सभ्यता को विश्वभर में स्थापित करने का जो कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं, वह अद्भुत है। मोदी जी की सोच के केंद्र में व्यक्ति है, व्यक्ति के केंद्र में परिवार है, परिवार के केंद्र में समाज है, समाज के केंद्र में राष्ट्र है और फिर विश्व। अनंत ब्रह्मांड की कल्पना इसी दर्शन में है।

आचार्य जेबी कृपलानी जी के शब्दों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी दैवीय संपदा थे। पंडित जी को समर्थक और विरोधी दोनों ही बहुत सम्मान देते थे। भारतीय राजनीति की महान चिंतक, अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। **(राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा सह पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड)**

## खास बात

### खिलौना का बच्चों पर प्रभाव

**बृजमोहन ओझा**

**खिलौना** शब्द स्मरण में आते ही, अनेक प्रकार के खिलौने स्मृति में स्वरूप ग्रहण करने लगते हैं। खिलौनों को बच्चों के खेलने की वस्तु भले ही माना जाता हो, लेकिन ये आकर्षित सभी आयु वर्ग के लोगों को करते हैं। बच्चों के शैशव से किशोर होने तक खिलौने उनकी परवरिश के साथ, उनमें रचनात्मक विकास में भी सहायक हैं। खिलौनों का भारत के परिप्रेक्ष्य में कमजोर पहलू यह है कि हम खिलौनों का बड़ी मात्रा में आयात चीन से करते हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं तो इतनी अनूठी हैं कि ये बाल मनोविज्ञान का पूरा शास्त्र हैं। भारत में खिलौना निर्माण लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन था और कागज, धातु व लकड़ी से स्थानीय व घरेलू संसाधनों से बनाए जाते थे। जब रबर और प्लास्टिक का आविष्कार हो गया तो इनके खिलौने भी बनने लगे। ऑटो-इंजीनियरिंग अस्तित्व में आई तो चाबी और बैटरी से चलने वाले खिलौने बनने लग गए। नौवें दशक में जब कंप्यूटर व डिजीटल क्रांति हुई तो खिलौनों का रूप परिवर्तन हो गया। खिलौनों का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरने के बाद भारत ने चीनी खिलौना कंपनियों के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी। लेकिन सरकार वाकई चीनी उद्योग और उद्योगपतियों को पछाड़ना चाहती है तो नीतियों को उदार बनाने के साथ प्रशासन की जो बाधाएं पैदा करने की मानसिकता है, उस पर भी अंकुश लगाना होगा।

# सद्ज्ञान से प्रगति

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**ज्ञान** प्राप्ति का एक उपाय अनुभव भी है। सांसारिक चेष्टाओं को ध्यानपूर्वक देखा और समझा जाए। दूसरे व्यक्तियों के गुण, कर्म, स्वभाव का परिचय पाकर उनके व्यवहार का परिणाम देखा-समझा जाए और उससे शिक्षा प्राप्त की जाय । जब सत्कर्म करने वालों को सुख-शांति, संतोष और सम्मान का अधिकारी बनते देखें तो मान लेना चाहिए कि यही मार्ग हमारे चलने योग्य है।

इसी प्रकार मनुष्य अपने रहन-सहन, आचार-व्यवहार और गुण-कर्मों के परिणाम को देखकर भी शिक्षा ले सकता है। अपना सुधार कर अपने को ठीक मार्ग पर चलाकर ठीक लक्ष्य पर पहुँच सकता है। तात्पर्य यह कि सत्संग-स्वाध्याय, चिंतन-मनन और अनुभव के आधार पर व्यक्ति को सद्ज्ञान प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करते ही रहना चहिए।

बिना ज्ञान के न तो जीवन सफल होता है और न सार्थक । अज्ञानावस्था में भौतिक और आत्मिक दोनों जीवनों का नाश हो जाता है। इसलिए इस अंधकार से निकलकर ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर बढ़ते ही रहना चाहिए। इसमें प्रमाद अथवा आलस्य करने का अर्थ है-अपने सुर दुर्लभ मानव-जीवन को नष्ट कर देना, जिसमें भौतिक उन्नति तो की ही जा सकती है, आत्मप्रकाश भी पाया जा सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड

टैक्स की चोरी ...




साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉट काम

> **जगन्नाथपुर** में संकल्प यात्रा की जनसभा को संबोधित किया ह्न जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो अपराधी पुलिस के डर से भागे फिरते थे... लेकिन हेमंत सोरेन ने पुलिस को वसूली में लगा दिया है ह्न अपराधियों के डर से जनता भयाक्रांत है, व्यवसायी दहशत में है, महिलाएं असुरक्षित हैं
>
> **– बाबूलाल मंराडी, विधायक**

## रोचक ट्वीट

> **वर्षों** तक वन में घूम-घूम, बाधा-विघ्नों को चूम-चूम, सह धूप-घाम, पानी-पत्थर, पांडव आये कुछ और निखरसौभाग्य न सब दिन सोता है, देखें, आगे क्या होता है।
> राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की जयंती पर शत-शत नमन।
>
> **– हेमंत सोरेन, सीएम**





> **एशियाई** खेल शुरू होंगे, मैं भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। खेलों के प्रति भारत का जुनून और प्रतिबद्धता चमकती है क्योंकि हम एशियाई खेलों में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहे हैं। हमारे खिलाड़ी अच्छा खेलें। **– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# महात्मा विनन्दिया ने कहा: रावणे करिल ध्वंस, ना राखिल एक बंश।।



**डॉ हराधन कोईरी**

लंका दाहन करि, से जखन गेल फिरी।
अनुज लखन साथे, धनुर्वाण धरि हाथे
पार हैल बांधिया सागर, मात सुन आर किवाडर।
रावणे करिल ध्वंस, ना राखिल एक बंश।।

त्रिजटा द्वारा स्वप्न की कथा सुनकर सभी राक्षसी डरीं। डर कर जहाँ-तहाँ चली गयीं । तब सीता हाथ जोड़कर त्रिजटा से कहने लगीं। जल्दी से कोई उपाय करो जिसे मैं अपना शरीर छोड़ सकूँ। सीता की बात सुनकर त्रिजटा ने उन्हें बहुत प्रकार से समझाया और राम के बल, प्रताप और यश का बखान किया। इतना कहकर वह अपने घर को चली गयीं। सीता तब अशोक वृक्ष से विनती करने लगीं। हे अशोक! मेरा शोक हर लो और अपना नाम को सार्थक करो। सीता को अत्यंत विरह अवस्था में देखकर हनुमान व्याकुल हो उठे और विचारकर सीता के सामने अँगूठी डाल दी। जिससे सीता को लगा कि अशोक ने अंगारा दे दिया हो। हर्षित होकर हाथ में ले लिया तब उसमें देखा कि राम नाम अंकित है। अँगूठी को पहचान ली परन्तु आश्चर्य में पड़ गयीं। कविवर विनन्द ने सीता के हर्ष-विषाद का सुन्दर चित्रण करते हैं-

मुद्रिका देखिया सीता, दियेछे जनक पिता, विवाह कालेते रघुवरे, हेथा के आनिया दिल मोरे।
क्षणे क्षणे हरषित, क्षणे क्षणे विषादित।।

## धर्म अध्यात्म

> **विनन्दिया राम कथा क्यों महत्वपूर्ण है?**
>
> लोककवि विनन्दिया पंचपरगनिया भाषा-साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय कवि हैं। रामकथा का गान करने कवियों में अग्रणी हैं। इनके रामकथात्मक गीत ' विनन्दिया रामायण ' और ' विनन्दिया रामपाला ' आदि नाम से जाना जाता है। झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में पंचपरगिया है का विशिष्ट स्थान है। कविवर विनन्दिया को पंचपरगनि भाषा का सूर और तुलसी कहा जाता है। झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाएँ हैं

इतना ही नहीं सुन्दरकांड के अन्तर्गत हनुमान द्वारा अशोक वाटिका का विध्वंस, अक्षय कुमार का वध, मेघनाथ द्वारा हनुमान को नागपाश में बाँधकर लाना, हनुमान और रावण की बातचीत तथा लंका दहन का सुन्दर चित्रण कविवर विनन्दिया के पदों में देखने को मिलते हैं।

रावण को यह सूचना मिल जाती है कि राम की पूरी सेना ने समुद्र में सेतु बाँधकर लंका पर चढ़ाई कर दी है। इस बात से रावण अन्दर से डरे हुए हैं, परन्तु ऊपर से हँसते हुये अपने महल को आये । उसी समय मन्दोदरी रावण को अपने महल में ले जाकर मधुरवाणी से समझाती हैं। फिर भी रावण समझते नहीं । राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने रश्मिरथी में ठीक ही लिखा है- जब काल मनुज पर छाता है। पहले विवेक मर जाता है। यही स्थिति रावण की हुई है। मन्दोदरी रावण को विध्वंस से बचाना जाती हैं, परन्तु वे काल के वश हुए हैं। इसलिए मन्दोदरी की बात उन्हें विपरीत लगती हैं। ह्यलंकाकांडह्न का यह सुन्दर प्रसंग को देखिए-

बलिछे बिनय करि, रावण के मन्दोदरी
राजा दशानन, सरणे नाहिक मरन, राजा दशानन
राजा दशरथेर घरे, जन्मिलेन रघुवरे
नर नारायण सब दोष करिबे मोचन
राजा दशानन।।

विनन्दिया पंचपरगनिया भाषा के श्रेष्ठतम कवि हैं। उन्होंने लंकाकांड के अन्तर्गत आनेवाली रावण मन्दोदरी संवाद, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण को शक्ति लगना, सुषेण वैद्य द्वारा उपचार, कुंभकर्ण को जगाना आदि प्रसंगों का मनोहारी वर्णन किये हैं। जारी.......

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी पर ध्यान

**विज्ञान** व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है। देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**– नीलेश, गढ़वा**

### अमीरो की आय

**देश** की 83 पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) की सारी मार्केट केपीटलाइजेशन 15.16 लाख करोड़ रूपए है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट केपिटलाइजेशन 15.30 लाख करोड़ रूपए है। यह आय देश के सभी पीएसयू की कुल संपति के आस पास हो गयी है। देश के निजी सेक्टर के विकास का कहानी कह रही है। **– रामबालक सिंह, रांची**

# पं दीनदयाल उपाध्याय : राष्ट्रवाद और भारतीय राजनीति



**पंकज सिन्हा**

**कहीं** सत्य और कहीं मिथ्या, कहीं कटुभाषिणी और कहीं प्रियभाषिणी, कहीं हिंसा और कहीं दयालुता, कहीं लोभ और कहीं दान, कहीं अपव्यय करने वाली और कहीं धन सञ्चय करने वाली राजनीति भी वेश्या की भाँति अनेक प्रकार के रूप धारण कर लेती है । किंतु एकात्म मानववाद के मंत्रद्रष्टा पं दीनदयाल उपाध्याय ऐसे दुर्लभ राजनेता हुए जिन्होंने भर्तृहरि के इंगित कलुष को अपने में स्पर्श तक नहीं होने दिया।

दीनदयाल जी का जिस समय भारतीय राजनीति में उदभव हुआ उस समय भारतीय राजनीति कई विचारधाराओं में बंटी हुई थी। राजनीति का अर्थ पार्टी राजनीति से था राष्ट्र के लिए राजनीति का सर्वथा अभाव देखा जा रहा था ऐसे कठिन समय में दीनदयाल जी के विचारों ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देने का काम किया।

राजनीति भी अंततः राष्ट्र के लिए ही होती है। राष्ट्र का विचार त्याग दिया अर्थात राष्ट्र की अस्मिता संस्कृति इतिहास एवं सभ्यता का विचार ही नहीं किया तो राजनीति किस काम की। राष्ट्र का स्मरण कर काम किया तो सभी का मूल्य बढ़ेगा। राष्ट्र विचार के बिना सभी का मूल्य शून्य हो जायेगा। राष्ट्र का विचार करते हुए कदम आगे बढ़ाएंगे तो एक और एक मिलाकर दो नहीं ग्यारह हो जायेंगे। राष्ट्र का विचार के आधार पर संगठित होने के प्रयास से एक एक एक मिलकर एक सौ ग्यारह हो जायेंगे।

## सामयिक

दीनदयाल जी राजनीति में क्यों आए ? इस प्रश्न का उतर है कि वे राष्ट्रनीति के लिए राजनीति में प्रदापर्ण किए। वे देश की सत्ता चाहते थे लेकिन किनके हाथों में ? उनके विचार में सत्ता उनके हाथों में जानी चाहिए जो राजनीति का उपयोग राष्ट्रनीति के लिए कर सके।

सभी राजनीतिक दल अपने अपने विचार एवं लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे है। देश की उन्नति को गति देने के लिए राजनीतिक दलों की भूमिका अहम हो जाती हैं। दीनदयाल जी राजनीतिक दलों के बारे में अपना विचार रखते है की एक श्रेष्ठ दल जो सत्ता पर अधिकार प्राप्त करने का इच्छुक व्यक्तियों का एक टोली न होकर, एक जीवमान संगठन हो जिसका सत्ता प्राप्त करने के अतिरिक्त अपना अलग वैशिष्ट्य हो। वर्तमान समय में अधिकतर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ एवं दूसरे राजनीतिक दल को नीचा दिखाने की राजनीति ज्यादा कर रहे है जो देश के विकास में भी बाधक है। चुनावी संग्राम में हम देखते है की राजनीतिक दल जातिवादी समीकरण एवं धनबल बाहुबल का उपयोग कर रहे है यह स्वस्थ लोकतंत्र का परिचायक नहीं है। उनका मानना था की इसका इलाज स्वयं मतदाता की बुद्धिमता से ही संभव है।

दीनदयाल जी एक राजनीतिक पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता ही नही थे बल्कि एक विचारक की भूमिका में भी अपना योगदान दे रहे थे यही कारण है की दलीय राजनीति की रूपरेखा भी भारतीय समाज के सामने रखी। उन्होंने राजनीतिक दलों से पूछा की अच्छे दल की परिभाषा क्या होती है? दल का अर्थ सिर्फ सत्ता प्राप्त करने के लिए एकत्रित टोली नही है। वह तो विशिष्ट उद्देश्य के लिए स्थापित एक संस्था होती है। राजनीति दल का सिर्फ सत्ता प्राप्त करना लक्ष्य नहीं होता वह तो ऐसे दल के लिए अपने उद्देश्य पूर्ति का एक साधन मात्र होता है। दल के सभी स्तर के कार्यकर्ता में इस उद्देश्य के प्रति अनन्य भक्ति का होना नितांत आवश्यक है ।

(लेखक भाजपा से जुड़ें हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम रविवार को जिला महामंत्री रंजन फौजी के नेतृत्व में बूथ संख्या 44 पर भाजपा सदस्यों ने सुनी। मौके पर बूथ अध्यक्ष रवि सिंह, ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, मिथिलेश मंडल, अविनाश सिंह, संतोष सिंह, तपन चक्रवर्ती, राजू गुप्ता, जवाहर राय, अमरिंदर सिंह, नीरज प्रताप, शैलेंद्र राय आदि मौजूद थे।

### एक अक्टूबर को करें श्रमदान : राव



**रामगढ़।** छावनी परिषद के श्रीनिवास राव ने रविवार को बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाये रखना है। उन्होंने बताया की इसी कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर को बिजुलिया तालाब , सुभाष चौक, ब्रिगेडयर पूरी पार्क, नया बस स्टैंड आदि स्थानों पर लोग सुबह 10 :00 बजे पहुंचे और एक घंटे श्रमदान कर अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में मदद करें। श्रीनिवास राव ने बताया की यह अभियान सरकार के निर्देश पर चलाया जा रहा है, ताकि छावनी परिषद क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा सके।

### संस्कृति ही हमारी पहचान : विराट



**रजरप्पा ।** जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य सह युवा नेता विराट महतो ने कहा कि करमा प्रकृति का पर्व है। भाषा, संस्कृति ही हमारी पहचान है, इसको बचाए रखने के लिए हम सभी को आगे आने की जरूरत है। करमा महोत्सव भाई–बहनों को करम व धरम को लेकर मनाया जाता है। जो अपनी संस्कृति को भूलेगा वो समाज के प्रति अपना दायित्व को पूरा नहीं कर सकता है. झारखंड की संस्कृति को एक समृद्ध संस्कृति बताते हुए कि प्रकृति पर्व करमा का अपना एक विशेष महत्व है। झारखंड में सदियों से करमा पर्व मनाया जाता रहा है। पहले इस पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह होता था। वैसे उत्साह को अबतक बनाए रखने की जरूरत है।

### गरीब महिला गंभीर रोग से ग्रसित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सुंदरनगर पंचायत निवासी एक महिला पिछले दो माह से गंभीर रोग से ग्रसित है। परिजन आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण महिला का इलाज कराने में असमर्थ है। समाजसेवी मेराज अंसारी ने रविवार को पीडित परिवार से मुलाकात की। उन्होने बताया कि सुंदरनगर निवासी कामता राम की पत्नी देवन्ती देवी उम्र 43 वर्ष गम्भीर बीमारी से ग्रसित है। दो महीना से सिटी हॉस्पिटल रामगढ से इलाज चल रहा है। डॉक्टर का कहना है कि आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पीड़िता का समुचित इलाज नही हो पा रहा है। अंसारी ने समाज के समृद्ध और गणमान्य लोगो से गरीब महिला के इलाज में आगे बढकर मदद करने की अपील की है।

### प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन करेगा पीट मिटिंग




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन बरका सयाल एरिया कमेटी की बैठक रविवार को सेन्ट्रल सौन्दा यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कोल इंडिया में आहूत तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए एरिया के सभी शाखाओं में पीट मिटींग करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि संयुक्त मोर्चा के साथ हमारी यूनियन भी तीन दिवसीय हड़ताल में भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। उन्होने बताया युनियन आगामी 25 सितंबर को पोटंगा कोलियरी, 26 को बिरसा उरीमारी, 27 को बेस वर्कशॉप उरीमारी, 28 को वर्कशॉप सयाल, 29 को हाथीदारी भुरकुंडा, 30 को सेन्ट्रल सौन्दा साईडिंग, 1 अक्टूबर को लेनिन चैक सौन्दा डी और महाप्रबंधक कार्यालय में पीट मीटिंग किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष जगरनाथ पासवान और संचालन एरिया सचिव सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया।

### भदानीनगर मंडल ने सुनी मन की बात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के उपाध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में रविवार को लपगा पंचायत के बूथ संख्या 416 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के मन की बात ध्यान सुनी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश में चंद्रयान 3 का लैंडिंग की सफलता, महिला आरक्षण नारी वंदन शक्ति बिल को लोकसभा राज्यसभा में पास करने, जी–20 का सम्मेलन ऐतिहासिक कार्य सहित अन्य विषयों पर देश की जनता को जानकारी दी। मौके पर रामगढ़ जिला डीएमएफटी सांसद प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह, विश्वनाथ करमाली, विष्णु राय, वार्ड सदस्य बिमला देवी, राजू करमाली, संतोष ठाकुर, अनिल कुमार, चमन ठाकुर, गुड़िया देवी, जीरवा देवी, संतोष वर्मा, रंजीत प्रसाद, बिमला देवी, राजकुमारी देवी, बालदेव बेदिया, रमाशंकर बैठा, चंदन कुमार, गणेश बेदिया, रवि कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# भुरकुंडा में श्री बाबा श्याम महोत्सव आज

## कई प्रसिद्ध गायक भजनों से करेंगे अमृत वर्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री श्याम सखा मंडल भुरकुंडा के तत्वावधान मे सोमवार को हारे का सहारा श्री खाटु नरेश बाबा श्याम का भव्य महोत्सव पटेलनगर भुरकुंडा स्थित मारवाडी धर्मशाला में आयोजित की गई। महोत्सव की सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। महोत्सव में देश के प्रसिद्ध कलाकार अपने भजनों की अमृत वर्षा कर लोगो के बीच समां बांधेगे। बाबा श्याम के दरबार में राज्य के अनेक गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और भक्तगण आयेंगे। संध्या सात बजे अखंड ज्योत और हवन से दरबार शुरू होगा। छप्पन भोग, श्याम होली, बाबा के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्वलित होगी जो पूरे रात चलेगी।

उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी श्री श्याम सखा मण्डल भुरकुंडा के दिनेश राजगढ़िया ने दी। उन्होने बताया है कि महोत्सव में जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष गर्ग, कलकत्ता की मशहूर जोड़ी राज-गुरू,



जयपुर के गायक मनीष गर्ग।



टाटानगर की गायिका सौमी चौधरी।



धनबाद के गायक पंकज शर्मा।

टाटानगर की उभरती भजन गायिका सौमी चैधरी, कोलकाता के मशहूर तबला वादक गंगा दा, धनबाद के गायक पंकज शर्मा सहित अनेक कलाकार भजनो की वर्षा करेंगे।

महोत्सव में श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अलौकिक श्रृंगार, सवामणी भोग, छप्पन भोग, महाभोग, श्याम रसोई के संग भजनों की रस गंगा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इत्र वर्षा, श्याम संग पुष्पों की होली होगी। इस वर्ष भव्य श्री श्याम अखाड़ा का आयोजन होगा जिसमे सभी बड़े कलाकार भजनों संग अखाड़े में उतरेंगे। अपनी तरह का यह अनूठा कार्यक्रम होगा।

खीर चूरमा, छप्पन भोग, विभिन्न प्रकार के फल मेवा, पान सुपारी नारियल, रबड़ी और केसरिया दूध का भोग अर्पित किया जायेगा। साथ ही सम्पूर्ण रात्रि भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

**होंगे कई कार्यक्रम :** श्री श्याम बाबा के महोत्सव मे कई कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे श्री श्याम प्रभु के शीश का आगमन पर स्वागत एवं पुष्पवर्षा, अलौकिक श्रृंगार एवं दरबार सज्जा प्रातः 11बजे, निशान यात्रा संध्या 6 बजे, अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं हवन संध्या 7 बजे, भजनों की अमृत वर्षा संध्या 8बजे, छप्पन भोग रात्रि 9 बजे, इत्र वर्षा रात्रि 11बजे, पुष्प होली रात्रि 1बजे, श्याम अखाड़ा रात्रि 2बजे, आरती एवं प्रसाद सुबह 4 बजे तक होगा।

## लुपुंग में सदर विधायक ने दो सड़कों का किया शिलान्यास

# सड़क से अर्थव्यवस्था में होती है वृद्धि : जायसवाल

**करीब 3.5 करोड़ रुपये की लागत से 4.7 किमी पथों का होगा निर्माण**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी ।** रविवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत लूपुंग में ग्रामीण कार्य विभाग के करीब 3.5 करोड़ रुपए की राशि के करीब 4.7 किमी की दो प्रमुख सड़कों का शिलान्यास किया। इन दो पथों में लुपुंग शिव मंदिर चौक से पीडब्ल्यूडी रोड़ तक भाया श्मशान घाट तक पथ निर्माण कार्य (लंबाई 1.5 किमी)और लुपुंग मंदिर चौक से भदैया नदी तक पथ निर्माण कार्य (लंबाई 3.2 किमी) शामिल है। इन दोनों पथों के निर्माण में कुल 11 पुलिया और करीब 430 मीटर गार्डवाल का भी निर्माण होगा। शिलान्यास के बाद विधायक मनीष जायसवाल लुपुंग ग्राम स्थित कुम्हारटोली मुहल्ले के सड़क पर जल जमाव की समस्या का खुद स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान वर्ष विशेष मरम्मती कार्य हेतु मेरे द्वारा कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कुल 52 किलोमीटर सड़क के अनुशंसा किया गया है। जिसमें लुपुंग का मुख्य पथ भी शामिल है। उम्मीद है जल्द ही इसपर स्वीकृति भी मिलेगा और कार्य भी आरंभ हो जायेगा। लुपुंग पंचायत पहला ऐसा पंचायत होगा जहां एक साल में 10-12 किमी पथों का निर्माण होगा। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सड़क निर्माण से न सिर्फ सड़कों का नेटवर्क मजबूत होता है बल्कि सड़क किनारे और आसपास के जमीन के दामों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक तौर पर हम क्षेत्र के सभी वर्ग और समाज के उत्थान को लेकर लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी रहेंगे। मौके पर विशेषरूप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, कटकमसांडी पुर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, कटकमसांडी के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया रामकुमार मेहता, आरईओ के एसडीओ परमोद्ध राम, जेई सुभाष कुमार, विनोद सिंह,लक्ष्मन राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### झारखंडी संस्कृति को बचाना जरूरी : केदार



**बरही।** झारखंड प्रदेश की संस्कृति के अनुरूप प्रकृति के अनुसार करम पर्व महत्वपूर्ण है। इस बाबत बरही विधानसभा के युवा नेता व विधानसभा के भावी प्रत्यासी केदार यादव ने प्रेस को बताया कि करम पर्व झारखंड के लिए प्रमुख त्योहारों में महत्वपूर्ण है। इस त्योहार कोआदिवासी मूल के अलावे अन्य जातियों के लोग काफी धूमधाम से मनाते हैं। करम पर्व झारखंड के संस्कृति से जुड़ा हुआ परब है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से करम पर्व की संस्कृति पर चौतरफा हमला हो रहा है। कुछ वर्षों के अंतराल में लोग अपनी संस्कृति को भूलते नजर आ रहें है। जहां युवक-युवतियां अखाड़े में कानफाड़ू डीजे की धुन पर डिस्को करते नजर आ जाएंगे। जबकि करम पर्व में इस तरह के धुन पर नाचने गाने की संस्कृति कभी भी नहीं रहती है। करम पर्व सदियों से मनाई जा रही है। वर्तमान समय में करम गीत व लोक कलाकारों को बचाये रखना होगा। करम परब में कहीं भी डीजे की धुन पर डिस्को डांस हो तो सबसे पहले युवाओं को इसका विरोध करना होगा तभी झारखंड की संस्कृति बचेगी।

### अमनारी और भराजो में तीन घरों में चोरी

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के अमनारी में आदित्य आलोक पिता राजेंद्र महतो,सबिता देवी पति शैलेश पासवन एवं भराजो में गीता देवी पति हरि प्रजापति के घर शनिवार रात को ताला तोड गहना समेत नगद का चोरी चोरों ने कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भराजो में गीता देवी मेहमानी गयी थी घर पर बेटा बेटी छत के उपर कमरा में सो रही थी चोरों ने नीचे का ताला तोडकर घर में रखे पायल,सिकडी,सोना का कान वाला समेत नगद 15000 का चोरी कर लिया।

अमनारी में आदित्य आलोक परिजनों के साथ घर में सो रहा था बगल के दो घरों में चोरों ने बाहर से सिटकुनी लगा दिया था। दूसरे छत घर जिसमें पानी टपकता है और गिरने के कागार पर है उस घर में रखा सोना का कान वाला,चांदी का पायल,बेरा,सिकडी समेत 10000 नगद का चोरी चोरों ने किया। एक ही आंगन में बने घर सबिता देवी पति शैलेश पासवन, उषा देवी एवं मों बढनी जो हजारीबाग में रहता ह। उसके घर में चोरों ने ताला तोड़कर सारा समान ले गया। सबिता देवी बेटी के शादी के लिए जेवर बना कर रखी थी उसे भी हाथ साफ कर लिया। जिसमें सोना का कान का झुमका,एक जोडा कान का फूल,अंगूठी एख जोडा, मंगलसुत्र, चांदी का हार, सिकड़ी, लोकेट, पायल दो जोडा, बिछिया, नाक का समेत जरूरी कागजत ले भागा। सबिता की सास मो बढनी के कमरा से बक्सा ले भागा। चोरी की सूचना मिलते ही टाटीझरिया थाना से एएसआई बीपीन कुमार झा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।

### कराटे प्रशिक्षण सह प्रमाण पत्र वितरण

**भुरकुंडा ।** सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो का एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन वर्कर्स क्लब रिवर साइड में आयोजित किया गया। समारोह में भुरकुंडा, गिद्दी, सयाल के 45 कराटेकारो ने हिस्सा लिया। शिविर के पहले चरण में कराटे का ट्रेनिंग और दूसरे चरण में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रमाण पत्र वितरण किओसी नरेंद्र सिन्हा ने किया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में ब्राउन बेल्ट तेजस झा, साक्षी शर्मा, सन्नी कुमार, आदर्श कुमार, आयुष कुमार, ओजश दाधिच, पावनी दधिच,सत्यजीत कुलकर्णी, प्रत्युष सिन्हा, खुशदीप सिंह, अरनव सहित अन्य कराटेकार शामिल हैं।

### भुरकुंडा लायंस क्लब ने लगाया निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब भुरकुंडा ने रविवार को उत्सव मैरेज हॉल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया। शिविर मे रिम्स रांची के डॉ राहुल प्रसाद ने 62 लोगो के आंखो की जांच की। जिसमे 15 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाये गये। क्लब की अध्यक्षा माला शर्मा ने बताया कि 26 सिंतबर को वाहन द्वारा मोतियाबिंद के मरीजो को निरामया अस्पताल रांची ले जाया जायेगा। जहां डॉ राहुल प्रसाद द्वारा फेको विधि से मरीजो का ऑपरेशन निशुल्क किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने मे निरामया अस्पताल के बृजमनी तिर्की, जगत कुमार, अनिता केरकेटटा, हरिदास और अनिता का विशेष योगदान रहा। मौके पर क्लब के कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक सिन्हा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजु देवी, विजयंत कुमार, संजय कुमार, अखिलेश शर्मा, मो मुमताज, वीणा देवी, शिवा प्रसाद, एमजेएफ राजेंद्र महतो, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# आरक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं : प्रजापति



**कुजू।** बोंगावार मोतीराम कॉम्प्लेक्स में रविवार को महिला आरक्षण बिल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को लेकर उज्जवला फाउंडेशन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी व आशा देवी ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के दौरान उज्जवला फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने सर्वप्रथम नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनते हुए उनके द्वारा बताए गए विषयों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा संसद में महिलाओं के लिए लाए गए 33 प्रतिशत आरक्षण बिल के संबंध में चर्चा किया। मौके पर फाउंडेशन अध्यक्ष श्री प्रजापति ने कहा कि लाए गए कानूनी बिल के मुताबिक संसद भवन में महिला सांसद प्रतिनिधियों की संख्या आने वाले दिनों में अधिक होगी। इस बीच पूरे देश भर की महिलाओं की समस्या उनके द्वारा सदन में रखा जाएगा और इस बिल से महिलाएं काफी सशक्त होंगी। साथ ही आत्मनिर्भर की दिशा में अग्रसर होंगी। बाद में सदस्यों ने नए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं वित्त संबंधी स्थाई समिति के पांचवीं बार जयंत सिन्हा को अध्यक्ष चुने पर आभार जताया।

## महिला आरक्षण बिल छलावा : ऐपवा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ऐपवा ने अगामी 30 से 1 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होने वाले सम्मेलन को लेकर कुरसे पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं को ऐपवा के नीति और सिद्धांतों के आधार पर सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर ऐपवा के रामगढ जिला सचिव नीता बेदिया ने कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि हम मान लें कि वह महिला आरक्षण लागू करने के प्रति इतनी गंभीर है। इसके लिए उन्होने संसद का विशेष सत्र बुलाया है। लेकिन संसद में जो बिल लाया गया है, उससे सरकार की नीयत का खुलासा हो गया है। यह बिल जनगणना पूरी होने और उसके बाद डिलिमिटेशन की प्रक्रिया चलाने के बाद ही लागू होगा। उन्होने कहा कि मोदी सरकार भारत के इतिहास की एकमात्र ऐसी सरकार है जो दस साल बाद होने पुरानी जनगणना को करने में फेल हुई है। कोविड के बावजूद दुनिया में इस महामारी से सर्वाधिक प्रभावित देशों ने चीन, अमेरिका और ब्रिटेन सहित अपने यहां जनगणना का कार्य पूरा कर लिया है। लेकिन भारत में अभी तक जनगणना तक नहीं हुआ। केन्द्र सरकार का महिला आरक्षण बिल छलावा है।

## एक नजर में

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें : अकेला



**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत कर्मटाँड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज के सभागार में दिन रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया। बैठक में प्रखंड कमेटी मंडल कमेटी पंचायत कमेटी एवं बुथ कमेटी के पदाधिकारी, बूथ कार्यकर्ता , पार्टी के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम को बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, जिला कांग्रेस के कृष्ण रघु जायसवाल , पदमा बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, पदमा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता , मुखिया सीताराम मेहता इत्यादि अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। अकेला ने भारत में आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी की योगदान को लोगों को बताया, उन्होंने इंदिरा गांधी ,महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू ,भगत सिंह ,खुदीराम बोस इत्यादि महापुरुषों की जीवनी की चर्चा किया और कहा की भारत के विकास में जितना योगदान कांग्रेस पार्टी ने किया है उतना आज तक किसी पार्टी ने नहीं किया है। उन्होंने 2024 का चुनाव की तैयारी मजबूत तरीके से करने को कहा। मौके पर राजेंद्र मेहता, पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी, कुलदीप रविदास, प्रखंड सह अंचल प्रतिनिधि विजय रविदास, राजकुमार दास, अशोक राणा, शंकर यादव, राजेश मेहता ,संजय मेहता, पंकज मेहता, रामचरित्र मेहता, रामचंद्र मेहता, दीपक देव, भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक

**हजारीबाग।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्रह्मण समाज के कार्यकारिणी की बैठक हुरहुरु महेंद्र शर्मा जी की आवास में ही गई। अधक्षता प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाने और कोष को संग्रह कर विकास कार्य करन पर बात की गयी।कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्रह्मण समाज के प्रदेश स्तर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष एवम पदाधिकारी गण का शपथ ग्रहण समारोह 11 अगस्त को हुआ था उसी की संगठन मजबूती को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक और कोष की पहल को लेकर की गई सर्व सम्मति से एक स्वर में सभी बोले की कोश की आवश्यकता बहुत ही जरूरी है। कोष रहने से ही संगठन को आगे बढ़ाने में सफल होगी। प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा ने कहा कि समाज ही हम सभी का रीढ है। पैसा के अभाव में और न ही पैसे की अभाव के कारण कोई ब्रह्मण इलाज से वंचित नही रह सकता।बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य शंभू नाथ मिश्रा सचिव महेंद्र शर्मा धनेश्वर तिवारी ,सुरेश पांडेय मदन पांडेय उमेश पांडेय,मनोज पांडेय ,पवन जिगर पांडेय, रामरतन पांडेय शालिग्राम उपाध्याय सत्यनारायण पांडेय संदीप पांडेय, श्रीकांत पांडेय सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### महिला संकुल संगठन की वार्षिक बैठक

**विष्णुगढ़।** अलपिटो पंचायत के महिला संकुल संगठन सहकारी समिति की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ प्रखंड प्रमुख द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । कार्यक्रम का संचालन सीमा देवी ने की । बैठक में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया । बोर्ड ऑफ मेंबर के द्वारा गया कि सीआईएफ की राशि का उपयोग महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने में करें। कार्यक्रम में वार्षिक अंकेक्षण किया गया। वहीं बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीएलफ के कार्य प्रगति रिपोर्ट की जानकारी जीसीआरपी सुनीता देवी के द्वारा दिया गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि प्रतिनिधियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। बैठक में महिला संगठन के सीसी मंटू कुमार, पीआरपी प्रियंका कुमारी,अध्यक्ष सुमन देवी सचिव सोनम देवी कोषाध्यक्ष रूबी देवी लेखापाल अंजना मिश्रा जीआरपी शांति देवी और बैंक सखी अनिता कुमारी रिंकी देवी सुशीला देवी अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावे मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव वार्ड सदस्य रमेश पंडित घनश्याम पटक, के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक

**इचाक।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक उच्च विद्यालय सिझुआ के प्रांगण में दिन रविवार को बैठक पूर्व प्रमुख चंद्रदेव मेहता की अध्यक्षता में एवं संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष मुखलाल मेहता ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रदेश उपाध्यक्ष दिगंबर कुमार मेहता, डॉ आर सी प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुशवाहा, सुनील मेहता, प्रदेश सचिव, प्रभु दयाल कुशवाहा, रेणु कुमारी, अर्जुन मेहता जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा सचिव रामजी कुशवाह कोषाध्यक्ष रामशरण कुशवाहा जिला संयोजक दिनेश कुमार मौजूद रहे।इनके अलावे कई वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा एवं संगठन मजबूती,कोष संग्रह एवं सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष भीम मेहता सचिव गिरधारी महतो, कोषाध्यक्ष जागेश्वर मेहता को चयन किया गया। मौके भागवत मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता मुखिया नंदकिशोर मेहता, चोहन महतो उमेश मेहता ,मोदी मेहता,अनिल मेहता समेत कई लोग मौजूद रहे।

### श्री श्री दुगार्पूजा समिति की नयी कमिटी गठित

**चरही।** चुरचू प्रखंड के ग्राम जरबा में शारदीय दुगार्पूजा व नवरात्र को लेकर श्री–श्री दुगार्पूजा समिति जरबा की बैठक रविवार को देवी मंडप मंदिर परिसर में की गई।जिसकी अध्यक्षता प्रमुख निरंजन प्रसाद और संचालन रामचंद्र रवि ने किया। बैठक में पुराने कमिटी को भंग करते हुए बीते वर्ष के लेखा–जोखा को प्रस्तुत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुगार्पूजा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएग।पूजा को विधिवत तरीके और इसे सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं रहने नहीं दिया जाएगा।इसके लिए तैयारी भी जोर–शोर से की जा रही है।इसके लिए कमिटी को गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष किशोर कुमार ठाकुर,उपाध्यक्ष महेश राम,सचिव जागेश्वर प्रजापति,सह सचिव रामचंद्र रवि,कोषाध्यक्ष राजेश्वर राम, उपकोषाध्यक्ष कौशलेश कुमार, संगठनमंत्री नरेश प्रजापति,संचालक मंत्री राजेंद्र प्रजापति,संरक्षक मंत्री अवध श्रीमाली,संयोजक रामदुलार साव,जुलूस प्रभारी निरंजन प्रसाद नायक,प्रसाद वितरण कौशलेष किशोर,बसंत भगत,सुरज कुमार वर्मा,आशुतोष,राजन कुमार साव,अंबिका शरण राय सहित16 कार्यकारिणी सदस्यों को सर्वसम्मति से चयन किया गया।मौकपर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचमंदिर विकास समिति का हुआ गठन

**हजारीबाग।** शहर के बीचो बीच स्थित प्राचीन पंचमंदिर की सुन्दरीकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई । जिसमे कई हिन्दू संगठन तथा समाजसेवी उपस्थित हुए। सभी ने एक स्वर मिलाकर पंचमंदिर के सुन्दरीकरण की बात रखी । बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार गुप्ता तथा संचालन शशि भुषण केशरी ने की। पंच मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता तथा महासचिव शशि भूषण केशरी बनाए गए । कमिटि के उपाध्यक्ष में सुजीत कुमार , विशाल वाल्मिकी , अमन कुमार , बप्पी करण , आनंद गुप्ता सचिव रितेश कुमार सिंह , सुनील कुमार सिंह , सुरेन्द्र वर्मा , सुबोध सिंह , कुश सिन्हा , मनोज कुमार मेहता कोषाध्यक्ष दीप प्रकाश नारायण , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूपेश कुमार , सुनील सिंह , दिलचंद गुप्ता सुरेन्द्र मेहता , विकास हरि , सुचना सह मीडिया प्रभारी रोहित कुमार रजक , सह सचिव देवेन्द्र कुमार , अनिल यादव , अनुज रौनियार , संदीप पांडे , दीपक देवराज , मुंशी महतो , जागेश्वर साव , शंकर कुमार , दीपक कुमार , पिन्टू कुमार , रोहित कुमार , प्रेम कुमार ,विजय मेहता , सुरज कुमार साव , सुबोध यादव , सतीश सिंह , राज सुमन पासवान , संतोष कुमार , गजेन्द्र प्रजापति , निक्की कुमार , ओम कुमार सोनी , नवीन कुमार रामचन्दर साव तथा संरक्षक तथा मार्गदर्शक फलहारी बाबा एवं शिव शंकर प्रसाद को बनाया गया। बैठक में सैकडो की संख्या में समाजसेवी उपस्थित हुए।

# प्रकृति की पूजा का महान पर्व करम

## टाना भगत नहीं काटते करम वृक्ष की डाल

यह जानकर आश्चर्य होगा कि आदिवासियों का एक धड़ा अलग ही अंदाज में करम मनाता है। वह अंग टाना भगत है। ये उरांव आदिवासी समूह से आते हैं। 1912 ई. से जतरा टाना भगत की नेतृत्व में उरांव आदिवासियों का एक समूह महात्मा गांधी के नक्शे कदम चल पड़ा। अहिंसा के बड़े पुजारी हैं। महात्मा के अहिंसा मंत्र इन्हें भाया कि ये जीव हत्या से दूर हो गये। अभी किसी हत्या, खून-खराबा से कोसों दूर रहते हैं। इसी कारण ये पर्व त्योहारों या अन्य धार्मिक अनुस्ठान भी अलग अंदाज में करते हैं। मुर्गे, बकरे अन्य जीवों की बलि पर विश्वास नहीं करते । इसलिए करम पर्व भी अलग तरह से मनाते हैं। टाना भगत अखरा में करम डाल को नहीं गाड़ते हैं। ये करम के पेड़ की ही पूजा करते हैं। इनकी मान्यता है कि करम डाल को काटना मतलब पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना। जब हम करम पेड़ को आराध्य देव मानते हैं तो फिर उसे हम क्यों नुकसान पहुंचाये। करम डाल को काटना बड़ा अपराध मानते हैं। इसे किसी हिंसा से कम नहीं मानते हैं। इनकी ये मान्यता है कि करम की डाल को काटने से धर्म चला जाता है। इसमें धर्म कैसे हो सकते है। प्रकृति को नुकसान पहुंचाने को अच्छा कर्म कैसे माना जा सकता है। अच्छा कर्म नहीं है तो वह धर्म कैसे हुआ। इसी मान्यता के कारण झारखंड के टाना भगत अखरा में करम डाल न गाड़कर पेड़ की पूजा करते हैं। पूजा करने की विधि लगभग उरांवों के तरह ही है । करम कथा भी सुनी जाती है। पूजा के बाद भजन करते हैं। अखरा में नृत्य करते हैं लेकिन ये ज्यादातर भजन से करम देव की आराधना करते हैं। झारखंड में लोहरदगा, गुमला, चतरा, रांची, हजारीबाग में ज्यादातर टाना भगत निवास करते हैं। मुर्गे, बकरे आदि की बलि देकर पूजा अर्चना करने में ये विश्वास नहीं करते हैं। इसलिए यह समुदाय आज उरांव के होते हुए थोड़ा कटा हुआ और छिन-भिन्न नजर आता है। करम के दिन गीत इस तरह गाये जाते हैं- करम कर दिन पानी न बरिसाय हो, रिंगी रिंगी बरिसाय हो आदि।

डॉ कोरनेलियुस मिंज

## करम कब गाड़ा गया?

**करम** पर्व कब से मनाते आ रहे हैं यह कह पाना मुश्किल है लेकिन यह तय है जब से उरांव समुदाय खेती कार्य प्रारंभ किया होगा तभी से यह पर्व मनाया जा रहा है। ऐसे कुछ जानकार कहते हैं। करम पर्व को अन्य समुदायों की अपेक्षा उरांव समुदाय ज्यादा प्रचार प्रसार किया है। उरांव जाति भ्रमणशील थी, इसलिए कहा जाता सकता है कि ये जहां - जहां गये, वहां - वहां इस पर्व को लेकर गये। करम पर्व कैसे प्रारंभ हुआ, इसके पीछे का तर्क भी रोचक है। कहा जाता है उरांव जाति जब एक जगह से दूसरे जगह जा रहे थे, तभी दुश्मन उनके पीछे पड़ गये। अपने को बचाने के लिए जंगल का सहारा लिये। वे जंगल में घुस गये और घने पेड़ के नीचे जा घुसे। बड़े-बड़े पत्ते होने के कारण उन्हें दुश्मन ढूंढ़ नहीं पाये। कहा जाता है काफी दिनों तक वे वहां छिपे रहे। जब दुश्मन चले गये , तब वे बाहर आये। बाहर आकर उन्होंने देखा कि करम पेड़ के कारण वे बचे। करम पेड़



ने उनकी रक्षा की, इसलिए वे उसे आराध्य देव मानकर पूजा करम पेड़ की पूजा की। जीवन संरक्षक मानकर करम डाल की पूजा की गयी थी। यह दिन संयोग से भादो एकादशी का था। जहां वे छिपे थे वहां पर अन्न के कुछ दाने जमीन पर पड़ गये थे, नमी होने के कारण वे अंकुरित हो गये। धूप नहीं होने की वजह पीले पड़ गये थे, उसे पूजा के समय वे फूल के रूप में चढ़ाये। संभवतः यहीं से जावा उठाने की परंपरा प्रारंभ हुई । करम पर्व में जावा यहीं से प्रवेश किया। इस प्रकार उरांव समुदाय के लोग करम को अस्तित्व रक्षक, प्राकृतिक संरक्षण, परंपराओं का प्रतीक मानते हैं। दंत कथा तो यह भी है कि महोदव को खुश करने के लिए पार्वती देवी ने सात साल तक उपवास-परहेज किया था। जिस पेड़ के नीचे वह तपस्या करती थी वह करम वृक्ष ही था। इसलिए करम पर्व में लड़के उपासक का महादेव और लड़की उपासक को पार्वती कहा जाता है।

### रोहतास गढ़ के करम पेड़ की कथा

कहा जाता है कि रोहतासगढ़ में बहुत वर्ष पहले तीन डालियों को गाड़कर करम मनाया था, जिसका विसर्जन नहीं किया गया था। कालांतर में वे डालियां पेड़ का रुप धारण कर लीं। रोहतासगढ़ में अभी भी तीन बड़े-बड़े करम के विशाल वृक्ष हैं। रोहतास गढ़ में उरांवों ने तीन करम डाल को गाड़ कर करम पर्व मनाया था, वही डाल अब विशाल पेड़ बन चुका है, कुछ लोग ऐसे कहते हैं।

### करम पेड़ की महत्ता:

वैज्ञानिक हिसाब से देखा जाये तो ऑक्सीजन के लिए पेड़ होना जरूरी है। यही हमें जीवन देता है। अतः कहा जाता है कि एक पेड़ को प्रतीक मानकर जरूर पूजा की गयी लेकिन सभी पेड़ों की महत्ता है। वैसे कहा जाता है ऑक्सीजन देने में करम पेड़ सबसे आगे है। रोग-व्याधि को दूर करता है।

### खड़िया समुदाय का करम पर्व

## करम-धरम

आदि काल से खड़िया जनजाति समूहों में निवास करती रही है। वे खानाबदोश का जीवन व्यतीत करते थे लेकिन समूह में रहते थे। एक जगह से दूसरे जगह घूमते हुए इस जाति का विकास हुआ है। कालांतर में ये धीरे-धीरे एक जगह पर रहकर जीवन बिताने लगे। करम पर्व का इतिहास इनका बड़ा ही रोचक है। खड़िया समुदाय करम पेड़ को आराध्य देव क्यों मानता है इसके पीछे की कहानी बड़ा मनमोहक है। एक समय की बात है। खड़िया जनजाति के लोग एक साथ एक स्थान पर रहते थे। एक बार उनपर बाहरी शक्तियों ने आक्रमण कर दिया। गांव के पुरूस आक्रमणकारियों से लोहा लेने चले गये। पुरूसों के जाने के बाद कुछ घुड़सवार आक्रमणकारी सैनिक गांव आ धमके। पुरूषों की अनुपस्थिति में महिलाएं अपनी आबरू को बचाने के लिए भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगीं। भागते-भागते वे करम पेड़ की ओड़ में जाकर छिप गयीं। उनका पीछा करते हुए सैनिक वहां तक पहुंच गये लेकिन करम के घने पत्तों और पेड़ों के कारण सैनिक स्त्रियों को नहीं देख पाये।षाम होने तक वे करम पेड़ के नीचे छिपी रहीं। सुबह से वे कुछ नहीं खायी थीं। निराहार स्त्रियां छिपी रहीं। षाम होने तक पुरूस लड़ाई जीतकर वापस आये। उनके आने पर महिलाओं ने सारा वृतांत सुनाया। उस दिन भादो एकादशी का था। करम पेड़ ने स्त्रियों की अस्मिता की रक्षा की, कहकर करम पेड़ की पूजा की गयी। करम पेड़ को रक्षक भाई के रूप में माना गया। पूजा के लिए करम डाल को काट कर लाये और अखरा में स्थापित कर आराधना की गयी। स्त्रियां स्नान कर सज संवर कर करम डाल के चारों ओर बैठ गयीं। गांव का बैगा करम कथा सुनायी और पूजा की। तभी से खड़िया समुदाय में प्रत्येक वर्ष भादो एकादशी को कुंवारी लड़कियां अपने भाई की लंबी उम्र के लिए करम पूजा करती हैं।

### बिरजिया आदिवासी दिसंबर में मनाते हैं करम

बिरजिया आदिवासी भादो एकादशी के करम पर्व को उतना नहीं मनाते हैं। ये दिसंबर महीने में करम पर्व मनाते हैं। गांव के लोग मिल बैठकर तिथि तय करते हैं और एक दिसंबर से 30 दिसंबर तक किसी दिन करम पर्व मनाते हैं। प्रत्येक गांव में अलग-अलग दिन मनाया जाता है। अखरा में करम डाल को गाड़कर पूजा किया जाता है। पूजा के बाद सुबह तक नृत्य किया जाता है। सुबह में मड़वे की रोटी को करम डाल में बांध दिया जाता है। इसके बाद विसर्जन कर दिया जाता है।

### संतालों में करम पर्व

आदिवासियों के बीच करम पर्व का प्रचलन रहा है। इससे स्पस्ट होता है कि यह समुदाय प्रकृति से जुड़ा रहा है। भले ही करम पर्व अलग-अलग दिनों और तरीके मनाया जाता हो। संताल आदिवासी चार प्रकार से करम पर्व मनाते हैं। डंगुवा करम, बूढ़ी करम, पारिवारिक करम, मोरा करम। संतालों में भादो एकादषी के दिन मनाये जाने वाले करम पर्व को नहीं मनाया जाता है। अब क्यों नहीं मनाया जाता है, इसके स्पस्ट तर्क नहीं मिल पाये हैं?

### डंगुवा करम -

इस करम को समूह में मनाया जाता है। इसमें कुंवारे लड़के-लड़कियां शामिल होते हैं। अखरा में करम डाल गाड़ा जाता है। इसकी खास तिथि तय नहीं है लेकिन जुलाई अगस्त माह में मनाया जाता है। राखी यानी रक्षा बंधन त्योहार के आस-पास ही संतालों में यह त्योहार मनाया जाता है। भादो एकादषी को करम पर्व मनाने की परंपरा नहीं है। कुंवारे लड़के गाजा-बाजा के साथ करम की डाल को लाते हैं। दो ही करम की डाल लायी स्थापित की जाती है। यह डाल बहुत छोटी होती है। पूजा के बाद नृत्य का दौर प्रारंभ होता है। गाड़े गये करम डाल के चारों ओर लड़कियां नृत्य करती हैं। करम के नृत्य को रींजा नाच कहते हैं। लड़कियां थाली में दीया लेकर नृत्य करती हैं। उसके बाहर से गारलाकार बनाकर लड़के नृत्य करते हैं। कुछ समय तक नाचने के बाद दो लड़के गाड़े करम डाल को उखाड़कर उसे विर्सजन के लिए बाहर लाने की कोशिश करता है। जिसे अंदर में गोलाकार बनाकर नृत्य करने वाली लड़कियां बाहर लाने से रोकती हैं। इस दौरान छीना-छापटी होती है। जिसमें करम के पत्ते टूट कर अलग होते हैं। जिसे प्राप्त करने वाला अपने को सौभाग्यशाली समझता है। जिसके हाथ में करम की पत्ती आ जाती है वे आपस में करम डाइर जोराते हैं।

### बूढ़ी करम-

संतालों में बूढ़ी करम भी मनाया जाता है। इसमें बुजुर्ग शामिल होते हैं। अखरा में ही इसे स्थापित किया जाता है। इस करम में जवान शामिल नहीं होते हैं। बुजुर्ग नृत्य करते हैं। बूढ़ी करम में बड़े और अधिक दिनों की करम डाली को गाड़ा जाता है। इसका विसर्जन नहीं किया जाता है।

### पारिवारिक करम-

यह करम परिवार वालों के साथ मनाया जाता है। घर आंगन में करम गाड़ा जाता है। इसमें गांव के लोग समूह में शामिल नहीं होते हैं। संतालों में मान्यता है कि उबाले गये धान को सूखाने के बाद चावल बनाने के लिए रखा जाता है। इस धान में जब कोई धान अंकुरित हो जाता हो, या फिर गरम खाने में जीवित कीड़ा चलता-फिरता मिल जाये तो पारिवारिक करम मनाया जाता है। विश्वास किया जाता है कि ऐसा करके करम देवता पूजा करने के लिए कह रहा है। इसमें परिवार के रिश्तेदारों को आमंत्रित किया जाता है।

### मोरा करम -

मोरा करम किसी की मृत्यु के बाद के परिवार के लोग मनाते हैं। घर के किसी सदस्य की मौत होने पर करम गुरू कथाकार को बुलाया जाता है। इसमें सृष्टि की कथा सुनी जाती है। तीन दिन तक यज्ञ की तरह कथा चलता है। अंतिम संस्कार के बाद यानी दफन क्रिया के बाद करम गुरू घर वालों को दफन स्थान पर जाकर देखते की सलाह देता है कि उनके दफन मिट्टी में दूसरे दिन जाकर देखें कि उसमें क्या अंकुरित हुआ है। अगर उसमें कुछ घास या पौधा अंकुरित हुआ हो तो उसे माना जाता है वह व्यक्ति उस रूप में अवतार लिया है। इसलिए करम की पूजा की जाये। यह एक तरह से पुनर्जन्म में विश्वास का भी प्रतीक है। इसे मोरा करम के रूप में उस घर के लोग साल में कभी भी मनाते हैं। दुमका और पुरूलिया क्षेत्र में यह त्योहार ज्यादा मनाया जाता है।

### करम पर्व पर संतालों में सृष्टि की कथा कही जाती है-

करम पर्व की पूजा पाहन यानी संताली में नायके कराते हैं। मुंडा और हो समुदाय पाहन यानी पूजक को देवी कहते हैं। करम पर्व पाप-पुण्य, बुराई पर अच्छाई की जीत, भाई-बहन के प्रेम का रिश्ता को स्थापित करता है। संताली लोक कथा के अनुसार दुनिया में पहले पानी ही पानी था। देवी देवता उपर रहते थे। ये देवी देवता नहाने के लिए नीचे उतरते थे। नहाने के क्रम में मैला निकालता था, जिससे दो पक्षी बन गया। इसमें जान डाला गया। ये पंक्षी हंस के रूप में बने। हंस उड़ने लगे। उसे बैठने के लिए जगह चाहिए था, सो उसके लिए जमीन बनाना जरूरी था। जमीन बनाने के लिए मिट्टी की जरूरत थी। मिट्टी के लिए कछुवा सहित अन्य जंतुओं का उपयोग में लाया गया लेकिन वे पानी से बाहर मिट्टी नहीं ला सके। इस पर आखिरी में केंचुआ को मिट्टी लाने के लिए भेजा गया। केंचुआ मिट्टी खाकर मिट्टी के रूप में शौच करने लगा। शौच करके वह जमीन बना दिया। इस जमीन में पौधे और घास की सृष्टि हुई। यह पौधा करम था। हंस पक्षी उड़ने के बाद इसी पौधे में अंडे दिये। इस अंडे से पिलचु हड़म-पिलचु बूटी दो मानव की उत्पति हुई। एक बाद घास के बीज-चावल से हड़िया बनाया गया। इससे देवी पिलचु हड़म और पिलचु बूटी को दूर रहने के लिए कहा लेकिन इन्होंने इसे चखने की सोची। दोनों हड़िया को पी गये। इसके बाद दोनों में संसर्ग हुआ, जिससे सृष्टि हुई। इन्हीं से सात भाई और सात बहनों की उत्पत्ति भी हुई। फिर यहीं से अलग-अलग गोत्र भी रचना हुई। एक ही गोत्र में शादी व्याह की पाबंदी लगायी गयी। चूंकि मानव की सृष्टि सबसे पहले रचना की गयी पेड़



करम पर हुई। इसी पेड़ पर हंस पक्षी ने डेरा डाला और मानव उत्पत्ति की इसलिए करम पेड़ की पूजा की जाती है।

करम पूजा में दूब घास, अरवा चावल,चूड़ा आदि प्रयोग में लाया जाता है। पूजा में करम गंधि और घास को इसलिए चढ़ाया जाता है क्योंकि यह मिट्टी को बहने नहीं देता है। इससे पर्यावरण पेड़ पौधे बने रहते हैं। करम पर्व के बाद भेलवा, करगाले और करम डाल को खेतों में डाला जाता है। करम और भेलवा का तने औषधीय होते हैं। यह रोग कीटाणुओं को नष्ट करता है।

### इंदी पर्व -

यह पर्व भी खेती बारी से संबंधित है। कुआं, गोबर गडढे में चोंड़का गाड़ जाता है। मान्यता है इससे कुआं नहीं धंसता है। भेलवा की डाल को चरखा के रूप में बनाकर गाड़ा जाता है। संभवतः यह दखल के लिए किया जाता है। इससे यह पता चलता है कि अमुख खेत, अमुख कुआं, या अन्य अचल संपति पर मेरा अधिकार है।

### संतालों में डंडा कटना :

धान पकने के बाद स्नान करके भेलवा की डाल को फल के साथ काटकर लाया जाता है। पके हुए धान को काटकर उसे बीड़ा बनाकर उसमें भेलवा की डाली को फल के साथ पत्ते को भी बांधकर घर लाया जाता है। फिर धान को पैर से मिसकर अलग किया जाता है। इस अलग किये गये धान को भिंगाकर कूटा जाता है। इसके बाद इसे भूंज दिया जाता है। फिर चूड़ा बनाकर इसे भेलवा पत्ते में रखकर पूजा किया जाता है। भेलवा के पत्ते पर भेलवा के फल को एक तरीके और विधि से काटकर चूड़ा के साथ रखकर पूजन किया जाता है। पूजा समाप्त होने पर इसी चूड़ा को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। **लेखक गोस्नर कॉलेज से जुड़ें हैं।**

---

## कोने डाइर आले रे करम



डॉ.बीरेन्द्र कुमार महतो

(असिस्टेंट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट आफ नागपुरी रांची यूनिवर्सिटी, रांची)



# सात बहन-सात भाई का करम उत्सव

**करम**-करम कहले हो दादा
करमा के दिन कईसे आवे
भादो एकादशी करमा गड़ावे
सातो गोतनी सेवा करवयँ
बारह महीना के करम राजा
भइया मोरा उपासे आवें

खेतों में फसल लग जाती है और गोड़ा धान पकने लगते हैं, तब भादो एकादशी को करम की पूजा होती है. इस पर्व में 36 घंटों तक पूरा का पूरा गांव संगीतमय हो जाता है। झारखंड के सभी आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों में करम पर्व अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग विश्वास एवं मान्यता के साथ मनाया जाता है। करम पर्व का आयोजन विभिन्न चरणों में पूरा होता है। जिसमें करम के लिए जावा उठाना, करम काटने जाने के समय पूजन, करम काटने से पहले पूजा, करम डाल को अखाड़ा में गाड़ने की प्रार्थना, पाहन / पुरोहित के द्वारा करम पूजा, करम कहानी की परंपरा तथा करम विसर्जित करने की पूजन विधि मुख्य है। समाज में करम पर्व से संबंधित अनेकों कहानियां प्रचलित हैं। अधिकांश कहानियों में कुछ भिन्नताओं के बावजूद एकरूपता है। करम पर्व मनुष्य और प्रकृति के बीच के संबंध को प्रगाड़ करता है। साथ ही समाज और परिवार के संबंध को भी। इस पर्व को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य है बहनों द्वारा भाइयों के सुख व समृद्धि की कामना करना। यह कि हमारी झारखंडी संस्कृति और परंपरा को दर्शाता है। प्रकृति पर्व करम की प्रासंगिकता और भी पुख्ता हो जाता है जब यह देखते कि झारखंड के अगुवा डॉ रामदयाल मुंडा और रतन सिंह मानकी की पुस्तक 'आदि धरम' में इस बात की जिक्र है कि करम पर्व का विस्तार पूर्व में असम से लेकर पश्चिम में राजस्थान तक और उत्तर में नेपाल से लेकर दक्षिण में छत्तीसगढ़ तक है। यानी इन क्षेत्रों में किसी न किसी रूप में करमा पर्व को लोग मनाते हैं. यही नहीं मॉरिसस, कनाडा, बांग्लादेश अंडमान के अलावा जहां-जहां झारखंडी मूल के लोग रह रहे हैं वहां-वहां करम पर्व बड़ी श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया जाता है। इस भादो एकादशी के दिन लोग यह कहते हुये झूम उठते हैं -

आए गेलैं भादो, आंगना में कादो भाई रीझ लागे... झुमइर खेले में आगे भाई रीझ लागे...।सातो भइया, सातो करम गाड़ैं रे
सातो गोतनी सेवा करैं।
छोट भइया मांदर बजाएं
बड़ दादा गीत गावैं......
मुंड़े पगरी भुएं रे लोराए।
सातो बइनी उपासल
सभे बइनी पियासल
सातो बइनी करम का सेवा करैं।
खेलैं सभे भइया बइनी
लाली पगरी रे सोभे
भइयाक मुंड़े सोभे।।

झारखंड के किसी गांव में ननकी-ननका को बहुत दिनों बाद करम देव की कृपा से सात-सात बेटे हुए। उनके नाम हैं- करमा, धरमा,धनवा, रिझा, मंगरा, भंवरा और लिटा। सयाने हुए तो एक घर की सत बहनों से एक-एक का विवाह हुआ और भादो के एकादशी की रात करम की तीन डालियों को आकाश, धरती और पुरखों के प्रतीक रुप में तीन काल अतीत, वर्तमान और भविष्य को सुख-शांति से, सुंदरता, मधुरता और पवित्रता से जीवन व्यतीत करने के लिए पूजा आरंभ किया और रात भर करम गीतों से पूरे गांव को मांदर के धांतुग तुंग धूर की मधुर ध्वनि पर बेहद खूबसूरत सामूहिक नृत्य से करम देव को रिझाया और समूह भी रीझ रंग में सराबोर हो गया। तब से झारखंड में करम उत्सव करम कथा से आरंभ होकर आज तक की तिथि में होता आ रहा है।

आए गेलैं भादा, अंगना में कादो भाई रीझ लागे
झुमइर खेले में आगे भाई रीझ लागे।।

करम एकादशी भादो संध्या उपवास में भाइयों का दल जंगल से करम की तीन डालियां बाजे-गाजे के साथ काट लाया। उसे विधि-विधान से अखरा में स्थापित कर दिया गया।

बन से नेवइत लानल करम राजा गोइ गाड़ली
रे सरजमा कइर अखरा में गाड़ली
गाड़े के तो गाड़ल सखिन सब करल उपास गोइ गाड़ली
रे सरजमा कइर अंगना में गाड़ली।।

करम के पूर्व 15 दिन पहले ही भाइयों ने अपनी-अपनी नव विवाहि बहनों को ससुरला से विदा करा लाए हैं कि सातो बहन सातो भाई मिलकर मांदर के बोल पर अखरा सुहाना कर लेंगे ,फूलल कांसी फूल
बइनी के आस झूल
दादा-भइया आबैं लेगे
आयो-बाबा लाने भेजैं बेगे
सेकरे ले खंसी राखलो जोगाए
आउरो राखलों छोटकी ननंदी के समझाए।।

### करम गीत

करम पूजन के बाद बहन के द्वारा लाया गया सुंदर सजा मांदर भाई के गले में टंग गया। बहनें झूमर अंगनई गा रही हैं और भाई मांदर पर जनानी झूमर का ताल दे रहा है-

के तोरा लानल, हरवा रे डरवा
झिंगुली काटल मांदर गोइया
बहिन तोरा लानल हरवा रे डरवा
झिंगुली काटल मांदर गोइया।
भाई मोरा लानल लीला रंगल सारी गोइया।।

पूरे उत्साह उमंग आनंद में भाई-बहन अखरा में करम खेल रही हैं। किसी भाई का बजाते-बजाते मांदर जवाब दे दिया तो किसी बहन के कानो के गहने तरकी का रवा झड़ गया। खेलने वालों को कभी-कभी ठेस भी लग जा रही है -

भादो का एकादशी करम गाड़लैं सखी
कइसे खेलब बइनी भाई
मंदरिका कर मांदर फूइट गेल
सब सखी मिली-जुली डंडा जोरी खेलैं खेइल
बिन बाजाक बइनी भाई
खेलइयाक ठेस लाइग गेल
आधा राति गीते, पहर राति बीतल
मांदर गुंजरे भाई, तरकी कर रवा झइर गेल।।

बहन करम गोसांई से अपने भाई के लिए लंबी उम्र की मांग कर रही है
देउ देउ करम गोसांइ - देउ आसीस
मोर दादा जीए लाख बरिस।

भाई - बहन के असीम प्यार को तो देखिए
दुलारी बहिन करत हे करम झ
राजा भइया बजाए बांसी
छोटकी बहिन पूजत हे करम डाइर
दुलारा भइया बजात हे मांदर।।

स्पीड न्यूज

## कायस्थ परिवार का जनसंपर्क अभियान

**कतरास।** श्रीश्री चित्रगुप्त महापरिवार बाघमारा अंचल (सिनीडीह) में वर्ष 2023 में धूमधाम के साथ पूजा मनाया जायेगा। इसको लेकर समिति की ओर से तैयारी शुरू कर दिया गया है। श्रीश्री चित्रगुप्त महापरिवार बाघमारा अंचल (सिनीडीह) के सदस्यगण प्रथम चरण में कतरास, नावागढ, जामडीहा और लालबंगला (महुदा) के कायस्थों से मिलकर चित्रगुप्त पूजोत्सव के लिए आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया। पूजा का स्वरूप क्या हो इस पर सभी चित्रांशों की रायशुमारी के उपरांत आगे की तैयारी शुरू की जायेगी। संपर्क अभियान में चित्रांश उमेश श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, अजय राणा, समीर कुमार लाला, सुजीत सिन्हा आदि शामिल थे।

## डैफोडिल्स एकेडमी छातना में ड्राइंग प्रतियोगिता

**पुटकी।** करकेन्द डैफोडिल्स एकाडेमी, स्कूल छातना, जो कि डैफोडिल्स एकाडेमी स्कूल करकेंद का ब्रांच में धूमधाम से ड्राइंग कंप्टीशन कराया गया। इसमे 310 परतियोगिओ ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणपति पाल, संस्थापक देवहुति कलाकेन्द्र,जयपुर बांकुड़ा थे। विशिष्ट अतिथि आपस बनर्जी, प्राचार्य डैफोडिल्स एकाडेमी करकेंद थे। मंच संचालन विधालय शिक्षिका रोशनाई पाल,पायल चौधुरी, सीमा चंद, कर रहे थे।प्रतियोगियो को 6 ग्रूप में वांटा गया था। प्रत्येक ग्रूप के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियो को पुरस्कृत किया गया। शेष सभी को सान्तवना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विधालय संस्थापक सत्येन बनर्जी, प्राचार्य रूपा गांगुली, एजूकेशन डायरेक्टर एस सेन, उप प्राचार्य निसा मुखर्जी, इन्द्रनाथ पातशा, अभिषेक राय, राजश्री नायेर, दयामय पाल आदि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सभी अभिभावक एवं प्रतियोगियो को नास्ता और मिठाइयां दिया गया।

## पदयात्रा को लेकर ग्रामीण एकता मंच की बैठक

**पुटकी।** ग्रामीण एकता मंच के द्वारा दो दिवसीय पदयात्रा को लेकर ग्रामीण एकता मंच के सदस्यों की एक बैठक ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह के अध्यक्षता में हुई । जिसका मुख्य उद्देश्य 29 एवं 30 सितंबर को होने वाली 25 किलोमीटर की पदयात्रा जो धनबाद की धरती पर प्रदूषण और पर्यावरण के लिए पहली पदयात्रा होगी। मंच के इस पदयात्रा का सभी लोगों ने दिल से स्वागत कर रहे है और समर्थन भी दे रहे है। जिसमें बड़े-बड़े डॉक्टर समाजसेवी क्षेत्र के पार्षद गण मुखिया चेंबर के पदाधिकारी गण एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा समर्थन का सोशल मीडिया में बाढ़ सा आ गया । आपको बताते चले कि यह संस्था 2007 से ही प्रदूषण और पर्यावरण के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ रही है। और अभी इनका दो-दो जनहित याचिका माननीय उच्च न्यायालय में सुनवाई चल रहा है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि पदयात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल शर्मा, गोपाल गुप्ता, सुभाष पासवान, उदय तिवारी, उत्पल झा ,भोला शर्मा, विनोद सिंह, कमलेश तिवारी,ज्वाला सिंह ,नरेश भारती ,रामदेव चौहान, अजय पासवान, दिलीप सिंह, संजय चौहान, भोला सिंह ,अंगद सिंह, मुक्ति रंजन दास, अरुण पासवान इम्तियाज मौजूद थे।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने नितिन गडकरी को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर झारखंड के रांची से लेकर रजरप्पा पारसनाथ देवघर होते हुए पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले तक उपासना सर्किट के रूप में सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने इसे लेकर केन्द्रीय मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा।

### धनबाद के जीटी रोड पर नहीं रुक रहा गायों की तस्करी का धंधा

# कंटेनर में बंद 40 गोवंश को ग्रामीणों ने पकड़ा

**25 गोवंश मृत पाये गये, 15 की स्थिति मरणासन्न**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में धनबाद जिला से गुजरने वाली जीटी रोड गौ तस्करों के लिए सेफ जोन बन चुका है। सप्ताह भर पहले जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में कंटेनर के अंदर पकडे गए गौवंशो का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि रविवार को तोंपचाची के ग्रामीणों ने एक कंटेनर में तस्करी के लिए जाते हुए 40 गौवंशो को पकड़ा जिसकी सूचना उन्होंने तोंपचाची पुलिस को दी। सभी पकड़े गए गोवंशों को तोपचाची पुलिस ने कतरास गंगा गौशाला को सौपा।जिसमें 25 गोवंश मृत पाए गए हैं एवं 15 गौवंश की स्थिति गंभीर मरनासन्न अवस्था मे है। श्री गंगा गौशाला के सचिव महेश अग्रवाल ने बताया कि सभी गोवंशों को मुंह पुंछ एवं पैर बांधकर ठुस ठुस कर कंटेनर में भर गया था दम घुटने के कारण अधिक गौवंशों की मौत हो गई। गौशाला के अधिकारियों द्वारा पशु चिकित्सक को फोन करने के बावजूद भी 2 घंटे तक नहीं पहुंचे । कतरास गंगा गौशाला के कृषि सचिव एवं प्रांत गौ रक्षा प्रमुख श्री कमलेश सिंह ने बताया कि इस तरह की तस्करों पर झारखंड गोवंश हत्या निषेध अधिनियम 2005 संशोधित 2011 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए ताकि कम से कम 10 वर्ष का कारावास की सजा तस्करों को मिल सके और गाड़ी के मालिक पर भी कार्रवाई हो।

**कंटेनर में बंद कर गोवंशों को भेजा जाता है बंगाल**

बताते चले कि धनबाद जीटी रोड से प्रत्येक दिन सैकड़ों कंटेनर में हजारों की संख्या में गोवंशों को उत्तर प्रदेश बिहार तथा अन्य प्रदेशों से पश्चिम बंगाल भेजा जाता है। जहां से उन्हें बांग्लादेश के कत्लखानों में भेजा जाता है। गौ तस्करी में जिले के कई सफेद पोस्ट लोग भी जुड़े हुए हैं जिसको लेकर पिछले दिनों बरवाअड्डा में काफी हंगामा भी खड़ा हुआ था। सूत्रों के माने तो इस गौ तस्करी के कारोबार के पीछे एक बहुत बड़ा सिंडिकेट कम कर रहा है।

# रेलवे ठेकेदार से रंगदारी मांगने के तीन आरोपी गिरफ्तार, हथियार और गोली जब्त

**तोपचांची में रेलवे ओवरब्रिज बना रही है एनसीपीएल कंपनी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के तोपचांची में एनसीपीएल नामक कंपनी रेलवे ओवरब्रिज बना रही है उस कंपनी के कॉन्ट्रेकर से करोड़ों रुपए की रंगदारी की मांग करने वाले धनबाद के एक संगठित गिरोह के तीन अपराधियों को धनबाद पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़े गए अपराधियों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, तीन सिक्सर, तीन कट्टा और भारी मात्रा में कारतूस के अलावा एक पल्सर बाइक भी जब्त की है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जिन अपराधिक गिरोह के द्वारा धनबाद में फायरिंग, रंगदारी एवं अन्य घटनाओं का अंजाम दिया जाता रहा है इस गिरोह के द्वारा उक्त कंपनी के लोगों से काले रंग के स्कॉर्पियो पर जाकर मोटी रकम रंगदारी मांगी गई थी, नहीं देने की स्थिति में जान से मारने और काम नहीं करने देने की धमकी भी दी गई थी। पूरे मामले में सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी की संयुक्त अभियान से तीन अपराधियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए अपराधियों के पास से तमाम आर्म्स और कारतूस जब्त हुए हैं। बेसिकली ये अपराधी पूर्व में कई मामलों में संलिप्त रहे हैं और अवैध हथियार के खरीद फरोक में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। घटना में शामिल अन्य अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है और बहुत जल्द सबों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि कांड को उद्भेदित करने में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### अग्रवाल एवं संपूर्ण मारवाड़ी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन संपन्न

# समाज के सभी वर्गों को सामूहिक विवाह सम्मेलन को बढ़ावा देने की जरूरत : अजय मारू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा रविवार को मारवाड़ी समाज एवं संपूर्ण अग्रवालों का 26वां सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन महाराजा श्री अग्रसेन भवन में हुआ। सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। मुख्य अतिथि अजय मारू ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को सामूहिक विवाह सम्मेलन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है तथा समाज आर्थिक सामाजिक विषमताओं के इस दौर में दिखावे और फिजूल खर्ची तथा दिखावे की अंधाधुनिकरण की दौड़ से समाज को बचाने के लिए नई दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर चंडी प्रसाद डालमिया, रतन लाल बंका, ओम प्रकाश अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, शिवभावसिंहका, संजय सर्राफ, पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, रवि शंकर शर्मा, कमल कुमार केडिया, विजय कुमार खोवाल, कमल सिंघानिया, शत्रुघ्न गुप्ता, प्रेम मित्तल, राजेंद्र केडिया, विश्वनाथ जाजोदिया, अजय डीडवानिया, प्रमोद अग्रवाल, आनंद जालान, विनोद टिंबरेवाल, सुनील पोद्दार, कमल खेतावत, प्रकाश बजाज, नरेश बंका, निर्मल बुधिया, किशन साबू, अमित चौधरी, किशन पोद्दार, राजकुमार मित्तल, सुरेश चौधरी, राजेश कौशिक, प्रकाश नाहटा, आकाश अग्रवाल, मनीष लोधा, मंजीत जाजोदिया, मनोज रूईयां, अरविंद मंगल, कमल शर्मा, रतन अग्रवाल, किशन शर्मा, हनुमान बेड़िया, महेश खंडेलवाल, रूपा अग्रवाल रीना सुरेखा, उर्मिला पाड़िया, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, लक्ष्मी पाटोदिया, बीना मोदी, छाया अग्रवाल, मंजू केडिया आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# महानगर जगरनाथनगरिये दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने इंदरजीत सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धुर्वा मेफेयर बैंकवेट हॉल में रविवार को महानगर जगरनाथनगरिये दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। धुर्वा थाना एव जगरनाथपुर थाना के अंतर्गत 20 पूजा समितियों ने मिल कर नए समिति का गठन किया। रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के द्वारा चुनाव कराते हुए नए समिति का गठन किया गया। समिति के द्वारा इंदरजीत सिंह को अध्यक्ष एव रंजन यादव को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजित सहाय,महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव, राजन वर्मा, नंदकिशोर चंदेल, प्रदीप वर्मा, रविंदर वर्मा, संजय सिन्हा गोप, संजय मिनोचा, राणा रणधीर, अमरनाथ साहू एव मुन्ना यादव मौजूद थे। सभी लोगों को अपनी बातों को रखा एव चुने हुए प्रतिनिधिमंडल को माला एव चुनरी पहना के स्वागत किया। मंच संचालन शिवेश सिंह एव धन्यवाद ज्ञापन प्रणव सिंह ने किया।

**मुख्य टीम :** मुख्य संयोजक - कृष्णमोहन सिंह, मुख्य संरक्षक- राणा संग्राम सिंह, कुणाल अजमानी, संरक्षक- बिजय बहादुर सिंह, नंदन यादव, राकेश सिंह, धुनमून सिंह,भोला झा, कुणाल शाहदेव, हरेंद्र सिंह, सचिदानंद तिवारी, मुन्ना ठाकुर, संदीप कुमार, दीपक सिंह, विशाल सिंह, अशोक सिंह, शिवेश सिंह, संजय सिंह, शुशील वाजपेयी, प्रकाश कुमार। अध्यक्ष- इंदरजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- रंजन यादव, वरीय उपाध्यक्ष- आकाशदीप, गोपाल उपाध्याय, कुणाल सिंह, गुंजन सिंह, सिंटू सिंह, सचिन सिंह, सनी सिंह, शिवलाल सिंह, अमन चौहान, अमरेश शर्मा, जे पी शर्मा, दीपक देव, रवि शंकर, शाहिल सिंह, आमिर चंद, जितेंद्र जयसवाल, उपाध्यक्ष- सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष, महासचिव- धर्मवीर सिंह, कोषाध्यक्ष- अमित सिंह, मीडिया प्रभारी- मोनल श्रीवास्तव।

**महिला विंग :** संरक्षक- मंजू सिंह एव नीतू सिंह, अध्यक्ष- शुलेखा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- नीलम चौबे, महामंत्री- डॉली जयसवाल, उपाध्यक्ष- अनु सिंह, मंजू कुमारी, बबिता कुमारी, मोनिका कौर। मंत्री- किरण देवी, धरती देवी, संध्या सिंह, आशा सिंह, मंजू उपाध्याय बनी।

# एनएसएस युवाओं को सामुदायिक सेवा के लिए उन्मुख करता है : डॉ टीके शांडिल्य

### डीएसपीएमयू में एनएसएस के 54वें स्थापना दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस विंग की ओर से शनिवार को एनएसएस के 54वें स्थापना दिवस के मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौके पर जनजातीय सामूहिक नृत्य, एकल गीत, कथक नृत्य और सामूहिक नृत्य और एनएसएस वोलेंटियरों द्वारा एनएसएस से सबंधित नाट्य प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण और विषय प्रवेश एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि और अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि एनएसएस युवाओं को सामुदायिक सेवा के लिए उन्मुख करता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रारंभ में 37 विश्वविद्यालयों और 40 हजार स्वयंसेवियों के साथ शुरू हुआ यह अभियान आज दिन प्रतिदिन प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने एनएसएस के प्रमुख उद्देश्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह हमें आपस में सामाजिक और नागरिक जिम्मेवारी की भावना विकसित करने में सहायता प्रदान करता है।

यह इस बात पर बल देता है कि एनएसएस से जुड़ा विद्यार्थी व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं का व्यवहारिक हल खोजने में अपने ज्ञान का प्रयोग करें। इसके अलावा यह सामूहिकता और सहयोग की भावना में भी उत्तरोत्तर वृद्धि करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागदारी कर अपने व्यक्तित्व विकास की क्षमता में गुणात्मक परिवर्तन लायें। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू ने एनएसएस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चारित्रिक विकास के साथ साथ उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए जागरूक करने का कार्य करता है। आज आवश्यकता इस बात की है, कि कैसे अधिकाधिक विद्यार्थियों को इससे जोड़ा जाये। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय भरत ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस विंग की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शमा सोनाली सहित सभी सदस्य और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# प्रकृति पर्व करमा धूमधाम से मना आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ायें : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विधायक कार्यालय बरवा टोली में मांदर एवं नगाड़े (वाद्ययंत्र) का वितरण किया। मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अपनी सभ्यता संस्कृति और पूर्वजों द्वारा मिली परंपरा को बचाये रखने की जरूरत है। सामाजिक संस्कृति धार्मिक संस्कृति को बरकरार रखने के लिए लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। जिससे लोग कर्मा पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें। मेरा प्रयास है कि जिले के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हो, आधारभूत संरचना के साथ साथ सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा का विकास हो तभी एक सभ्य समाज की कल्पना की जा सकती है। इसलिए हमने अपने विधानसभा क्षेत्र में 300 पारंपरिक वाद्य यंत्र का वितरण किया। इसके साथ-साथ अखड़ा निर्माण, धूम कुड़िया निर्माण, पड़हा भवन निर्माण, सांस्कृतिक कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है ताकि संस्कृति को बचाया जा सके। इसके साथ-साथ प्रत्येक अखड़ा में सोलर लाइट का निर्माण जल्दी किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, रोहित उरांव, रविंदर सिंह खेरवार, रफीक अंसारी, सुशील उरांव, अमृता भगत, सुशीला देवी, संगीता उरांव, जैनुल अंसारी आदि थे।

# हाथियों के झुंड ने पोटसो में चार घरों को किया ध्वस्त

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट पोखरिया के बाद जंगली हाथियों के झुंड ने 23 सितंबर को पोटसो के जंगल में डेरा जमा लिया हैण हाथियों के झुंड ने बीते रात क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया और पोटसो में चार घरों समेत कई खेतों में लगी फसल को नष्ट कर दियाण हाथियों के झुंड ने पोटसो निवासी गिरधारी महतो के मुर्गी फार्म हाउस पर हमला कर दियाण इसी क्रम में हाथियों ने गिरधारी के कच्चा मकान सहित बाइक पूरी तरह तोड़ दियाण वहीं टेको महतोए कुला रविदास भवानी के खडम सिंहए लालचंद महतो की चारदीवारी को तोड़कर फसल को रौंद दियाण इसी दौरान हाथियों ने भवानी निवासी डालोराम महतोए सालुख महतो व परमेश्वर महतो की धान के खेत को पूरी तरह नष्ट कर दिया हैण वहीं धानेश्वर महतो की अरहर व बदाम की खेती को रौंद दिया है। इससे पोटसो के अलावा सुहरीए भवानीए अरगामोए खरपीटोए अहारडीहए ताराटांड़ आदि गांवों के ग्रामीणों में दहशत हैं। पोटसो पंचायत में उत्पात मचाने के बाद जंगली हाथियों ने शनिवार की सुबह पोटसो जंगल के डुंडा सिमर में आकर रुक गया है। इसकी सूचना पर मंत्री बेबी देवी ने प्रभावित स्थलों का निरीक्षण कर वन विभाग को कई निर्देश दियाण इधरए हाथियों के झुंड को देखने के लिए पोटसोए सुरहीए अहारडीह आदि गांवों के लोग दिनभर जंगल के पास जमे रहे।

# साईं नाथ विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, राँची के मैनेजमेंट विभाग में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के बहुद्देष्यीय हॉल में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ०) एस० पी० अग्रवाल का स्वागत मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष- प्रो० माउपिया एवं प्रो० राजीव कुमार, उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। तत्पष्चात विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ०) एस० पी० अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर किया। कुलपति महोदय ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक क्रियाकलापों एवं पाठ्यक्रमों से अवगत करवाया और छात्रों को भविष्य की लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीनियर और जूनियर छात्रों ने एक दूसरे के साथ मिलकर अनेकों प्रस्तुति दी। नवागंतुक विद्यार्थियों ने फ्रेषर्स पार्टी में मोहक परिधानों में रैम्प वॉक किया, अपनी अनूठी कला और गीत संगीत, नृत्य आदि कला प्रदर्षित किए। इस दौरान कई मनोरंजक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजि किए गए। फ्रेशर्स पार्टी के सफल आयोजन में विभाग के विभागाध्यक्ष- प्रो० माउपिया ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए सभी षिक्षक-षिक्षिकओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ० जितेन्द कुमार रजवार, डॉ० आलोक कुमार, प्रो० तदाशा बागची, एवं प्रो० सूर्यकांत महतो की सराहनीय भूमिका रही। अंत में सधन्यवाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# अखिल भारतीय शौण्डिक समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग उठी

खबर मन्त्र संवादाता

**रांची।** मोराबादी स्थित संगम गार्डन में रविवार को अखिल भारतीय शौण्डिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह सम्पन्न हो गया। इस दौरान शौण्डिक को अनुसूचित जाती में शामिल करने की उठी मांग। सम्मेलन को संबोधित करते हुए समीर कुमार महासेठ ,उद्योग मंत्री बिहार सरकार ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए शौण्डिक समाज को एकजुट होने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि हमने समाज के विकास के लिए काफी कार्य किया मगर हमारी राजनीतिक पहचान नही बन पाई जिसके लिए हमे एकजुट होकर कार्य करना होगा। मौके पर आदित्य साहू- सांसद राज्यसभा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सम्पूर्ण राज्य का दौरा कर के सभी से मिलना चाहिए और सभी की समस्याओं को जानकर विचार विमर्श कर उनके समाधान का प्रयाश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज मे दहेज की प्रथा जड़ तक है जिसे समाप्त करने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि हम बेटी बचाओ की बात करते है जो सही मायने में इस कुप्रथा के दूर होने से ही हो सकता है। सम्मेलन को संबधोधित करते हुए धीरज प्रसाद साहू-राज्य सभा सांसद सह संरक्षके झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए समाज के सभी लोगो से एकजुट रहने की कामना की।

उन्होंने कहा कि हमारा विकास तभी हो पायेगा जब हम एकजुट हो पाएंगे। मौके पर संबोधित झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहू ने कहीं अपने उद्गार व्यक्त करते हुए संघ के गठन में स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के योगदान की चर्चा की। उन्होंने शौण्डिक वर्ग को अनुसूचित जाति में शामिल करने की बात कही और कहा कि शीघ्र ही सरकार को इस सम्बंध मे ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने बताया की समाज के विकास के लिए सभी के बीच एकता और समरसता की भावना लानी होगी। इस मौके पर श्याम सुंदर प्रसाद, दिलीप कुमार,परमेश्वर महासेठ ,रंजन कुमार,सुनील साहू,उदय साहू,राजन साहू, सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।



# बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने दहलाया, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया

**एजेंसी**

**इंदौर।** शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव की तूफानी बल्लेबाजी के बाद भारत ने गेंदबाजी में दमदार खेल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे में 99 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 5 विकेट के नुकसान पर 399 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। हालांकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की पारी बारिश से बाधित रही, जिसके कारण DLS मैथड से लक्ष्य को संशोधित कर दिया गया। बारिश रुकने के बाद ऑस्ट्रेलिया को मैच में जीतने के लिए 33 ओवर में 317 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 217 रन के स्कोर पर सिमट गई। गेंदबाजी में भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने सबसे अधिक तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी ने भी एक विकेट लिए।

### शुभमन और अय्यर ने जड़ा शतक

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया विरोधी पर हर क्षेत्र में भारी पड़ी। एशिया कप में वापसी करने वाले श्रेयस अय्यर ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। विश्व कप से पहले अय्यर की यह पारी भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए निश्चित रूप से राहत की खबर है। अय्यर ने 90 गेंद में 105 रन बनाए जिसमें 11 चौके और 3 छक्के भी शामिल रहे। वहीं शुभमन गिल ने भी अपने फॉर्म को बरकरार रखते हुए 104 रन बनाकर आउट हुए। वनडे क्रिकेट में शुभमन गिल का यह छठा शतक है। वह भारत के लिए सबसे कम पारियों में छह शतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।

### राहुल की बैक टू बैक फिफ्टी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने भी कमाल का खेल दिखाया। राहुल ने मोहाली वनडे के बाद इंदौर में भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और लगातार दूसरी फिफ्टी लगाया। राहुल ने 38 गेंद में 52 रन बनाए। अपनी इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और इतने ही चौके लगाए।

### यादव की तेज तर्रार फिफ्टी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने भी अपनी बल्लेबाजी से कहर बरपाया। सूर्यकुमार ने सिर्फ 24 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए। सूर्यकुमार 37 गेंद में 72 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी इस पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए। इस पारी में उन्होंने कैमरून ग्रीन के खिलाफ चार गेंद में लगातार 4 गगनचुंबी छक्के जड़ दिए थे।



श्रेयस अय्यर मैन ऑफ द मैच रहे

### एबट ने मैच में ला दिया रोमांच

ऑस्ट्रेलिया के लिए नीचे क्रम में बैटिंग करने सीन एबट ने अपनी तेजतर्रार पारी से मैच में रोमांच ला दिया। आखिरी के ओवरों में सीन एबट ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर कुटाई की और वनडे क्रिकेट में सिर्फ 25 गेंद में अपना पचासा पूरा कर लिया। एबट 54 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में उन्होंने 36 गेंद का सामना किया जिसमें 5 छक्के और 4 चौके भी लगाए।

**भारत 399/5 (50 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| गायकवाड के. कैरी बो. हेजलवुड | 08 | 12 | 02 | 00 |
| गिल के. कैरी बो. ग्रीन | 104 | 97 | 06 | 04 |
| अय्यर कै शॉर्ट बो. एबॉट | 105 | 90 | 11 | 03 |
| राहुल बोल्ड कैमरन ग्रीन | 52 | 38 | 03 | 03 |
| किशन कै कैरी बो. जंपा | 31 | 18 | 02 | 02 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 72 | 37 | 06 | 06 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 13 | 09 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 14

**विकेट पतन** : 16-1, 216-2, 243-3, 302-4, 355-5.

**गेंदबाज** : स्पेंसर जॉनसन : 8-0-61-0, जोश हेजलवुड : 10-0-62-1, शॉन एबॉट : 10-0-91-1 कैमरन ग्रीन : 10-0-103-2, एडम जंपा : 10-0-67-1, मैथ्यू शॉर्ट : 2-0-15-0-

**ऑस्ट्रेलिया 217/10 (28.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मैथ्यू शॉर्ट कै. बो. कृष्णा | 09 | 08 | 02 | 00 |
| वॉर्नर एलबीडब्ल्यू अश्विन | 53 | 39 | 07 | 01 |
| स्मिथ कै गिल बो. कृष्णा | 00 | 01 | 00 | 00 |
| लबुशेन बो. अश्विन | 27 | 31 | 04 | 00 |
| इंगलिस एलबीडब्ल्यू अश्विन | 06 | 09 | 01 | 00 |
| एलेक्स कैरी बो. जडेजा | 14 | 12 | 02 | 00 |
| ग्रीन रन आउट (किशन) | 19 | 13 | 01 | 01 |
| शॉन एबॉट बो. जडेजा | 54 | 36 | 04 | 05 |
| एडम जंपा बो. जडेजा | 05 | 05 | 01 | 00 |
| हेजलवुड बो. शमी | 23 | 16 | 02 | 02 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 9-1, 9-2, 89-3, 100-4, 101-5, 128-6, 135-7, 140-8, 217-9, 217-100,

**विकेट पतन** : मोहम्मद शमी : 6-0-39-1, प्रसिद्ध कृष्णा : 6-0-56-2, रविचंद्रन अश्विन : 7-0-41-3, शार्दूल ठाकुर : 4-0-35-0, रवींद्र जडेजा : 5.2-0-42-3.

## वनडे फॉर्मेट में 3000 छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी भारत

भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 18 छक्के लगाए और इसी के साथ वनडे फॉर्मेट में 3 हजार छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई। भारत और विंडीज इस साल की शुरूआत से लगभग बराबर चल रहे थे लेकिन विंडीज द्वारा कम वनडे खेलने का फायदा टीम इंडिया को मिला

**भारत के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज**

- 286 रोहित शर्मा
- 229 महेंद्र सिंह धोनी
- 195 सचिन तेंदुलकर
- 190 सौरव गांगुली
- 155 युवराज सिंह
- 141 विराट कोहली
- 136 वीरेंद्र सहवाग
- 120 सुरेश रैना
- 86 अजय जडेजा
- 79 शिखर धवन
- 77 मोहम्मद अजहरुद्दीन
- 67 कपिल देव
- 66 हार्दिक पांड्या

**वनडे : सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीमें**

- भारत 3007+
- वेस्टइंडीज 2953+
- पाकिस्तान 2566+
- ऑस्ट्रेलिया 2476+
- न्यूजीलैंड 2387+
- इंग्लैंड 2032+
- दक्षिण अफ्रीका 1947
- श्रीलंका 1779+
- जिम्बाब्वे 1303+
- बांग्लादेश 959+
- अफगानिस्तान 671
- आयरलैंड 611
- स्कॉटलैंड 425
- यूएई 387
- नीदरलैंड 307



## शुबमन गिल ने रोहित शर्मा को पछाड़ा

शुबमन गिल को उनके करियर की शुरूआत में ही एक पीढ़ीगत प्रतिभा के रूप में पहचाना जाने लगा था। 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद पंजाब के बल्लेबाज ने अब तक अपनी क्षमता दिखाई है कि वह क्या कर सकते हैं। गिल इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। शुबमन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के 43 छक्कों की संख्या को भी पीछे छोड़ दिया जो इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूर्ण सदस्य देश के किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। इसके बाद शुभमन ने कैमरून ग्रीन द्वारा फेंके गए अगले ओवर में एक और चौका और छक्का लगाया। बारिश के कारण खेल रुकने से पहले दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2023 में 44 अंतरराष्ट्रीय छक्के लगाये।

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, फाइनल में होगा भारत से मुकाबला

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट टी-20 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उसका मुकाबला सोमवार को पहले सेमीफाइनल की विजेता भारतीय टीम से होगा। सुबह झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट मैदान में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से शवाल जुलफिका ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। मुनीबा अली ने 13 रन का योगदान दिया और ओमाइमा सोहैल को 10 रन के निजी पर रनावीरा ने परेरा के हाथों कैच आउट कराया। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा उसकी टीम का कोई भी बल्लेबाजी दहाई स्कोर नहीं बना सका। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ने 31 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिये। कविशा दिलहारी ने 15 रन देकर दो विकेट जबकि इनोशी प्रियदर्शिनी, अचिनी कुलासूर्या और इनोका रनावीरा को एक-एक विकेट मिला। श्रीलंका ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए केवल एक रन अतिरिक्त के रूप में दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की ओपनर चमारी अटापट्टू और अनुष्का संजीवनी ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 17 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट चमारी अटापट्टू (14) के रूप में गिरा। उसे सादिया इकबाल ने डायना बेग के हाथों कैच आउट कराया। दूसरा विकेट अनुष्का संजीवनी (15)रन के रूप में गिरा, उसे डायना बेग ने नश्रा संधू के हाथों कैच आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने टीम के सर्वाधिक (23) रन बनाए और उसे चौथे विकेट के रूप में सिदरा अमीन ने रन आउट किया। इससे पहले विश्मी गुणारत्ना को उम्मे हानी ने मुनीबा अली के हाथों स्टंम आउट करा दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (18)रन और हसिनी परेरा (एक) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने छह रन अतिरिक्त के रूप में दिये।

## भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों में भारत बनाम बंगलादेश महिला क्रिकेट टी-20 के मुकाबले में रविवार को दो विकेट पर 52 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 51 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की टीम को भारतीय गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही ओवर की पहली और पांचवी गेंद पर दो झटके दिये। उसके पूजा वस्त्राकर अपने स्पेल के तीसरे ओवर में शोभना मोस्तरी को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उस समय बांग्लादेश का स्कोर पांच ओवर के बाद 18 रन था। तितास साधु ने बंगलादेश के पावरप्ले में शोर्ना अख्तर को क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश को चौथा झटका दिया। इसके बाद 25 रन के स्कोर पर वैद्य ने निगार सुल्ताना को रन आउट कर दिया। आठवें ओवर में बांग्लादेश ने छठा विकेट के रूप में फाहिमा खातून रन आउट हुई।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम को थाईलैंड ने किया बाहर 1-0 की हार ने तोड़ा करोड़ों भारतीयों का सपना

**हांगझोऊ।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम रविवार को थाईलैंड से मिली 0-1 की हार के बाद एशियन गेम्स के नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही। भारतीय टीम ने अपने से ऊंची रैंकिंग की थाईलैंड टीम को चुनौती पेश की। लेकिन थोंग्रोंग परिचाट के 52वें मिनट में किए गए गोल की मदद से थाईलैंड की टीम अपने ग्रुप बी मैच में विजेता रही।भारतीय टीम एशियाड के शुरूआती मैच में चीनी ताइपे से 1-2 से हार गई थी। थाईलैंड के खिलाफ इस हार से भारत का दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमों में शामिल होने का मौका भी खत्म कर दिया जो पांच ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों के साथ नॉकआउट में पहुंचेंगी। भारत ने मैच में संयमित शुरूआत की और जिस तरह से उसकी खिलाड़ी मौके बना रही थी, वह प्रतिद्वंद्वी से कहीं बेहतर टीम दिख रही थी। अंजू तमांग ने 11वें मिनट में भारत के लिए शानदार मौका बनाया लेकिन उनका नीचा क्रास विफल रहा। पांच मिनट बाद मनीषा कल्याण ने भी बाला देवी और डांगमेई ग्रेस के साथ मिलकर दो मौके बनाए। लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। थाईलैंड की डिफेंसिव लाइन ने 25वें मिनट में मनीषा का शॉट रोक दिया और एक मिनट बाद ग्रेस का शॉट बार के ऊपर से निकल गया।

## म्यांमार से ड्रॉ के बाद भी राउंड ऑफ 16 में पहुंची भारतीय टीम, सुनील छेत्री ने रखी लाज

**हांगझोऊ।** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के गोल की मदद से भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने रविवार को म्यांमार से 1-1 से ड्रॉ खेलकर एशियन गेम्स के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया। अब प्री क्वार्टरफाइनल में भारत का सामना सऊदी अरब से होगा। छेत्री ने 23वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर गोल किया।म्यांमार के खिलाड़ी हेन जेयार लिन ने बॉक्स के अंदर रहीम अली को गिरा दिया जिससे भारत को पेनल्टी मिली। लिन को इस टैकल के लिए येल्लो कार्ड दिखाया गया और छेत्री ने इसे गोल में पहुंचाने में कोई चूक नहीं की। छेत्री ने दो दिन पहले दूसरे ग्रुप मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भी पेनल्टी स्पॉट से ही गोल दागा था।हालांकि म्यांमार ने कियॉ हतवे के 74वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बराबरी हासिल की। दोनों टीमों के समान अंक थे लेकिन ग्रुप ए से भारत ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया क्योंकि छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय फुटबॉल टीम ने टूनार्मेंट में म्यांमार से अधिक गोल दागे हैं।

## विश्व चैंपियन मुक्केबाज जरीन का दमदार आगाज, थि ताम को 5-0 से हराया, प्रीति अंतिम-8 में



भारत की दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां महिला 50 किग्रा भारवर्ग में वियतनाम की थि ताम एनगुएन पर 5-0 की दबदबे भरी जीत से एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में जबकि प्रीति पवार (54 किग्रा) ने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। निकहत और दो बार की एशियाई चैंपियन एनगुएन के बीच यह मुकाबला मार्च में विश्व चैंपियनशिप फाइनल का दोहराव था जिसमें इस भारतीय मुक्केबाज ने सर्वसम्मत फैसले में जीत दर्ज कर प्री क्वार्टर में जगह बनाई। प्रीति ने भी दबदबा बनाते हुए जोर्डन की सिलिना अलहासनात को हराया। 50 किग्रा स्पर्धा में मौजूदा विश्व चैंपियन होने के बावजूद निकहत उन चार मुक्केबाजों में से एक रहीं जिन्हें पहले दौर में बाई नहीं मिली है। प्रतियोगिता में ओलंपिक कोटा भी दांव पर लगा है। इस पर निकहत ने कहा कि वह पहले पेरिस के लिए क्वालिफाई करने पर ध्यान लगा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले क्वालिफाई करने पर ध्यान लगाए हूं। फिर मैं फाइनल और स्वर्ण पदक के बारे में सोचूंगी। लाइटवेट वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों मुक्केबाजों को ओलंपिक कोटा मिलेगा।

## साइना नेहवाल ने हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 की शुरुआत की

**गुरुग्राम।** प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने रविवार को देश के अग्रणी ब्रेड ब्रांड हार्वेस्ट गोल्ड 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' की शुरूआत की। रविवार को यहां ग्लोबल रेस 2023 वैश्विक स्तर पर आयोजित आठवें संस्करण के अवसर पर इस पहल के तहत रॉबिन हुड आर्मी की मदद से ब्रेड स्लाइस दान किए। हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 का उद्देश्य लोगों को देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करने वाले एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करती है। इस वर्ष 3,000 व्यक्तियों ने दौड़ में भाग लिया, जिससे हार्वेस्ट गोल्ड द्वारा रॉबिन हुड आर्मी को 60 हजार से अधिक स्लाइस ब्रेड दान किए गए। कंपनी ने इसी के तहत लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से साइना नेहवान को अपना रेस एंबेसडर बनाया है।

## बेजेच्ची शुरुआती इंडियन ग्रां प्री में चैंपियन बने

**नयी दिल्ली।** मूनी वीआर46 रेसिंग टीम के मार्को बेजेच्ची शानदार कौशल और जज्बे का प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां शुरूआती इंडियन ग्रां प्री जीतने में सफल रहे। बेजेच्ची ने जॉर्ज मार्टिन और चैंपियनशिप में शीर्ष पर चल रहे फ्रांसेस्को बगनाइया की चुनौती से पार पाते हुए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहला पोडियम स्थान हासिल किया। मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे जबकि बगनाइया चौथे टर्न में टकराने से कोई स्थान हासिल नहीं कर पाये। यामहा के फैबियो क्वाटार्रारो तीसरे स्थान पर रहे।

## श्रीलंका को लगा बड़ा झटका, हसरंगा क्रिकेट विश्व कप से बाहर

**कोलंबो।** श्रीलंका के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा ग्रेड 3 हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन के बाद भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप से बाहर हो सकते हैं। हसरंगा की चोट गंभीर है। उन्हें सर्जरी की भी आवश्यकता हो सकती है। इस बीच तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा और स्पिनर महेश थीक्षाना अभी भी चोटों से उबर रहे हैं। संभावना है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे और विश्व कप के लिए उपलब्ध रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट मेडिकल कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन ने कहा कि चिकित्सकीय रूप से यह असंभव लगता है कि वानिंदु मार्की टूनार्मेंट शुरू होने से पहले फिट हो पाएंगे।

**एशियाई खेल : अंक तालिका**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 20 | 07 | 03 | 30 |
| द. कोरिया | 05 | 04 | 05 | 14 |
| जापान | 02 | 07 | 05 | 14 |
| हांगकांग | 02 | 00 | 05 | 05 |
| उज्बेकिस्तान | 01 | 03 | 07 | 07 |
| चीनी ताइपे | 01 | 01 | 02 | 04 |
| भारत | 00 | 03 | 02 | 05 |
| इंडोनेशिया | 00 | 01 | 03 | 04 |
| मंगोलिया | 00 | 01 | 02 | 03 |
| ईरान | 00 | 01 | 01 | 02 |
| कजाकिस्तान | 00 | 01 | 01 | 02 |
| यूएई | 00 | 01 | 01 | 02 |
| ब्रुनेई | 00 | 01 | 00 | 01 |
| वियतनाम | 00 | 00 | 02 | 02 |
| मकाउ | 00 | 00 | 01 | 01 |
| थाईलैंड | 00 | 00 | 01 | 01 |
| फिलीपींस | 00 | 00 | 01 | 01 |
| उ. कोरिया | 00 | 00 | 01 | 01 |

# एशियाई खेल : भारत की झोली में पांच पदक, तीन रजत और दो कांस्य



**एजेंसी**

**हांगझोउ।** भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों में खाता खोलते हुए रविवार को महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुभवी मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसी की तिकड़ी ने 1886 अंक हासिल करके दूसरा स्थान पाया। चीन ने 1896.6 अंक के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारत दस मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत पदक की भी दौड़ में है चूंकि मेहुली और रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल आज ही होना है। क्वालीफिकेशन दौर में 19 वर्ष की रमिता ने 631.9 स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया जबकि मेहुली 630.8 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। चीन की तीनों निशानेबाज हान जिआयु, हुआंग युटिंग ओर वांग झिलिन फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं दक्षिण कोरिया की ली युंसिओ, मंगोलिनया की जी नंदिनजाया और चीनी ताइपै की चेन चि ने भी फाइनल में प्रवेश किया। रमिता ने क्वालीफिकेशन दौर में छह सीरिज में 104.3, 106.7, 105.2, 104.3, 105.4 और 106 स्कोर किया। वह चीन की हान जियान के बाद दूसरे स्थान पर रही। जियान ने 634.1 स्कोर करके एशियाई खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन में 630.8 अंक बनाए। उन्होंने 104.6, 105.7, 104.6, 105.1, 104.9 और 105.9 स्कोर किया। आशी चौकसी फाइनल में जगह नहीं बना सकी और 623.3 के स्कोर के साथ 28वें स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 1886.0 रहा जिससे उसे रजत पदक मिला।

## अर्जुन-अरविंद को नौकायन में रजत, कॉक्स एट टीम दूसरे स्थान पर

**हांगझोउ।** भारतीय नौकायन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में रविवार को शानदार शुरूआत करते हुए दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। सुबह अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने पुरूष लाइटवेट डबल स्कल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। भारतीय जोड़ी 6:28.18 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन के जुंजी फान और मान सुन ने 6:23.16 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उजबेकिस्तान के शखजोद नुरमातोव और सोबिरजोन सफरोलियेव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरूषों की कॉक्स एट स्पर्धा में भारत और चीन के बीच कड़ा मुकाबला था जिसमें भारतीय टीम 5:43.01 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन ने 2.84 सेकंड से बाजी मारकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम में नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष शामिल थे।



इंडोनेशिया को कांस्य पदक मिला। जापान और उजबेकिस्तान जैसे नौकायन के धुरंधरों की टीमें पाचवें और चौथे स्थान पर रही। कॉक्सलेस पेयर में भारत के बाबूलाल यादव और लेख राम को कांस्य पदक मिला जिन्होंने 6:50.41 सेकंड का समय निकाला। हांगकांग चीन ने स्वर्ण और उजबेकिस्तान ने रजत पदक जीता। भारत ने नौकायन में 33 सदस्यीय दल भेजा है। अरविंद ने पदक जीतने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य स्वर्ण था लेकिन दो महीने पहले लगी चोट के कारण उनकी तैयारियां बाधित हुई। उन्होंने कहा, हम 20.25 दिन अभ्यास नहीं कर सके क्योंकि मेरी कमर में चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य पेरिस ओलंपिक 2024 में पदक जीतना है। उन्होंने कहा, अब हम पेरिस ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करेंगे और 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने की कोशिश करेंगे।

उनके साथी अर्जुन ने कहा, हमने स्वर्ण जीतने की पूरी कोशिश की। हमारे कोच ने कहा कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो। हम अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दोहरा सके जो हमने पुणे में आर्मी नोडल सेंटर में किया था।'

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

**हांगझोउ।** चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपने पूल ए के पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराकर धमाकेदार शुरूआत की। भारत ने आज यहां अपने पहले मुकाबले के 7वें मिनट में ललित कुमार उपाध्याय ने पहला गोल किया। इस बीच वरुण ने अपनी ड्रैग-फ्लिक को गोल में तब्दील कर भारत की बढ़त 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपने अटैक और डिफेंस की बदौलत उज्बेकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। अभिषेक ने मनदीप के लेफ्ट फ्लैंक को गोल तब्दली बढ़त को कर 3-0 कर दिया। इसके ठीक अगले मिनट ही मनदीप सिंह ने एक बेहतरीन पास को गोलपोस्ट में पहुंचाकर टीम के स्कोर में इजाफा किया। ललित कुमार उपाध्याय ने एक और गोल कर टीम का स्कोर 5-0 पहुंचा दिया। मनदीप सिंह ने एक के एक दो गोल करते भारत का स्कोर 7-0 पहुंचा दिया। पहले हाफ तक भारत ने 7-0 से अपनी बढ़त बना ली थी और उसने उज्बेकिस्तान को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया।

## श्रीहरि व महिला फ्रीस्टाइल रिले टीम फाइनल में पहुंची

**हांगझोउ।** स्टार तैराक श्रीहरि नटराज और भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों में रविवार को क्रमशः सौ मीटर पुरूष बैकस्ट्रोक और चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले फाइनल में प्रवेश कर लिया। ओलंपियन माना पटेल, धिनिधि देसिंघु, जानवी चौधरी और शिवांगी शर्मा 3:53.80 सेकंड का समय निकालकर दस टीमों में छठे स्थान पर रहे। वहीं श्रीहरि 54.71 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में दूसरे और कुल पांचवें स्थान पर रहे। भारत के उत्कर्ष पाटिल 59.42 सेकंड के साथ पुरूषों की सौ मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 20वें स्थान पर रहे। तनीश जॉर्ज मैथ्यू और अनिल कुमार पुरूषों के 100 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में क्रमशः 12वें और 17वें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह नहीं बना सके।

स्पीड न्यूज

## चोरकारी गिद्धौर फीडर में आज बिजली रहेगी बंद

**इटखोरी।** चोरकारी गिद्धौर विद्युत फीडर में सोमवार को मरम्मत का कार्य किया जाएगा। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक मरम्मत का कार्य चलेगा। इस दौरान उक्त फीडर में विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी। शाम 4:00 बजे के बाद विद्युत की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

## मरीज की मौत पर लापरवाही का आरोप

**दुमका।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान विष्णु साह नामक मरीज की मौत होने पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा रविवार को जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार शहर के डंगालपाड़ा मोहल्ला में टोटो चार्ज में लगाने के दौरान शनिवार की रात वह बिजली करेंट की चपेट में आ गया था। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। विष्णु के मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर अस्पताल परिसर में हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि समय पर इलाज शुरू नहीं हुआ और नही समुचित इलाज हुआ। परिजनों को दवाई भी बाहर से लाने के लिए कहा गया। परिजन उचित मुआवजा एवं दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग करते रहे। परिजनों का कहना है कि विष्णु परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। दूसरे का टोटो चलाकर वह परिवार का भरण पोषण करता था। वृद्ध माता पिता के अलावे छोटा भाई, पत्नी और दो बच्चों की जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी। अब परिवार का गुजर बसर की समस्या उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस बाबत अस्पताल प्रबंधन कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## महिला कोषांग की बैठक में दो पक्षों में हुई सुलह-समझौता

**दुमका।** महिला थाना परिसर में महिला कोषांग की सुनवाई शनिवार को हुई। कोषांग में थाना प्रभारी एएसआई श्वेता कुमारी एवं महिला कोषांग के सदस्यों के उपस्थिति में पारिवारिक वादों में पक्षकारों की काउंसलिंग हुई। जिसमें कुल चार मामले में दोनों पक्षों को उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था। जिसमे दो मामले में आपसी सहमति नही हो पाने से निर्णय नही हो पाया। दो मामलो में आपसी सुलह-समझौता करा कर भेजा गया। जिसमें लक्ष्मणडीह सुभा देवी पिता प्रभाकर मंडल एवं पुराना दुमका बेदिया निवासी शिवशंकर मंडल के बीच सुलह हुआ। दूसरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र केन्वाद निवासी सुनिता देवी एवं थाना क्षेत्र के ही जितेन्द्र मिर्धा, गीता देवी, पति भागवत मिर्धा, भगवतीया देवी, पति बोका मिर्धा एवं करूव मिर्धा के बीच सुलह हुआ। इस मौके पर कोषांग सदस्य में डा.मनोज कुमार घोष, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, अधिवक्ता किरण तिवारी, बिणा सिंह, मेरीनिला मरांडी सहित अन्य मौजूद थे।

## बाबा गणिनाथ गोविंद का 21वां वार्षिक पूजनोत्सव

**दुमका।** अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार गुप्ता उर्फ बंटू एवं बैजनाथ गुप्ता को मंत्री बनाया गया। वैश्य सभा (हलवाई समाज) के दुमका शाखा के तत्वावधान में शनिवार को अग्रसेन भवन में बाबा गणिनाथ गोविन्द की 21वी वार्षिक पूजनोत्सव एवं जयंती कार्यक्रम में मनाया गया। संगठन के पूर्व कमेटी को भंग कर नये सिरे से कमेटी का गठन किया गया। नयी कमेटी में ज्योतिष प्रसाद राम एवं शम्भू प्रसाद साह को अध्यक्ष, सपन कुमार साह एवं राजा गुप्ता को उपाध्यक्ष, कौशल कुमार एवं राजीव रंजन गुप्ता को संयुक्त मंत्री, उत्तम कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, कन्हाई लाल गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार गुप्ता को अंकेक्षक, बिनोद कुमार गुप्ता को कार्यालय मंत्री और राहुल गुप्ता को मीडिया प्रभारी चुना गया।

# अनोखा स्कूल ! यहां बच्चों से फीस नहीं..., लिया जाता है कचरा

### बिहार के गया जिले में है यह स्कूल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गया।** आजकल स्कूल और उनकी फीस काफी चर्चा में रहती है। बिहार का यह स्कूल भी अपने फीस को लेकर चर्चा में है। इस स्कूल के शिक्षक बच्चों को स्कूल आने के दौरान रास्ते में मिलने वाले कचरे को उठाकर लाने को कहते हैं। बिहार के गया जिले में यह स्कूल है।

जहां पर बच्चे रोजाना रास्ते में मिलने वाले कचरे को उठाकर स्कूल लाते हैं। उसे डस्टबिन में डाल देते हैं। रास्ते में मिलने वाले कचरा ही इनकी फीस होती है। यानी कि इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को कोई पैसा नहीं देना होता और सिर्फ रोजाना इन्हें रास्ते में मिलने वाले कचरे को उठाकर लाना होता है। जी हां, यह स्कूल गया के बोधगया प्रखंड के सेवा बीघा गांव में मौजूद है। इस स्कूल का नाम पद्म पानी स्कूल है। जो 2014 से संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस गांव के आसपास कोई भी सरकारी स्कूल नहीं है और यहां के बच्चे काफी गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। गरीब बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने के लिए इस विद्यालय की स्थापना की गई थी। यह विद्यालय डोनेशन से चलता है और जो भी डोनेशन स्कूल को मिलता है, उससे बच्चों को निशुल्क पढ़ाई, कॉपी, कलम, जूता, कपड़ा खाना दिया जाता है।

वर्तमान में इस विद्यालय में 250 बच्चों का नामांकन है। कक्षा एक से लेकर कक्षा 8 तक की पढ़ाई होती है। 2018 में विद्यालय प्रबंधन ने यह फैसला लिया था कि बच्चों को यह महसूस नहीं होने दें की, उन्हें निशुल्क पढ़ाया जा रहा है। इसके बदले बच्चों से रोजाना कचरा उठाकर लाने को कहा जाता है। जैसे ही बच्चे घर से स्कूल के लिए निकलते हैं, रास्ते में जो भी कचरा मिलता है, उसे उठाकर लाते हैं। स्कूल गेट के पास रखे डस्टबिन में डाल देते हैं। कचरे का ढेर होने पर विद्यालय प्रबंधन कचरे को रिसायकलिंग के लिए भेज देता है। पद्मपानी एजुकेशनल एंड सोशल फाउंडेशन से संचालित पद्मपानी स्कूल कचरा बेचकर जो पैसा इकट्ठा करती है।

उस पैसे को बच्चों की पढ़ाई, खाना, कपड़ा और किताबों पर खर्च किया जाता है। बता दें कि विद्यालय में बिजली का कनेक्शन नहीं है, बल्कि स्कूल का संचालन सौर ऊर्जा से किया जाता है। गया का यह स्कूल पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश दे रहा है। स्कूल के बच्चे गांव के सड़क के किनारे हजारों पेड़ लगा चुके हैं। आसपास के लोग अब इस स्कूल से प्रेरित होकर अपने गांव मोहल्ले को नियमित रूप से साफ सफाई करने लगे हैं। स्कूल की प्रिंसिपल मीरा कुमारी बताती हैं कि कचरे के रूप में स्कूल फीस लेने के पीछे मुख्य मकसद बच्चों में जिम्मेदारी की भावना का एहसास कराना है। आखिर यही बच्चे तो बड़े होंगे। अभी से ही यह बच्चे पर्यावरण के खतरों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चे जब मैट्रिक पास कर जाते हैं तो उन्हें आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए 5 हजार की राशि प्रोत्साहन के तौर पर दी जाती है। नौवीं और दसवीं की पढ़ाई सरकारी स्कूलों में करने वाले यहां के बच्चों के लिए स्कूल एक्स्ट्रा क्लास की सुविधा भी दी जाती है। प्रिंसिपल ने बताया कि इस विद्यालय में सुबह क्लास शुरू होने से पहले प्रार्थना होती है उसके बाद भोजन करने से पहले भी प्रार्थना होती है। इसके अलावा गार्डेनिंग का काम भी बच्चे ही संभालते हैं।

# एनएसएस स्थापना दिवस पर सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम

### पदाधिकारी व बेस्ट वॉलेंटियर को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में मनाया गया। सुबह 10 बजे एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना ध्वज फहराया।उपस्थित कार्यक्रम पदाधिकारियों व स्वयं सेवकों ने एनएसएस लक्ष्य गीत का गाया। स्थापना दिवस पर मिनी कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में अध्यक्ष छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ संजय कुमार सिंह, मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि कुलानुशासक सह वित्त पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार एवं समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना से अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को जुड़ने का आह्वान किया। एनएसएस के प्रतीक चिह्न के द्वारा प्राप्त प्रेरणा को जाहिर किया। नई शिक्षा नीति में एनएसएस के महत्त्व को रेखांकित करते हुए सबके लिए एनएसएस को उपयोगी बताया। कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय में एनएसएस की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। डॉ सिन्हा ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, जागरूकता अभियान आदि सतत रूप से आयोजित करने पर बल दिया। जिसमे कॉलेजों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाने की बात की। कुलानुशासक सह वित्त पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार ने एनएसएस के द्वारा सतत राष्ट्रीय एकता और अखंडता के कार्यक्रम की प्रशंसा की। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के इतिहास पर प्रकाश डाला। एनएसएस स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं वैश्विक स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार रहने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने 2022 -23 का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक वर्ष में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, गणतंत्र दिवस परेड, एडवेंचर कैम्प में विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों, कार्यक्रम पदाधिकारियों की सहभागिता रही है। 54 विशेष शिविर लगाए गए। रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता अभियान, पौधरोपण एवं नियमित क्रिया कलाप के साथ मंत्रालय द्वारा निर्धारित विशेष कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय की भागीदारी रही है। इस अवसर पर पांच कार्यक्रम पदाधिकारी और 13 स्वयं सेवक, स्वयंसेविका को अपने-अपने कॉलेज का सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक सम्मान प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी का सम्मान एएस कॉलेज देवघर के डॉ भारती प्रसाद को एवं सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक का सम्मान जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा के आकाश पाण्डेय को दिया गया।

# हार को जीत में बदलना सीखना होगा : डीआइजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दो दिवसीय संथाल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन रविवार को हुआ। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित इस टूनामेंट में देवघर एवं गोड्डा का दबदबा रहा। लडको के अंडर 13 सिंगल्स में फाइनल मुकाबला गोड्डा के गुलशन कुमार एवं अश्विनी कुमार के बीच खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद गुलशन कुमार विजेता बने। जबकि 13 वर्ष से कम के बच्चो की डबल्स प्रतियोगिता में दुमका के रोशन राज एवं समीर हेंब्रम की जोड़ी को गोड्डा के प्रिंस कुमार एवं अश्विनी कुमार की जोड़ी ने हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। तीन सेटो में खेला गया यह मैच भी रोमांचक था। जबकि पुरुषो के डबल्स मुकाबले में देवघर की अंकेश कुमार एवं राहुल साह की जोड़ी ने दुमका के आकाश मंडल एवं अमन कुमार की जोड़ी को मुश्किल मुकाबले में हराकर जीत दर्ज किया। जबकि तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में देवघर के यशराज गुप्ता एवं रितांशु सिंह राणा की जोड़ी को तीसरा स्थान मिला। मेन्स डबल्स में विजेता को 11000, उपविजेता को 7000 एवं तीसरी विजेता जोड़ी को 5000 का नगद ईनाम एवं ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# एक बार फिर बाहरी-भीतरी का मामला गरमाया, पोस्टर चिपकाकर दी धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** उपराजधानी दुमका में इन दिनों बाहरी- भीतरी का मुद्दा एक बार फिर से गरमा रहा है। ताजा मामला दुमका बस पड़ाव में हुए विवाद से है। जहां शनिवार को देर रात अज्ञात लोगों द्वारा एक पोस्टर चिपकाया गया। पोस्टर में किसी का नाम नहीं लिखा गया है। लेकिन लाल रंग से लिखे पोस्टर में लाल रंग की एक चूड़ी भी चिपकाया गया है। पोस्टर में बाहरी - भीतरी का जहर घोलकर माहौल बिगाड़ने का एक प्रयास किया गया है। पोस्टर में बाहरी मेरा घर छोड़ो भी लिखा गया है। रविवार की सुबह लोगों की नजर जब पोस्टर पर गयी तो इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुचीं और पोस्टर को कब्जे में ली। पुलिस तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान में जुट गई है। पोस्टर किसने चिपकाया यह अनुसंधान का विषय है। लेकिन बस स्टैंड में पोस्टरबाजी से चर्चा का माहौल गर्म है। लोगों की जुबान पर तरह- तरह की बातें तैर रही है। दरअसल एक सप्ताह से दुमका का माहौल कुछ अशांत है और इसका केंद्र बिंदु बस स्टैंड ही रहा है। पिछले सोमवार को बस स्टैंड के एक कर्मी पर एक युवक के साथ मार पीट का आरोप लगा था। प्रतिशोध में युवाओं की टोली ने बस स्टैंड में जम कर तोड़ फोड़ और मारपीट करने के बाद बस स्टैंड के सामने सड़क जाम कर दिया। जाम हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। तीन युवकों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए युवकों को छोड़ने के लिए युवाओं द्वारा थाना में प्रदर्शन किया गया था। पुलिस ने तीनों युवकों को छोड़ दिया था। आरोपी बस स्टैंड कर्मी को जब पुलिस ने हिरासत में लिया तो मंगलवार की सुबह बस स्टैंड के कर्मी और यूनियन लीडर ने नगर थाना परिसर में धरना पर बैठ गए। मजबूरन पुलिस को उसे भी छोड़ना पड़ा। बस स्टैंड कर्मी बस स्टैंड परिसर में सुरक्षा की मांग लंबे समय से कर रहे थे।

एसडीओ के नेतृत्व में बस स्टैंड परिसर की सुरक्षा के मुद्दे पर वार्ता हुई। जिसके अनुरूप परिसर में स्थायी रूप से सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति की गई। 16 सीसीटीवी लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। लगा मामला शांत हो गया। लेकिन बस स्टैंड का विवाद अंदर अंदर सुलग ही रहा है। विवाद के दौरान आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। संथाल परगना मोटर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह पर संथाल समुदाय की भावना को आहत करने का आरोप लगा।

## आगामी त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक

**चतरा।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक चतरा के निदेर्शानुसार आगामी त्यौहार को देखते हुए सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चतरा, अविनाश कुमार सहायक समादेष्टा फ्ध्अत्र्न्न्न निरंजन कुमार , बीडीओ, गणेश रजक , थाना प्रभारी, सदर , शिव प्रकाश कुमार एवं शांति समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। इसमें सभी को शांतिपूर्वक माहौल में त्यौहार मनाने हेतु अनुरोध किया गया।साथ ही सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर भी लोगों को समझाया गया। पुलिस की विशेष निगाह सोशल मीडिया पर भी लगातार बनी रहेगी। जितने भी शरारती एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं उस पर पुलिस की विशेष निगाह बनी रहेगी।

# ईद ए मिलाद उन नबी पर कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज गोड्डा के व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय अल्प संख्यक फाउंडेशन गोड्डा द्वारा ईद ए मिलाद उन्नवी की इस फाउंडेशन द्वारा गोड्डा में, 26वी बार ये आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम आज के दिन पूरे विश्व में बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता है। पैगंबर मुहम्मद के अंतिम संदेश वाहक प्राफेट मुहम्मद साहब के जन्म दिवस पर मनाया जाने वाला त्योहार है जो बहाबी मुस्लिम छोड़कर संपूर्ण मुस्लिम समाज के लिए आज का दिन उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

जिसमे बच्चे बूढ़े बुजुर्ग सभी एक साथ इक्कठे होकर प्रेम भाईचारे और समाज कल्याण के लिए कार्य करते हैं ।आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बने पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना मंच पर सुशोभित होकर कार्यक्रम को और सफल बनाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में भूतपूर्व राजपत्रित पदाधिकारी मु० रज्जाक भूतपूर्व पदाधिकारी उपस्थित हुए कार्यक्रम को बेबी रायना जो अधिवक्ता अबुल कलाम आजाद की पुत्री हैं उसने बड़े ही खूबसूरती से मंच संचालन के कार्य का निर्वाह किया। इस अवसर पर शहर के कई स्कूलों के छात्र और छात्राओं ने कई प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमे वाद विवाद ,क्विज ,संगीत ,नृत्य ,भाषण प्रतियोगिता वगैरह और भी अन्य कितने तरह के कार्यक्रम शामिल किए गए थे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने अपने आख्यान में इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया और बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त माध्यम बताया ।हजरत मुहम्मद के अंतिम संदेश वाहक प्राफेट मुहम्मद के जन्म दिवस पर मनाया जाता है।

कार्यक्रम के आयोजन कर्ता के रूप में अधिवक्ता अबुल कलाम आजाद, अजीत कुमार सहाय अधिवक्ता, दिलीप तिवारी राष्ट्रीय अल्प संख्यक सेल के इंजीनियर फारुख होदा आदि मौजूद थे पूरा हाल अतिथियों और दर्शकों से भरी हुई थी। कार्यक्रम में अतिथियों की संख्या भी काफी थी जिसमे शहर के कई गणमान्य भी उपस्थित थे।

# गाजे-बाजे के साथ नम आखों से गणपति बप्पा की हुई विदाई

### जयकारों से गूंज उठा पाकुड़, विसर्जन के दौरान स्थानीय पुलिस रही चौकस

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** श्री श्री सार्वजनिक गणेश पूजा सेवा समिति रेलवे मैदान पाकुड़ द्वारा पूजा संपन्न के पश्चातनम भारी वारिश के बीच गाजे बाजे के साथ सैकड़ो भक्तो ने नम आंखों से प्रथम पूज्य गन गणपति बप्पा को विदाई दी। इसके साथ ही पच्चीस वें गणपति महोत्सव का प्रतिमा विसर्जन के साथ ही समापन हो गया। गणपति महोत्सव पांच दिनों तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।रेलवे मैदान पाकुड़ में पांच दिनों तक गणपति बप्पा मोरिया मंगलमूर्ति मोरया के जयकारों से गूंजता रहा। इन पांच दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित हुआ। जहां पड़ोसी राज्य बंगाल बिहार के साथ-साथ पाकुड़ जिले के भी अनेक कलाकारों ने अपनी कला का जौहर दिखाकर हजारों दर्शकों को मंत्र मुक्त किया।

पांचवें दिन डांडिया और मटका फोड़ का कार्यक्रम किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी हिस्सा लेकर आनंद का लाभ उठाया। मटका फोड़ में समिति के ही सदस्य अजीत मंडल ने मटका फोड़ कर पुरस्कार अपने नाम किया ।इसके उपरांत गणपति बप्पा के पच्चीस प्रतिमाओं को बड़े ट्रेलर में चढ़कर नगर भ्रमण कराया गया।इस शोभायात्रा में भारी बारिश के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गणपति बाबा के प्रतिमा को स्थानीय पुलिस के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बागतीपाड़ा स्थित मनसा मंदिर तालाब के पास पहुंची। जहां बारी-बारी से एक-एक कर पच्चीस मूर्ति सहित मुशकराज का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान गणपति महोत्सव के कार्यकर्ता भावुक दिखे सभी की आंखें नम थी ।सभी अपने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश से यह कामना और विनती कर रहे थे।

उत्सव को सफल करने में समिति के संस्थापक सदस्य हिसाबी राय, अध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी, सचिव लाल्टू भौमिक, कोषाध्यक्ष तन्मय पोद्दार सहित अजीत मंडल, संजय राय, मुन्ना रविदास,मनीष कुमार सिंह, अजय राय, बुबाई रजक, ओमप्रकाश नाथ, मोनी सिंह, विजय राय, अंकित शर्मा, अजय राय, दिनेश लालवानी, पवन रविदास, अंशअग्नि राज, नितिन मंडल, रवि पटवा आदि ने पूजा में सक्रिय भूमिका निभाई।

## पेज एक का शेष

### रांची-हावड़ा वंदे भारत...

पीएम मोदीजी लगातार देश को आगे ले जाने में लगे हुए हैं। इस ट्रेन चलने से झारखंड के लोगों को काफी राहत मिलेगी और झारखंड व बंगाल के लोग एक-दूसरे से ज्यादा जुड़ पायेंगे। इस मौके पर संस्कृति मंत्री (झारखंड) हफीजुल हसन, रांची के सांसद संजय सेठ, सांसद समीर उरांव, सांसद महुआ माजी, आदित्य साहु, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, पद्मश्री मधू मंसुरी, मुकुंद नायक, दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल मिश्रा, डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय सहित रेलवे के कई अधिकारी और विशिष्ट लोग भी उपस्थित थे।

**अभूतपूर्व अवसर :** मोदी- रविवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नौ वंदे भारत ट्रेनों के शुभारंभ कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि देश में आधुनिक कनेक्टिविटी विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यह गति और स्केल 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मैच कर रही हैं और यही आज का भारत चाहता है। वंदे भारत ट्रेनों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। 1,11,00,000 से अधिक यात्री पहले ही उन पर यात्रा कर चुके हैं। पीएम ने कहा कि रविवार को झारखंड, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, और गुजरात के लोगों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा मिली।

### देश की विविधता का...

लेकिन जो जीव-जंतु उनकी सवारी होते हैं, उस तरफ उतना ध्यान नहीं देते। ये जीव-जंतु हमारी आस्था के केंद्र में तो रहने ही चाहिए, हमें इनका हर संभव संरक्षण भी करना चाहिए। बीते कुछ वर्षों में, देश में, शेर, बाघ, तेंदुआ और हाथियों की संख्या में उत्साहवर्धक बढ़ोत्तरी देखी गयी है। कई और प्रयास भी निरंतर जारी हैं, ताकि इस धरती पर रह रहे दूसरे जीव-जंतुओं को बचाया जा सके। मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के चेन्नई में ऑटो ड्राइवर एम राजेंद्र प्रसाद जी भी एक अनोखा काम कर रहे हैं। वो पिछले 25-30 साल से कबूतरों की सेवा के काम में जुटे हैं। खुद उनके घर में 200 से ज्यादा कबूतर हैं। वहीं पक्षियों के भोजन, पानी, स्वास्थ्य जैसी हर जरुरत का पूरा ध्यान रखते हैं। इस पर उनका काफी पैसा भी खर्च होता है, लेकिन वह, अपने काम में डंटे हुए हैं।

### चलती ट्रेन में लाखों का डाका...

जांच-पड़ताल जारी : मामले की जांच पड़ताल में बरवाडीह और छिपादोहर पुलिस के साथ-साथ डालटनगंज जीआरपी और बरवाडीह आरपीएफ की टीम लगी है। अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। बरवाडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि ट्रेन में लूटपाट की घटना के संबंध में जीआरपी बरकाकाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। डालटनगंज रेल थाना की पुलिस ने यात्रियों का फर्द बयान लिया है। रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा ने बताया कि छानबीन जारी है। घटना की सूचना मिलने पर मेदिनीनगर से डीडीसी रवि आनंद , एसडीओ राजेश साह, बीडीओ अमिताभ भगत, थानेदार पुलिस बल के साथ पहुंचे। यात्रियों को समझा बुझाकर एवं उपचार कराकर ट्रेन को खुलवाया।

**कब हुई वारदात :** शनिवार की रात जम्मूतवी एक्सप्रेस 11:22 में खुली थी और बरवाहीह रेलवे स्टेशन पर 11:54 में पहुंची। इस दौरान डकैती ने घटना को अंजाम दिया गया। ट्रेन के ड्राइवर ने रेलवे अधिकारियों को बताया कि लातेहार से ट्रेन खुली थी और सीधे बरवाहीह में रुकी। इस बीच कहीं भी चेन पुलिंग की घटना नहीं हुई। बरवाहीह में मात्र दो मिनट के लिए ट्रेन रुकी थी। इस दौरान बरवाहीह में किसी को जानकारी नहीं दी गयी। बरवाडीह के बाद केचकी रेलवे स्टेशन पर सिग्नल हॉल्ट के लिए ट्रेन को रोका गया था। रात 12:37 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रुकी, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ और यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों के अनुसार घटना के बाद दूसरे स्लीपर बोगी में रेलवे की स्कॉर्ट पार्टी मौजूद थी।

**जवान को भी नहीं छोड़ा :** लूटकांड में डकैतों ने जवान को भी नहीं बख्शा। पंजाब रेजीमेंट के जवान गुरप्रीत सिंह राउरकेला से चलकर अमृतसर जा रहे थे इनके पास से 4500 रूपये नकद एवं गले का चेन तथा विभागीय दस्तावेज भी लूट लिये। इसमें रांची से अलीगढ़ जा रहे मिथिलेश कुमार से 10 हजार रपये, बैग व मोबाइल तथा यात्री मानस से दो हजार रूपये व मोबाईल, रिमझिम देवी से 10 हजार रुपये नकद एवं अन्य यात्रियों से भी नकद राशि , गहना, मोबाईल व सामान लूट लिये। हर्ष कुमार सिंह को पीटकर अंगुली तोड़ दिया गया। रौशन कुमार व संध्या देवी, अजय कुमार सिंह, अजय साहू व अन्य यात्रियों को पिटाई कर जख्मी कर दिया गया।

स्पीड न्यूज

## छत्तीसगढ़ कोयला लेवी घोटाले में नौ को नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर की एक विशेष अदालत ने कथित कोयला लेवी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी दो कांग्रेस विधायकों और सात अन्य को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कथित आरोपियों को 25 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने को कहा है। ईडी ने पिछले महीने चतुर्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत में इस मामले में दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र सिंह यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय और आईएएस अधिकारी रानू साहू समेत 11 लोगों को नामित किया गया है।

## कुलगाम में पांच हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के साथ ही पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से दो पिस्तौल, तीन हथगोले, एक यूबीजीएल और कुछ गोला-बारूद जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान आदिल हुसैन वानी, सुहैल अहमद डार, एतमाद अहमद लावे, मेहराज अहमद लोन और सबजार अहमद खार के तौर पर की गई है।

## पाकिस्तान : दो ट्रेनों में टक्कर, 31 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक यात्री ट्रेन मुख्य पटरियों पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई जिससे इस घटना में कम से कम 31 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। खबरों में कहा गया है कि यह हादसा शेखपुरा जिले के किला सत्तार शाह स्टेशन पर हुआ।

## कोलकाता में डेढ़ लाख के जाली नोट जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 1.5 लाख रुपये के मूल्य के जाली नोट जब्त किये गये और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने शनिवार शाम को ईडन गार्डन स्टेडियम के निकट एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से 500 रुपये के 300 जाली नोट जब्त किए।

## 15 अक्टूबर से शुरू होगा बिग बॉस 17

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन-17 शुरू होने का समय आ गया है। बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित ह्यबिग बॉस सीजन-17 15 अक्टूबर से सोमवार से शुक्रवार रात 10 बजे प्रसारित किया जाएगा। इसका प्रसारण शनिवार और रविवार को रात 9 बजे किया जाएगा। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 24 घंटे लाइव देखा जा सकेगा।



## अमेरिका के न्यूजर्सी में दुनिया के दूसरे बड़े मंदिर का उद्घाटन 8 अक्टूबर को

**रॉबिन्सविले (अमेरिका)।** आधुनिक युग में भारत के बाहर निर्मित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन आठ अक्टूबर को न्यू जर्सी में होगा। इस मंदिर को प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार बनाया गया है और इसमें 10,000 मूर्तियों एवं प्रतिमाओं, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य रूपों की नक्काशी सहित प्राचीन भारतीय संस्कृति को दर्शाया गया है। यह मंदिर कंबोडिया स्थित अंकोरवाट के बाद संभवतः दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है। बारहवीं सदी में निर्मित अंकोरवाट मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है, जो 500 एकड़ में फैला है। यह यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन) का विश्व धरोहर स्थल है।

# खालिस्तानी आतंकियों के ओसीआइ कार्ड होंगे रद्द

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा कनाडा स्थित नामित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की संपत्तियों को जब्त करने के एक दिन बाद, केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों से विदेश में बैठे भारत में वांछित अन्य आतंकवादियों की संपत्तियों की पहचान करने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने एजेंसियों से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में बसे खालिस्तानी आतंकवादियों की पहचान करने और उनकी विदेशी नागरिकता (ओसीआई) रद्द करने को कहा है ताकि वे भारत न आएं। सूत्र ने कहा कि इस कदम से सरकार को भारत से इन आतंकवादियों के वित्त को रोकने में मदद मिलेगी और उन्हें यहां आने की अनुमति भी नहीं मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि उनकी

**▸▸ विदेश में बैठे भारत में वांछित आतंकवादियों की संपत्ति जांच करें एजेंसी : सरकार**

संपत्ति यूए(पी)ए की धारा 33(5) के तहत जब्त की जाएगी। इससे पहले सुरक्षा एजेंसियों ने 11 व्यक्तियों की पहचान की थी, जिनके बारे में माना जाता है कि वे गैंगस्टर और आतंकवादी दोनों थे, जो वर्तमान में कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और पाकिस्तान में रह रहे हैं। सूची में गैंगस्टरों और आतंकवादियों के नाम शामिल हैं - हरविंदर संधू उर्फ रिंदा, माना जाता है कि वह पाकिस्तान में है, लखबीर सिंह उर्फ लांडा, सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनेके (तीन दिन पहले मारा गया), अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श दल्ला, रमनदीप सिंह उर्फ रमन जज , चरनजीत सिंह उर्फ रिंकू बिहला, सनावेर ढिल्लों और गुरपिंदर सिंह सभी कनाडा में हैं।

### फरार हैं 19 आतंकी

सरकार ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, यूएई, पाकिस्तान और अन्य देशों में रह रहे 19 फरार खालिस्तानी आतंकवादियों की पहचान की है। इसमें यूके में परमजीत सिंह पम्मा, पाकिस्तान में वाधवा सिंह बब्बर उर्फ चाचा, यूके में कुलवंत सिंह मुथड़ा, यूएस में जेएस धालीवाल, यूके में सुखपक सिंह, यूएस में हैरियट सिंह उर्फ राणा सुंघ, यूके में सरबजीत सिंह बेनूर, कुलवंत सिंहगुरमीत सिंह और गुरप्रीत सिंह , अमेरिका में हरजाप सिंह दिंघ, पाक में रणजीत सिंह नीता, यूएई में जैस्मीन सिंह हकीमजादा, ऑस्ट्रेलिया में गुरजंत सिंह ढिल्लों, यूरोप और कनाडा में जसबित सिंह रोडे, अमेरिका में अमरदीप सिंह पुरेवाल, कनाडा में जतिंदर सिंह ग्रेवाल, यूके में एस. हिम्मत सिंह शामिल हैं।

# देश के हर हिस्से को जोड़ेगी वंदे भारत

**प्रधानमंत्री ने नौ ट्रेनों को दिखायी हरी झंडी, कहा- बढ़ रही है पर्यटकों की संख्या**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब रेलगाड़ियों की यह श्रृंखला देश के हर हिस्से को जोड़ेगी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वंदे भारत ट्रेन की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और देश के हर हिस्से में इसकी मांग हो रही है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नौ वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर कहा कि जिन स्टेशनों तक वंदे भारत एक्सप्रेस की सुविधा पहुंच रही है वहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में आज आत्मविश्वास का जो वातावरण बना है वैसा पिछले कई दशकों में नहीं हुआ है। उन्होंने चंद्रयान-3, जी20 के सफल आयोजन और भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के प्रक्षेपण



का जिक्र करते हुए कहा कि आज हर भारतवासी अपने नए भारत की उपलब्धियों से गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि अगर इरादे मजबूत हों तो कठिन से कठिन लक्ष्यों को भी हासिल किया जा सकता है। विशेष तौर पर जी20 के सफलआयोजन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसकी कामयाबी ने यह विश्वास दिलाया है कि भारत के पास लोकतंत्र और भौगोलिक परिस्थिति के साथ ही अपनी विविधता की अमूल्य ताकत है और इसके कौशल की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर

### देश के कई रेलवे स्टेशनों का संचालन कर रही हैं महिलाएं

देश के कई रेलवे स्टेशनों का संचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किए जाने के लिए उन्होंने रेलवे को बधाई दी और कहा कि सरकार रेलवे में यात्रा की सुगमता पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि वंदे ट्रेन इसी भावना का प्रतिबिंब है।

रवाना किया। राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात शामिल हैं। नयी वंदे भारत रेलगाड़ियां उदयपुर-जयपुर, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई, हैदराबाद-बेंगलुरु, विजयवाड़ा-चेन्नई, पटना-हावड़ा, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी, रांची-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच चलेंगी। वंदे ट्रेन के जरिये रांची-हावड़ा, पटना-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय इन गंतव्यों के बीच वर्तमान में उपलब्ध सबसे तेज ट्रेन की तुलना में एक घंटे कम होगी।

## भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा बनेगा विश्व व्यापार का आधार

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी20 में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किए जाने और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा बनाए जाने के बारे में दिये अपने सुझाव का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि इन फैसलों ने विश्व के शक्तिशालों देशों के इस समूह में भारत के नेतृत्व का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 105वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए इस प्रस्तावित आर्थिक गलियारे की तुलना भारत के अत्यधिक समृद्ध काल में व्यवसाय और व्यापार का प्रमुख माध्यम रहे सिल्क रूट से की और दावा किया कि आने वाले सैकड़ों वर्षों के लिए यह विश्व व्यापार का आधार बनेगा। मोदी ने मन की बात के इस संस्करण में जहां चंद्रयान-3 और जी20 की सफलता के साथ ही रोजगार सृजन में पर्यटन की भूमिका, भारत में विश्व विरासत स्थलों की बढ़ती संख्या और भारतीय संगीत के प्रति दुनिया भर

**मन की बात में प्रधानमंत्री बोले विश्व के शक्तिशालों देशों ने भारत के नेतृत्व का मना लोहा**

में लोगों के बढ़ते आकर्षण का उल्लेख किया, वहीं त्योहारों के दौरान स्थानीय उत्पादों की खरीद का मंत्र भी याद दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों उन्हें चंद्रयान-3 और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी20 के सफल आयोजन के बारे में देश के हर हिस्से और समाज के हर वर्ग व उम्र के लोगों के अनगिनत पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा कि जब चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा पर उतरने वाला था, तब करोड़ों लोग अलग-अलग माध्यमों से इस घटना के पल-पल के साक्षी बनें। इसरो के यू-ट्यूब चैनल पर 80 लाख से ज्यादा लोगों ने इस घटना को देखा। इससे पता चलता है कि चंद्रयान-3 से करोड़ों भारतीयों का कितना गहरा लगाव है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर सरकार की ओर से आयोजित क्विज प्रतियोगिता का भी जिक्र किया और देशवासियों से इससे जुड़ने की अपील की।

# महिला आरक्षण और जनगणना के बीच कोई संबंध नहीं : राहुल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के समय को लेकर रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें महिला आरक्षण और दशकीय जनगणना या परिसीमन अभ्यास के बीच कोई संबंध नजर नहीं आता। श्री गांधी ने असम के एक मीडिया नेटवर्क के कार्यक्रम में कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आवंटित करके महिला आरक्षण विधेयक आज लागू किया जा सकता है। राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से हिस्सा नहीं ले रही हैं, जिस तरह उन्हें लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें (महिलाओं को) राजनीति में भाग लेने में मदद करने का सबसे बड़ा कार्य कांग्रेस पार्टी द्वारा पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करके किया गया था। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब हम पंचायती

**कहा- लोस और विस में 33 फीसदी सीटें आज ही लागू की जा सकती हैं**



राज में महिला आरक्षण को पारित कराने की कोशिश कर रहे थे तो भाजपा ने इस मुद्दे पर हमारा विरोध किया। ऐसे में महिला सशक्तिकरण में किसकी रुचि है, यह बहुत स्पष्ट है। भाजपा पर ध्यान भटकाने वाली रणनीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब पिछले अनुभवों से सीख लिया है कि इससे कैसे निपटना है। उन्होंने कहा कि हमने सीख लिया है कि भाजपा की ध्यान भटकाने वाली रणनीति से कैसे निपटना है। कर्नाटक चुनाव में, हमने एक स्पष्ट दृष्टिकोण दिया और अब हम बयान पर नियंत्रण रखते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे क्या करने की कोशिश करते हैं।

# कंगना रनौत की फिल्म चंद्रमुखी 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म चंद्रमुखी 2 का ट्रेलर हिंदी में रिलीज हो गया है। पी वासु के निर्देशन में बनी फिल्म चंद्रमुखी 2 वर्ष फिल्म 2005 में प्रदर्शित चंद्रमुखी की अगली कड़ी है। कंगना इस फिल्म में डांसर चंद्रमुखी के रोल में हैं। राघव लॉरेंस राजा वेट्टैयान राजा की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म तमिल, हिंदी ,तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी। अब इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। चंद्रमुखी 2 के हिंदी ट्रेलर में सबसे पहले एक शख्स चंद्रमुखी के 17 साल पहले की कहानी एक परिवार को बताते हुए दिखाई देता है। इस ट्रेलर में कंगना की सिर्फ एक झलक दिखाई गई है। इसके



बाद एक्शन के साथ राघव लॉरेंस की एंट्री होती है, जो इस परिवार को चंद्रमुखी से बचाएगा। इस ट्रेलर में कंगना, राजा वेट्टैयन के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका में दिखाई दे रही हैं।फिल्म 'चंद्रमुखी 2' 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फिल्म अमर अकबर एंथनी के लेखक प्रयाज राज का निधन



**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक प्रयाग राज का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया है। उन्हें महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत ह्यअमर अकबर एंथनी, ह्यनसीब और कूली जैसी फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाना जाता है। वह 88 साल के थे। उनके बेटे आदित्य के मुताबिक, लेखक का शनिवार शाम उनके बांद्रा स्थित आवास पर निधन हो गया। आदित्य ने बताया कि उनका बांद्रा स्थित उनके आवास पर शनिवार शाम चार बजे निधन हो गया। उन्हें आठ से दस साल से कई बीमारियां थीं जिनमें हृदय रोग और उम्र से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। राज ने बच्चन की नसीब, सुहाग और कुली और मर्द की कहानी लिखी थी। उन्होंने लेखक के तौर पर 100 से अधिक फिल्मों की कहानी लिखी जबकि कुछ फिल्मों के लिए गाने भी लिखे। उन्होंने राजेश खन्ना की रोटी, धर्मेंद्र-जीतेंद्र की धरम वीर और अमर अकबर एंथनी की पटकथा में योगदान देने के अलावा, बच्चन, रजनीकांत और कमल हासन- अभिनीत गिरफ्तार की भी कहानी लिखी थी।

# आठ कंपनियों का मार्केट कैप 2.28 लाख करोड़ घटा

**एचडीएफसी और रिलायंस को सबसे अधिक नुकसान**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,28,690.56 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,829.48 अंक या 2.69 प्रतिशत के नुकसान में रहा। नेशनल स्टॉक का निफ्टी 518.1 अंक 2.56 प्रतिशत टूटा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार

**▸▸ आइसीआइसीआइ, इन्फोसिस, आइटीसी, एसबीआइ, एयरटेल और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में गिरावट**

पूंजीकरण 99,835.27 करोड़ रुपये के नुकसान से 11,59,154.60 करोड़ रुपये पर आ गया। पिछले सप्ताह कंपनी के शेयर में करीब आठ प्रतिशत की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 71,715.6 करोड़ रुपये घटकर 15,92,661.42 करोड़ रुपये रह गई। कंपनी का शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 29,412.17 करोड़ रुपये टूटकर 6,65,432.34 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 12,964.55 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,10,759.01 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 6,744.34 करोड़ रुपये घटकर 6,20,893.53 करोड़ रुपये रह गई। आईटीसी का मूल्यांकन 6,484.52 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,52,680.92 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 1,266.37 करोड़ रुपये घटकर 4,52,773 करोड़ रुपये तथा एसबीआई की 267.74 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,33,781.04 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 2,913.49 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,83,239.04 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 1,024.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 13,18,228.14 करोड़ रुपये रही। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

# कृत्रिम फूलों से बन रहा पंडाल

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धुर्वा में इस बार कृत्रिम फूलों से तैयार काल्पनिक पंडाल राजधानी के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। पंडाल बनाने के लिए बंगाल के कारीगर दिन-रात लगें हुए है। इस बार लाइट सज्जा और पंडाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। मां दुर्गा की मूर्ति 15 फीट की होगी। मूर्ति का निर्माण मूर्तिकार पंकज के

**▸▸ श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धुर्वा : मां दुर्गा की प्रतिमा 15 फीट ऊंची होगी**

द्वारा बनाया जा रहा है। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 7 लाख रखा गया है।

समिति के द्वारा षष्ठी को जागरण, अष्टमी को सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नवमी को डांडिया का आयोजन किया जाएगा। यहां पूजा लगातार 60 वर्षो से होता आ रहा है। खास बात यह है की इस पूजा के आयोजन में महिलाओं की अहम भूमिका रहेगी। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रमोद



### सड़क की होगी सफाई और डस्ट डाला जायेगा : प्रमोद

पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि इसको लेकर हम लोगों ने स्थानीय प्रतिनिधियों से बात की है, प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि जल्द सड़क की सफाई और डस्ट डाल दिया जाएगा। ताकि मां के भक्तों को कष्ट नहीं हो।

कुमार,सचिव विकास कुमार एवं सूरज किशोर, कोषाध्यक्ष आदित्य कांत, संरक्षक सुनील कांत सहाय,संयोजक डॉ सुधाकर देव एव प्रभात कुमार राजन दिन-रात लगे हुए हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !